3 फरीदाबाद
कंगाल नगर निगमः मुफ्त के विज्ञापन, लापरवाही या भ्रष्टाचार

6 अभिमत
जम्मू-कश्मीर में मौजूदा राजनीति के मायने

8 देश/विदेश
हुवावे से संबंध रखने वाले देशों के साथ जानकारी साझा नहीं करेगा अमेरिका

11 स्पोर्ट्स
टीम के पास टी-20 विश्वकप जीतने का दमखमः हरमनप्रीत

RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 3 अंक 14
फरीदाबाद, मंगलवार, 18 फरवरी, 2020
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

पायनियर

www.pioneerhindi.com

करीना ने बॉलीवुड में 20 साल के अपने कॅरियर को एक संपन्न सफर कहा

फिल्मी-12

तीसरी बार डेथ वारंट जारी, तीन मार्च को होगी फांसी

निर्भया गैंगरेप केस

एजेंसी। नई दिल्ली

निर्भया गैंगरेप और हत्याकांड के चारों दोषियों को तीन मार्च को सुबह छह बजे फांसी दी जाएगी। पटियाला हाउस कोर्ट ने सोमवार को नया डेथ वारंट जारी कर दिया। इसके बाद निर्भया की मां आशा देवी ने कहा कि नए डेथ वारंट से बहुत खुश नहीं हूं। यह तीसरी बार जारी किया गया है। हमने काफी संघर्ष किया है। डेथ वारंट जारी होने पर मुझे संतुष्टि है। उम्मीद करती हूं कि तीन मार्च को चारों दोषी फांसी पर चढ़ेंगे।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश धर्मेंद्र राणा ने सुनवाई के बाद अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। सुनवाई के दौरान चारों दोषियों में मुकेश कुमार सिंह ने अदालत से कहा कि वह नहीं चाहता है कि अधिवक्ता वृंदा ग्रोवर उसकी पैरवी करें। तब अदालत ने वकील रवि काजी को उसका पक्ष रखने के लिए नियुक्त किया। अदालत को यह भी सूचित किया गया कि इस मामले का अन्य मुजरिम विनय शर्मा तिहाड़ जेल में भूख हड़ताल पर है। विनय के वकील ने अदालत से कहा कि जेल में उस पर हमला किया गया और उसके सिर में चोट आई है। विनय के वकील ने यह भी कहा कि वह गंभीर मानसिक बीमारी से ग्रस्त है इसलिए उसे फांसी नहीं दी जा सकती। तब अदालत ने तिहाड़ जेल के अधीक्षक को कानून के मुताबिक विनय का उपयुक्त ख्याल रखने का निर्देश दिया।

पवन के पास दया याचिका का विकल्प

दोषी पवन गुप्ता के वकील ने अदालत से कहा कि उनका मुवक्किल उच्चतम न्यायालय में सुधारात्मक याचिका और राष्ट्रपति के समक्ष दया याचिका दाखिल करना चाहता है। पवन गुप्ता चारों मुजरिमों में एकमात्र ऐसा मुजरिम है, जिसने अब तक सुधारात्मक याचिका दायर नहीं की है। यह किसी भी व्यक्ति के लिए आखिरी कानूनी विकल्प होता है, जिस पर चैंबर में निर्णय लिया जाता है। पवन गुप्ता के पास दया अर्जी देने का भी विकल्प है। अक्षय के वकील ने अदालत से कहा कि उन्होंने नई दया अर्जी तैयार की है, जिसे राष्ट्रपति को दिया जाएगा। अदालत निर्भया के माता-पिता और दिल्ली सरकार की अर्जियों पर सुनवाई कर रही है, जिनमें इस हत्याकांड के चारों मुजरिमों को फांसी पर चढ़ाने के लिए नई तारीख मुकर्रर करने की मांग की गयी है।

प्री बजट चर्चा में इनेलो विधायक अभय चौटाला ने उठाए सवाल

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

हरियाणा सरकार द्वारा सोमवार से पंचकूला में शुरू की गई विधायकों की प्री बजट चर्चा उस समय विवादों में घिर गई जब विपक्षी विधायकों ने दावा किया कि बजट प्रकाशित होने के बाद सरकार यह आयोजन करके केवल औपचारिकता पूरी कर रही है। कांग्रेस के विधायकों ने भी इस आयोजन की व्यवहारिकता पर सवाल उठा दिए।

हरियाणा सरकार ने सोमवार से विधायकों के साथ प्री बजट चर्चा का आयोजन शुरू किया है। यह चर्चा 19 फरवरी को समाप्त होगी। उसके बाद 20 फरवरी से विधानसभा का बजट सत्र शुरू होगा। सोमवार से शुरू हुई बजट चर्चा के दौरान इनेलो विधायक अभय चौटाला ने आयोजन पर सवाल उठाते हुए कहा कि बजट पुस्तिका का प्रकाशन हो चुका है। वित्त विभाग द्वारा उसे फाइनल रूप दिया जा चुका है। ऐसे में सरकार न केवल पैसा बर्बाद कर रही है, बल्कि विधायकों का समय बर्बाद करके आंखों में धूल झोंकने का काम किया जा रहा है।

इनेलो नेता ने कहा कि सोमवार की बैठक में एक विधायक पांच मिनट में क्या सुझाव दे सकता है और क्या उन सुझावों का बजट पर प्रभाव पड़ सकता है, जबकि बजट संबंधी तमाम कागजात लगभग पहले छप चुके हैं।

कांग्रेस विधायक बीबी बत्रा कार्यक्रम को बीच में ही छोड़कर बाहर आ गए और मीडिया से बातचीत में कहा कि सरकार सकारात्मक सुझाव सुनने के लिए तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि वह किसानों को दिए जाने वाले कर्ज और फसल बीमा योजना पर उठाना चाहते थे, लेकिन उन्हें बीच में रोक दिया गया। कांग्रेस विधायक गीता भुक्कल ने आयोजन की व्यवहारिकता पर सवाल उठाते कहा है कि बजट सत्र शुरू होने जा रहा है।

हुड्डा नहीं हुए शामिल

प्री बजट चर्चा में विपक्ष के नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा शामिल नहीं हो सके। कांग्रेस विधायक सोमवार सुबह पूर्व सीएम हुड्डा के आवास पर एकत्र हुए। इस बीच विधायक आफताब अहमद के पिता के निधन का समाचार आ गया, जिसके बाद विधायकों ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि भेंट की। इसके बाद हुड्डा प्री बजट चर्चा में शामिल होने की बजाए नूंह में खुर्शिद अहमद के निधन पर शोक व्यक्त करने के लिए चले गए।

बजट में शामिल होंगे विधायकों के सुझाव

प्री बजट चर्चा पर सवाल उठाने वाले विधायकों पर पलटवार करते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि विधायकों द्वारा दिए जाने वाले सुझाव व्यर्थ नहीं जाएंगे, उन्हें बजट में शामिल किया जाएगा। मनोहर लाल पहले दिन की प्री बजट चर्चा समाप्त होने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने बताया कि पहले दिन पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत कृषि, पशुपालन व डेयरी, बागवानी तथा मत्स्य पालन सेक्टर में सुधार, प्राइमरी से लेकर उच्चतर शिक्षा के साथ-साथ तकनीकी शिक्षा और आईटीआई में सुधार को लेकर विधायकों ने अपनी बात रखी है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक विधायक को सुझाव देने के लिए पांच मिनट का समय दिया गया है। पहले दिन विधायकों के 71 सुझाव आए हैं, जिनमें बहुत से सुझाव सकारात्मक और प्रदेश के हित में हैं। जिन्हें बजट में शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 26 फरवरी के आसपास बजट आने की संभावना है। ऐसे में सरकार के पास बजट संशोधन के लिए पूरा समय है।

मौसम फरीदाबाद
अधिकतम 22.09°C
न्यूनतम 12.01°C

क्विक न्यूज

जूनियर पुरुष विश्वकप 2021 की मेजबानी करेगा भारत

लुसाने। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने सोमवार को घोषणा की कि भारत अगले साल होने वाले जूनियर पुरुष विश्वकप का मेजबान होगा। यह दूसरी बार है जब भारत इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा। इससे पहले 2016 में भी उत्तर प्रदेश के लखनऊ में इस टूर्नामेंट का आयोजन किया गया था और तब भारत चैंपियन बना था। एफआईएच ने कहा कि प्रतियोगिता 2021 के अंत में खेली जाएगी, लेकिन इसके आयोजन स्थल और असल तारीखों की घोषणा बाद में की जाएगी।

पश्चिम बंगाल के पर्यटक गंगा में फंसे, सकुशल बचाए

देहरादून। पश्चिम बंगाल के तीन पर्यटक गंगा नदी में अचानक जलस्तर बढने से एक टापू पर फंस गए। हालांकि, पुलिस की मुस्तैदी से तीनों को सकुशल बचा लिया गया। मुनि की रेती थाने के प्रभारी इंस्पेक्टर आर के सकलानी ने बताया कि सूचना मिलने पर जब पुलिस टीम पूर्णानंद घाट पहुंची तो देखा कि तीनों पर्यटक गंगा में टापू पर फंसे हुए हैं। उन्होंने बताया कि लाइफ जैकेट पहने हुए पुलिस के तैराक राफ्ट से तत्काल टापू पर पहुंचे और रस्सियों की सहायता से उन्हें नदी किनारे तक ले कर आए।

सीएए के विरोध में 154 प्रमुख नागरिकों का पत्र

नई दिल्ली। नागरिकता संशोधन कानून (सीएए), राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) और राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) के समर्थन में पूर्व न्यायाधीशों, नौकरशाहों, सशस्त्र बल अधिकारियों और शिक्षाविदों सहित 154 प्रमुख नागरिकों ने राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को पत्र लिखा है। इन प्रबुद्ध नागरिकों ने पत्र में कहा है कि सीएए, एनपीआर और एनआरसी के खिलाफ देश को नुकसान पहुंचाने के लिए एक डिजाइन के साथ गलत और प्रेरित अभियान चलाया जा रहा है।

370 हटाने की आलोचक ब्रिटिश सांसद को वापस भेजा

नई दिल्ली। भारत ने ब्रिटिश सासंद और लेबर पार्टी की नेता डेबी अब्राहम्स को सोमवार को इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उतरने के बाद देश में प्रवेश करने से रोक दिया। वह दो दिन की यात्रा के लिए भारत पहुंची थीं। उनकी सहयोगी हरप्रीत उपल ने न्यूज एजेंसी को बताया कि एयरपोर्ट पर अधिकारियों ने उनके वैध भारतीय वीजा को अस्वीकार कर दिया।

स्पेशल पेज-10

विज्ञापन के लिए करें संपर्क
Rakesh Kapoor 9582468441

सेना में महिला अफसरों को स्थायी कमीशन दे सरकार

सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

एजेंसी। नई दिल्ली

सत्रह साल लंबी कानूनी लड़ाई के बाद थलसेना में महिलाओं को बराबरी का हक मिलने का रास्ता साफ हो गया है। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक अहम फैसले में कहा कि उन सभी महिला अफसरों को तीन महीने के अंदर आर्मी में स्थाई कमीशन दिया जाए, जो इस विकल्प को चुनना चाहती हैं।

अदालत ने केंद्र की उस दलील को निराशाजनक बताया, जिसमें महिलाओं को कमांड पोस्ट न देने के पीछे शारीरिक क्षमताओं और सामाजिक मानदंडों का हवाला दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद अब आर्मी में महिलाओं को पुरुष अफसरों से बराबरी का अधिकार मिल गया है। अभी तक आर्मी में 14 साल तक शॉर्ट सर्विस कमीशन (एसएससी) में सेवा दे चुके पुरुष सैनिकों को ही स्थाई कमीशन का विकल्प मिल रहा था, लेकिन महिलाओं को यह हक नहीं था। वायुसेना और नौसेना में महिला अफसरों को स्थाई कमीशन मिल रहा है। फैसला जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की बेंच ने सुनाया।

तीन सबसे अहम बातें

स्थायी कमीशन : शॉर्ट सर्विस कमीशन के तहत आने वाली सभी महिला अफसर स्थाई कमीशन की हकदार होंगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि शॉर्ट सर्विस कमीशन के तहत 14 साल से कम और उससे ज्यादा सेवाएं दे चुकीं महिला अफसरों को परमानेंट कमीशन का मौका दिया जाए।

कॉम्बैट रोल : महिलाओं को कॉम्बैट रोल देने का फैसला सुप्रीम कोर्ट ने सरकार और सेना पर छोड़ा है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जंग में सीधे शामिल होने वाली जिम्मेदारियां (कॉम्बैट रोल) में महिलाओं की तैनाती नीतिगत मामला है। दिल्ली हाईकोर्ट ने भी यही कहा था। इसलिए सरकार को इस बारे में सोचना होगा।

कमांड पोस्टिंग : सुप्रीम कोर्ट ने कहा है, थलसेना में महिला अफसरों को कमांड पोस्टिंग नहीं देने पर पूरी तरह से रोक लगाना बेतुका है और बराबरी के अधिकार के खिलाफ है। महिलाओं को कमांड पोस्टिंग का अधिकार मिले। कमांड पोस्टिंग यानी किसी यूनिट, कोर या कमान का नेतृत्व करने वाली पोस्टिंग।

उत्तरकाशी में सड़क दुर्घटना में छह की मौत

देहरादून। उत्तराखंड में उत्तरकाशी जिले के नालूपानी क्षेत्र में सोमवार को एक कार खड्ढे में गिरने से उसमें सवार दो बच्चों समेत छह की मौत हो गई, जबकि एक बच्चे की तलाश अभी जारी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, सूचना मिलने पर एसडीआरएफ और पुलिस की संयुक्त टीम ने तलाशी और बचाव अभियान चलाया तथा मौके से छह शव बरामद किए। मरने वालों में दो बच्चे और दो महिलाएं भी शामिल हैं जबकि एक बच्चे की तलाश जारी है।

राजस्थान के छह व्यक्तियों की हिसार हादसे में मौत

चंडीगढ़ । हिसार में नारनौंद-उचाना मार्ग पर राखीगढ़ी व खेड़ी चौपटा के बीच सोमवार सुबह शादी समारोह से लौट रहे राजस्थान के गांव सिलवाला कलां जिला हनुमानगढ़ के चार लोगों सहित छह बारातियों की सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसे में छह बाराती गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनको इलाज के लिए सिविल अस्पताल हांसी में दाखिल कराया गया है।

सभी चूलीखुर्द गांव में भात में शामिल होकर शादी समारोह के लिए रवाना हुए। वहां से लौटते समय राखीगढ़ी और खेड़ी चोपटा के बीच खड़े खराब ट्रक से इको कार की टक्कर हो गई। इसमें इको कार चालक दिनेश निवासी मिलकपुर की मौके पर मौत हो गई। हादसे में ओमप्रकाश, सोहन लाल, सचिन व कुलदीप व अन्य मृतक भूपेंद्र की पहचान तलवाड़ा जिला हनुमानगढ़ के रूप में हुई है।

विशेषज्ञों ने हर्बल दवाओं के प्रभाव को स्वीकार किया

एजेंसी। नई दिल्ली

भारत और विदेश के विशेषज्ञों ने हृदय रोगों, मधुमेह और मस्तिष्काघात जैसे गैर-संचारी रोगों के इलाज में हर्बल दवाओं के प्रभाव को स्वीकार किया है। विशेषज्ञों ने यहां संपन्न तीन दिवसीय वैश्विक सम्मेलन में जीवनशैली से जुड़े रोगों से निपटने के लिए हर्बल दवाओं के प्रभाव को माना।

जामिया हमदर्द द्वारा यहां सोसाइटी फॉर एथनोफार्माकोलॉजी की सातवीं अंतरराष्ट्रीय कांग्रेस का आयोजन किया गया, जहां विशेषज्ञों और प्रतिनिधियों ने पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली की क्षमता और इसके सामने आने वाली चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया। आयुष मंत्रालय और जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा समर्थित इस कार्यक्रम में कनाडा, नाइजीरिया, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया जैसे लगभग 40 देशों के 60 से अधिक विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार हृदय रोग, कैंसर, मधुमेह और श्वसन संबंधी बीमारियां अब वैश्विक हैं और इनसे गरीब सबसे अधिक पीड़ित हैं।

तलाक पर भागवत का बयान संस्कारी नहीं अहंकारी है : कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने शिक्षित एवं संपन्न परिवारों में तलाक के मामले अधिक होने से जुड़े आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के एक बयान की आलोचना करते हुए सोमवार को कहा कि यह बयान संस्कारी नहीं, बल्कि अहंकारी है। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने संवाददाताओं से कहा कि यह बयान बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। इसकी जितनी निंदा की जाए वह कम है। क्या संघ परिवार और भाजपा यह चाहते हैं कि इस देश के सभी लोग गरीब और अनपढ़ बन जाएं? इस प्रकार की दकियानुसी मानसिकता न समाज के लिए और न ही सरकार के लिए सही है।

पाकिस्तान जा रहे चीनी जहाज की दोबारा जांच करेगा डीआरडीओ

एजेंसी। गांधीधाम

पाकिस्तान जा रहे चीनी जहाज 'द कुइ युन' को कस्टम विभाग की टीम ने दो सप्ताह पहले गुजरात के कांडला बंदरगाह के पास रोका था। इस जहाज में कथित तौर पर परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम मिसाइल को लॉन्च करने वाले उपकरण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा मिला है।

पता चला है कि रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के वैज्ञानिकों की एक टीम पहले ही जांच कर चुकी है और सोमवार को एक और टीम इसकी जांच करेगी। जहाज पर हॉन्ग कॉन्ग का झंडा लगा था। इसने चीन के जियांगयिन बंदरगाह से कराची के मोहम्मद बिन कासिम बंदरगाह के लिए गत 17 जनवरी को यात्रा शुरू की थी। कस्टम अधिकारियों ने जहाज को 3 फरवरी को कांडला बंदरगाह पर रोका और इसकी जांच की। जांच के बाद कंडला बंदरगाह और कस्टम के अधिकारियों की तरफ से कोई टिप्पणी नहीं आई है।

बताया जा रहा है कि खुफिया सूचना के आधार पर इस जहाज को रोका गया है। इस पर अधिकारियों को इसलिए भी शक हुआ क्योंकि, जहाज पाकिस्तान के जिस कासिम बंदरगाह पर जा रहा था, वह पाकिस्तान का परमाणु कार्यक्रम विकसित करने वाली संस्था सुपारको के पास हैं। इसमें चालक दल समेत कुल 22 लोग सवार हैं।

हवाला गिरोह के सोना तस्करी का पर्दाफाश

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कुछ शहरों में एक कथित सोना तस्करी हवाला गिरोह से जुड़े सर्राफा कारोबारियों के ठिकानों पर छापे मारे और 3.75 करोड़ की बेहिसाब नकदी और 39 किग्रा सोना-चांदी जब्त किया है। ईडी ने विदेशी विनिमय प्रबंधन कानून (फेमा) के प्रावधानों के तहत जयपुर, कोलकाता और चेन्नई में विभिन्न ठिकानों पर छापे मारे। ईडी को विश्वस्त सूत्रों से जानकारी मिली थी कि जयपुर के महाराजा ज्वैलर्स भगवती ज्वैलर्स और लाडीवाला एसोसिएट्स चेन्नई के हर्ष बोथरा और बांका बुलियन्स प्राइवेट लिमिटेड आदि से तस्करी की सोने की छड़ें खरीद रहे थे।

नहीं रहे मेवात के नेहरू, जनाजे में उमड़ा खास-ओ-आम का सैलाब

मलिक असगर हाशमी। नूंह

1934-2020

राजनीतिक सफर

- 1962 संयुक्त पंजाब में पहली बार विधायक
- 1968,1972,1977 और 1987 में विधायक
- 1989 में सांसद चुने गए

एक बार सांसद और पांच बार विधायक रहे मेवात की सियासत के दूसरे सिरमौर चौधरी खुर्शीद अहमद का सोमवार सुबह लंबी बीमारी के बाद देहांत हो गया। वे काफी समय से फरीदाबाद के एशियन अस्पताल में भर्ती थे। उन्हें सुपुर्द-ए-खाक करने के लिए हरियाणा और केंद्र के कई दिग्गज सियासी शख्सियत सहित मेवात इलाका उमड़ पड़ा।

शिक्षा एवं विकास के बूते राजनीति की लंबी पारी खेलने के कारण चौधरी खुर्शीद को 'मेवात का नेहरू' कहा जाता है। चौधरी तैयब हुसैन और चौधरी खुर्शीद हरियाणा के दो बड़े सियासी चेहरे रहे हैं। चौधरी तैयब का इंतकाल हुए लंबा समय बीत चुका है। सोमवार को चौधरी खुर्शीद अहमद ने भी दुनिया को अलविदा कह दिया। उनके जाने से मेवात की सियासी की एक पीढ़ी समाप्त हो गई। खुर्शीद के पिता कबीर अहमद भी विधायक रहे हैं।

नहीं की ओछी राजनीति

खुर्शीद अहमद ने कभी ओछी राजनीति नहीं की। इस कारण उनके विरोधी भी उनके कायल रहे। उनके स्वर्गवास की खबर सुनते ही उनके पुत्र और पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी बिरेंद्र सिंह उनके अंतिम दर्शन करने पहुंचे। उनके अलावा कांग्रेस महासचिव गुलाम नबी आजाद, पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कुमारी शैलजा, करण दलाल सहित सूबे के बड़ी सियासी चेहर उन्हें श्रद्धांजलि देने नूंह पहुंचे। दोपहर करीब तीन बजे उन्हें नूंह में उनके आवास के पास सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। उनके सुपुर्द-ए-खाक में इलाके के सभी धर्मों, समुदाय के लोग भारी तादाद में पहुंचे।

छात्र नेता की हैसियत से राजनीति में कदम रखने वाले खुर्शीद अहमद दिल्ली यूनिवर्सिटी के छात्र संघ के अध्यक्ष भी रहे हैं। उसके बाद उन्होंने मुख्यधारा की सियासत में हाथ आजमाना शुरू किया। खुर्शीद हरियाणा के वित्त, शिक्षा एवं स्वास्थ्य जैसे अहम मंत्रालय संभाल चुके हैं। 2000 के विधानसभा चुनाव में नूंह सीट से चौधरी तैयब हुसैन से 9434 वोट से मात खाने के बाद उन्होंने मुख्यधारा की राजनीति से किनारा कर लिया। फिर उनकी तबियत खराब रहने लगी, वे राजनीति से धीरे-धीरे दूर होते चले गए। उनके बाद बड़े बेटे आफताब अहमद उनकी राजनीतिक विरासत आगे बढ़ा रहे हैं। अभी वह नूंह से कांग्रेसी विधायक हैं। हुड्डा सरकार में आफताब परिवहन मंत्री भी रहे थे। खुर्शीद के दो और पुत्र हैं माहताब और अंजुम अहमद। एक पुत्री है रूखसाना।

शिक्षा, स्वास्थ्य और उद्योग के क्षेत्र में किया काफी काम

चौधरी खुर्शीद को मेवात का नेहरू यूं ही नहीं कहा जाता। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य और उद्योग के क्षेत्र में काफी काम किया है। सबसे पहले मेवात के नगीना में प्राइवेट कॉलेज खोला था, जिसे बाद में सरकार को सुपुर्द कर दिया। उनके प्रयासों से प्रदेश का पहला जेबीटी कॉलेज फिरोजपुर नमक में खोला गया। हथीन का पॉलिटेक्निक कॉलेज इनकी ही देन है। हथीन और रोजका मेवा में इंडस्ट्रियल की स्थापना खुर्शीद अहमद के प्रयासों से हुई है। इसके अलावा हेल्थ मिनिस्टर रहते उन्होंने मेवात में कई प्राथमिक हेल्थ सेंटर और अस्पताल स्थापित करवाए। नलहड़ में मेडिकल कॉलेज और नगीना में बड़ा अस्पताल खुलवाने में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से इनकी अहम भूमिका थी। जब तक मुख्यधारा की राजनीति में रहे मेवात के युवाओं को रोजगार दिलवाने में भरपूर सहयोग दिया।

रकम न लौटाने पर सूदखोरों ने व्यक्ति को दे दिया जहर

पता चलते ही परिजनों ने उसे बेहोशी की हालत में अस्पताल में दाखिल करवाया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

उधार में ली गई रकम चुका न पाने पर नरहावली गांव में रहने वाले तीन सूदखोर भाईयों ने एक व्यक्ति को साजिश के तहत कोल्ड ड्रिंक में जहर मिलाकर पिला दिया। पता चलते ही परिजनों ने उसे बेहोशी की हालत में अस्पताल में दाखिल करवा दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना छांयसा में दर्ज मामले के मुताबिक नरहावली गांव निवासी सुरजीत उर्फ कालू ने अपनी शिकायत में कहा है कि वह गांव में ही खेती-बाड़ी करने का काम करता है। इसलिए उसकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है। इस वजह से उसे अन्य लोगों से अक्सर पैसा उधार लेना पड़ जाता है। करीब छह साल पहले उसे रुपयों की जरूरत पड़ गई थी। उस समय उसने गांव में ही रहने वाले सुखवीर से डेढ़ लाख रुपये मोटे ब्याज पर उधार लिया था, जिसका वह फसल और अन्य संसाधनों से उसका ब्याज चुकाता आ रहा था। कुछ समय पहले उसने आर्थिक हालत ठीक न होने के कारण सुखवीर को ब्याज देना बंद कर दिया। इसे लेकर सुखवीर और उसके भाई प्रकाश व ओमकार ने तकादा करना शुरू कर दिया। सुरजीत ने उन्हें कहा कि वह जल्द ही उनका ब्याज चुकता कर देगा, लेकिन आरोपी उसे लगातार धमकी देने लगे।

पीड़ित का कहना है कि 14 फरवरी को वह अपने घर पर मौजूद था। तभी आरोपी तीनों भाई उसे बहाने से अपने ट्यूबवैल पर बुलाकर ले गए। आरोप है कि तीनों ने उसे ट्यूबवैल पर जाते ही पीने के लिए कोल्ड ड्रिंक दे दी। मना करने के बाद भी आरोपियों ने उसे जबरन कोल्ड ड्रिंक पिला, जिसे पीकर वह बेहोश होकर वहीं पर गिर गया। परिवार के लोगों को जब उसकी बेहोशी के बारे में पता चला, तो उन्होंने उसे सेक्टर आठ स्थित एक निजी अस्पताल में दाखिल करा दिया। मामले की जांच कर रहे एएसआई नरेंद्र ने बताया कि तीनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

सीपी से साइबर क्राइम रोकने की मांग

फरीदाबाद। सेक्टर 12 स्थित जिला न्यायालय के वकील कुलदीप जोशी के खाते से साइबर क्राइम द्वारा फ्राड करके 40 हजार रुपए निकाल लिए गए। इस पर सैकड़ों वकीलों ने सोमवार को पुलिस कमिश्नर से बढ़ रहे साइबर क्राइम और धोखाधड़ी की शिकायत की। वरिष्ठ अधिवक्ता शिवदत्त वशिष्ठ ने कहा कि आए दिन वकीलों के रुपए साइबर क्राइम के माध्यम से निकल रहे हैं और अभी तक किसी भी वकील को साइबर क्राइम द्वारा उसके खाते से निकाले गए पैसे वापिस नहीं मिले हैं। पुलिस को सख्त कार्यवाही करनी चाहिए। आम व्यक्ति के साथ वकील भी अपने खाते में रूपये जमा कराने से डर रहे हैं। शिकायतकर्ता कुलदीप जोशी ने कहा कि उनका खाता एसबीआई बैंक में खुला हुआ है और उनके खाते से सेक्टर 17 के एटीएम और पांच नंबर के खाते से रुपऐ निकाले गये है। रुपए निकलने का कोई मैसेज भी नहीं आया और पासबुक की एंट्री करवाने पर इसका पता चला। इस मौके पर सतबीर शर्मा, सतीश चौहान, दीपक गौड़, चंद्रपाल सैनी, सतपाल नागर, मुबीन खान, विजय यादव, करन सिंह मौजूद रहे।

कांग्रेसी नेता के परिवार पर हमला एसीपी से मिले नाराज कांग्रेसी

दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही करने की मांग

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अनिल कुमार के परिवार पर हुए जानलेवा हमले को लेकर सोमवार को जिले के कांग्रेसी नेता पुलिस कमिश्नर कार्यालय में पहुंचे, जहां पुलिस कमिश्नर की अनुपस्थिति में कांग्रेसियों ने एसीपी राजेश कुमार से मुलाकात की और इस मामले में दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही करने की मांग की।

कांग्रेसियों ने इस घटना की निंदा करते हुए एसीपी से कहा कि इस प्रकार कांग्रेसी नेताओं पर हमले होना भाजपा सरकार की सुरक्षा की पोल खोलता है और आज जिस प्रकार की कानून व्यवस्था जिले व प्रदेश की है, उसमें कोई सुरक्षित नहीं है। हर व्यक्ति अपने जानमाल की सुरक्षा को लेकर चिंतित है। कांग्रेसियों ने कहा कि अनिल शर्मा के परिवार पर हमला कोई पहली बार नहीं हुआ, बल्कि उक्त दोषी पहले भी उनके घर पर हमला कर चुके हैं, लिहाजा पुलिस को इस मामले में कड़ी कार्यवाही करनी चाहिए।

एसीपी राजेश कुमार ने कांग्रेसियों की बातों को ध्यान से सुनने के बाद तुरंत थाने के एसएचओ व आईओ को इस मामले में कड़े निर्देश देते हुए कहा कि वह जल्द से जल्द दोषियों को गिरफ्तार कर और अनिल शर्मा के घर पर पुलिस गश्त करें, ताकि हमलावर दोबारा हमला करने का दुस्साहस न कर सके। इस मौके पर कांग्रेस के प्रांतीय सचिव एवं प्रदेश प्रवक्ता सुमित गौड़, प्रदेश महासचिव बलजीत कौशिक, प्रवक्ता पराग शर्मा, चेयरमैन डॉ. एसएल शर्मा, अनीशपाल, सुरेंद्र सिंह, सुरेंद्र जायसवाल, संजय सोलंकी, अशोक रावल, रामजी लाल, रूपा गौतम, प्रियंका, पूनम राघव, पुरुषोत्तम लाल, सुरेश आर्य, रामगोपाल, बिजेंद्र मावी, अनिल शर्मा, विपिन कुमार, प्रेम सिंह सहित अनेक कांग्रेसी उपस्थित थे।

संक्षिप्त समाचार

गायों को जेलों में भेजो, कैदियों के साथ रहेंगी : सीमा त्रिखा

फरीदाबाद। बड़खल की भाजपा विधायक सीमा त्रिखा ने कृषि एवं किसान, पशुधन, डेयरी एवं मत्स्य पालन परिचर्चा पर आधारित बजट प्री-चर्चा के प्रथम दिन मुख्यमंत्री मनोहर लाल को सुझाव दिया कि यदि हरियाणा में आवारा घूम रहे सभी पशुओं को हरियाणा की कई-कई एकड़ क्षेत्रफल में स्थित जेलों में भेज दिया जाए और इनके कान पर रजिस्ट्रेशन टैग लगाया जाए, तो जेलों के कैदियों को इनकी सेवा करने का मौका मिलेगा, जिससे उनके हृदय के भाव भी परिवर्तित होंगे तथा कई लाभ होंगे। गोधन से मिलने वाले गोमूत्र का औषधि में उपयोग होगा। गाय गोबर के उपले पूजन के लिए बेचे जा सकते हैं। शमशान घाटों में लकड़ी के स्थान पर उपलों का प्रयोग करके वन संपदा को बचाकर पर्यावरण संरक्षण किया जा सकता है। सीमा त्रिखा ने शिक्षा पर फोकस करते हुए पहली प्राथमिकता बाल-श्रम रोकने की बताई। इसके तहत किसी भी राज्य से आए बच्चों को सरकारी स्कूलों में दाखिल करके उनकी शिक्षा का प्रबंध किया जाए। सीमा त्रिखा ने कहा कि बच्चों के लिए बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर बनाया जाए और आने वाले में समय में शिक्षा क्षेत्र में व्यय होने वाली राशि को भी बढ़ाया जाए।

कारपेंटर पर गोली चलाने वाला एक आरोपी गिरफ्तार

फरीदाबाद। गांव फतेहपुर बिल्लोच में रविवार शाम एक कारपेंटर को जान से मारने की नीयत से गोली चलाने वाले दो बाइक सवारों में से एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में नीमका जेल भेज दिया गया। दूसरे आरोपी की तलाश जारी है। फतेहपुर बिल्लौच निवासी लोकेश ने बताया कि गांव डीग के कमल ने दीपावली पर उसके साथ मारपीट की थी। रविवार को कमल उनके गांव आया था। जहां उसने उससे पूछा कि उसके साथ उसने क्यों मारपीट की थी। इस पर कमल नाराज हो गया और यह कह गया कि वह आधा घंटे में वापिस आएगा, इसके बाद उसे पत लग जाएगा कि आखिर उसने उसे क्यों गोली मारी। लोकेश का आरोप है कि कुछ समय बाद डीग निवासी कमल अपने दोस्त सतपाल के साथ बाइक पर आया और उस पर गोली चला दी। गोली चलते वह नीचे बैठ गया और उसकी जान बच गई। पुलिस ने इस संदर्भ में लोकेश के बयान पर कमल व उसके दोस्त सतपाल के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था।

जवाहर कॉलोनी और जनता कॉलोनी में बिजली गुल रहेगी

फरीदाबाद। जवाहर कॉलोनी में मंगलवार की सुबह 11.00 बजे से दोपहर को 4.00 बजे तक फीडर नंबर एक पूरी तरह से बंद रहेगा। इसलिए जवाहर कॉलोनी के शांति निकेतन स्कूल और जनता कॉलोनी के आस-पास की बिजली बंद रहेगी। बिजली विभाग के अधिकारियों का कहना है कि इस फीडर में कुछ खराबी आ गई है, जिसे ठीक करने में समय लग सकता है।

तेलंगाना की संस्कृति से रूबरू हुई छात्राएं

फरीदाबाद। सेक्टर 16ए स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय में मानव संसाधान विकास मंत्रालय की ओर से शुरू किए गए एक भारत, श्रेष्ठ भारत अभियान के तहत ईबीएसबी दिवस मनाया गया। इसके तहत तेलंगाना की संस्कृति पर आधारित फोटो फीचर प्रतियोगिता का शुभारंभ प्राचार्य नम्रता शर्मा ने किया। उन्होंने छात्राओं को एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के साथ जुड़ने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा क सरकार द्वारा तेलंगाना एवं हरियाणा प्रदेश की आपसी संस्कृति को सांझा करने के लिए इस कार्यक्रम की शुरूआत की है, जिसमें दोनों प्रदेश के प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों को एक दूसरे की संस्कृति जानने का अवसर मिलेगा। इससे भारतीय संस्कृति को एकरूपता मिलेगी। ईबीएसबी नोडल ऑफिसर डॉ. रचना सैनी ने बताया कि अभियान के लिए 50 छात्राओं ने नामांकन करवाया है, जो हर महीने ईबीएसबी क्लब द्वारा आयोजित होने वाली गतिविधियों में भाग लेंगी। उन्होंने बताया कि हर माह के तीसरे शनिवार को एक भारत श्रेष्ठ भारत दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस बार छात्राओं के लिए तेलंगाना फोटो फीचर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें दस छात्राओं ने हिस्सा लिया। तेलंगाना के खानपान, पहनावा, तीर्थस्थल, लोकनृत्य आदि विषयों पर फोटो फीचर बनाए। इस अवसर पर प्राध्यापिका अमिता कुमारी, रीतिका गुप्ता एवं शालिनी खुराना मौजूद रही।

जीएसटी इनपुट क्रेडिट के लिए कर्ज देगी सिडबी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

सिडबी ने उद्यमियों की आवश्यकताओं और समस्याओं के समाधान के मद्देनजर कुछ नई योजनाओं की घोषणा की है। सिडबी लॉजिक स्कीम के तहत लंबित जीएसटी इनपुट क्रेडिट के विरुद्ध कर्ज देगा।

सिडबी द्वारा होटल पार्क प्लाजा में कस्टमर अवेयरनेस प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इसमें

फरीदाबाद और बल्लभगढ़ शाखाओं के अधिकारी और संबंधित ग्राहक शामिल हुए। लगभग 70 एमएसएमई उद्योगों के प्रबंधकों ने सिडबी की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी ली। सिडबी अधिकारियों ने योजनाओं का विस्तारपूर्वक उल्लेख करते हुए बताया कि सिडबी सफल योजना के तहत एचएसआईआईडीसी की भूमि पर औद्योगिक ढांचा खड़ा करने के लिए तथा स्पीड, स्पीड प्लस और प्रथम योजना के तहत तत्काल मशीन खरीद के लिए वित्ता पोषण करती है। सूक्ष्म उद्योगों और उनके उत्पादों के लिए 'मिशन' के तहत नई दिल्ली के इंदिरा गांधी नेशनल सेंटर ऑफ आर्ट्स में 14 से 20 फरवरी तक स्वावलंबन बाजार आयोजित किया जाएगा, जहां सूक्ष्म उद्योगों को मार्केट कनेक्ट, क्रेडिट कनेक्ट मिलेगा। कार्यक्रम में हाईफिट इंजीनियर्स के एमडी एचएल भूटानी, रवि भूषण खत्री, वीरभान शर्मा, पीएस सरना, सिडबी के जीएम एसएस आचार्य, डीजीएम पीएस मनोज आदि मौजूद रहे।

थैलासीमिकों के लिए ब्लड कैंप आयोजित

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

सोहना स्थित एमवीएन एथेन्स में मानवीय संवेदनाओं के प्रोत्साहन की श्रृंखला में रविवार को ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। ब्लड बैंक संत भगत सिंह महाराज चैरीटेबल हॉस्पिटल व प्रतिबद्ध भारती (फाउंडेशन अगेंस्ट थेलेसेमिया) ने 15 अनुभवी लोगों की टीम के साथ रक्तदान करवाया। इसमें 40 यूनिट ब्लड एकत्रित किया गया।

कैंप में मुख्यातिथि के तौर पर ब्रह्माकुमारी बहन, अल्का/जेडी अरोड़ा-ट्रस्टी व समाज सेवी विजय कुमार कंठा मौजूद रहे। कैंप का आयोजन सोसाइटी के कम्युनिटी सेंटर में किया गया। कंपनी के संस्थापक गोपाल शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। महिला निवासियों ने सर्वप्रथम पहल कर कैंप को गति प्रदान की। लेडी फ्लॉरेन्स स्कूल के कुछ बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कैंप के समापन पर कंपनी के चेयरमैन वरुण शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया और यह आश्वासन भी दिया कि मानवीय संवेदनाओं के प्रोत्साहन हेतु उनके कदम हमेशा ही अग्रसर रहे हैं और रहेंगे।

वस्तुस्थिति रिपोर्ट करेगी पटेल नगर के नसीब का फैसला

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

प्रेम नगर एवं पटेल नगर के लोगों के सिर पर लटकी तोड़फोड़ की कार्यवाही के मामले ने अब नया मोड़ ले लिया है। सिंचाई विभाग के एडीशनल चीफ सेक्रेटरी देवेंद्र सिंह ने गुरुग्राम नहर के किनारे बसे सात हजार मकानों की वस्तुस्थिति रिपोर्ट मांगी है। रिपोर्ट में कब और कितने मकान यहां बने हुए हैं, इसका ब्यौरा शामिल होगा।

सूत्रों के अनुसार सिंचाई विभाग द्वारा एडीशनल चीफ सेक्रेटरी के लिए जो रिपोर्ट तैयार की गई है, उसमें 1985 से मकानों को बना हुआ बताया गया है, जिससे प्रेम नगर एवं पटेल नगर के लोगों को फौरी राहत मिलती दिख रही है। सिंचाई विभाग के अधिकारी कह रहे हैं कि उच्च अधिकारियों के आदेश का इंतजार हैं, क्योंकि जब तक एडीशनल चीफ सेक्रेटरी या मुख्यमंत्री के आदेश नहीं आते, सिंचाई विभाग किसी भी तरह की कोई कार्यवाही नहीं करेगा।

गौरतलब है कि युवा कांग्रेसी नेता गौरव चौधरी ने पिछले दिनों उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के सामने इस मामले को उठाया था। जिसके बाद उन्होंने आश्वासन दिया था कि अगर सुप्रीम कोर्ट के आदेश नहीं हुए हैं, तो इन झुग्गियों को नहीं तोड़ा जाएगा। गौरव चौधरी ने कहा कि सिंचाई विभाग की रिपोर्ट में स्वयं उल्लिखित है कि ये झुग्गियां 35 वर्षों से अधिक समय से बसी हुई हैं और पानी, बिजली सहित सभी सुविधाएं यहां पर उपलब्ध हैं। ऐसे में सरकार का फर्ज बनता है कि इन झुग्गियों को न उजाड़ा जाए और कोई मजबूरी बनती है, तो सरकार इनको उजाड़ने से पहले इनको बसाने की व्यवस्था करे। गौरव चौधरी ने कहा कि गरीब एवं मजबूरों के हक की लड़ाई के लिए वे हर वक्त तैयार खड़े हैं और किसी भी सूरत में पीछे नहीं हटेंगे।

PUBLIC NOTICE

All concerned are informed that environmental clearance for Group Housing project of Standard Brands Limited in sector 31, Faridabad has been issued by SEIAA Haryana vide No. SEIAA/HR/2020/104 Dated 13-02-2020. The copy of EC letter will also be available on SEIAA, Haryana portal as well.

सार्वजनिक सूचना

यह है कि प्लाट नम्बर 40, शिवाय ओम्स एनक्लेव, डी.एल.एफ. फेस-1 जो कि श्री संजय गोयल (एच.यू.एफ.) पुत्र श्री के.एल.गोयल निवासी 104/51, शिवाय ओम्स अपार्टमेन्ट्स के नाम से रजिस्टर्ड था। उनका देहान्त दिनांक 20.10.1998 हो चुका है तथा उन्होंने एक रजिस्टर्ड वसीयतनामा श्री राघव गोयल के नाम से किया था। उसके आधार पर डी.एल.एफ. के रिकार्ड में श्री राघव गोयल का नाम दर्ज किया जाना है। अतः किसी भी व्यक्ति/संस्था/आदि को कोई आपत्ति हो तो वह 21 दिन के अन्दर-अन्दर मैसर्स डी.एल.एफ. लिमिटेड से सम्पर्क करें अन्यथा उक्त प्रोपर्टी श्री राघव गोयल के नाम दर्ज कर दी जायेगी।

THE KANGRA CO-OPERATIVE BANK LTD.
C-29, Community Centre, Pankha Road, Janakpuri, New Delhi-110058
Phone : 011-25611041, 25611042, 25611043, 25611044
Email: legal@kangrabank.com, legal1@kangrabank.com Website : www.kangrabank.com

APPENDIX IV
[See rule 8(1)]
POSSESSION NOTICE
(For immovable property)

Whereas, The undersigned being the Authorised officer of **"The Kangra Co-operative Bank Ltd."**, Head office at C-29 Community Centre, Pankha Road, Janak Puri, New Delhi - 110058, having its registered office at 1916, Chuna Mandi, Pahar Ganj, New Delhi-110055, under the Securitisation and Reconstruction of the Financial Assets & Enforcement of Security Interest Act, 2002, and in exercise of powers conferred under section 13(12) read with rule 9 of the Security Interest (Enforcement) Rules, 2002, the Bank had issued a demand notice on dated: 28-12-2017, calling upon the borrower Sh. Raj Kumar S/o. Sh. Rishal Singh R/o. H.No.224, Gali No. 2, Arjun Mohalla Maujpur, Delhi-110053, and C/o. BSES, YPL (DVB), 35 KV, Dwarkapuri, Sub Station Shahdara, Near Sham Lal College, Delhi-110032 and calling upon the Mortgagor Smt. Pushpa Devi W/o. Sh. Raj Kumar, R/o. H.No. 224, Gali No.2, Arjun Mohalla Maujpur, Delhi-110053, to repay the amount mentioned in the notice being ₹15,66,901/- (Rupees Fifteen Lakhs Sixty Six Thousand Nine Hundred One Only), together with further interest, penal interest and other charges as are applicable to this Loan account from time to time, from the date of the notice till the date of payment, with in 60 days from the date of receipt of the notice.

The above mentioned borrower/mortgagor/surety having failed to repay the amount, notice is hereby given to the borrower and the public in general that the Bank has taken possession of the property described here in below in exercise of powers conferred under section 13(4) of the said Act read with rule 9 of the said rules, on this 15th day of February 2020.

The borrower/mortgagor/surety in particular and the public in general is hereby cautioned not to deal with the mortgaged property and any dealings with the property will be subject to the charge of **"The Kangra Co-operative Bank Ltd."**, for an amount of ₹15,66,901/- together with further interest, penal interest and other charges as are applicable to this Loan account from time to time, from the date of notice till the date of realization together with all the costs incurred by the Bank in realizing the said amount.

DISCRIPTION OF THE PROPERTY: The property under consideration is built up property with Roof Rights measuring 25 Sq. Yds.

1. All the part and parcel of the BUILT-UP PROPERTY, AREA MEASURING 25 SQ. YDS. i.e., 20.90 SQ. MTRS., BEARING PART OF PROPERTY NO.224, OUT OF KHASRA NO.78, CONSISTING OF ACCORDING TO THE SITE, WITH THE RIGHTS TO CONSTRUCT UPTO THE LAST STOREY, SITUATED AT VILLAGE MAUJPUR, IN THE ABADI OF GALI NO.2, ARJUN MOHALLA, MAUJPUR, ILLAQA SHAHDARA, DELHI-110053.

All the part and parcel of the BUILT-UP PROPERTY, AREA MEASURING 25 SQ. YDS. i.e., 20.90 SQ. MTRS., BEARING PART OF PROPERTY NO.224, OUT OF KHASRA NO.78, CONSISTING OF ACCORDING TO THE SITE, WITH THE RIGHTS TO CONSTRUCT UPTO THE LAST STOREY, SITUATED AT VILLAGE MAUJPUR, IN THE ABADI OF GALI NO.2, ARJUN MOHALLA, MAUJPUR, ILLAQA SHAHDARA, DELHI-110053. Falling under the Registration of Sub-Registrar -IV-Seelam Pur, New Delhi.

BOUNDED AS UNDER:-
EAST : OTHER PROPERTY,
WEST : GALI 6FT WIDE,
NORTH : PROPERTY OF SH. RAJENDER KUMAR,
SOUTH : PROPERTY OF OTHERS.

(HARISH SHARMA)
AUTHORISED OFFICER
THE KANGRA CO-OPERATIVE BANK LTD.
HEAD OFFICE AT, C-29, COMMUNITY CENTRE,
PANKHA ROAD, JANAKPURI, NEW DELHI-58.
DELHI.
DATED : 15.02.2020

Public Notice

It is general information, that I MOHD. DILSHAD S/o. GARIB MOHD. R/o. 886B, ward No. 8, Mehrauli, South Delhi, New Delhi-110030, declare that name of mine has been wrongly written as DILSHAD in my 10th and 12th class educational documents. The actual name of mine is MOHD. DILSHAD respectively which may be amended accordingly.
It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given to the Public that Allotment Letter, Possession Letter and Lease Deed executed by Delhi Development Authority and GPA executed by Sh. Rajender Kumar and Smt. Seema Sewnani in favour of A K Gautam and Agreement to Sell in favour of Mrs. Hardevi Gautam, all documents in respect of Property no. 78, Pocket/Block F-24 Sector-7, Rohini, New Delhi-110085, have been lost/misplaced. All person are hereby informed not to deal or carry out any transaction with anyone on the basis of the said missing documents. If anyone has already carried out or being carried out kindly inform the present owner of the property Mrs. Nirmal Gupta W/o Sh. Styawan Gupta at 78, F-24, Sector-7, Rohini, New Delhi-110085 and also the undersigned in writing on the below mentioned address within 15 days from this present. **O.P. Tanwar (Advocate), 74/B-7, Sector-4, Rohini, Delhi-110085**

हलफनामा

मैं धर्मपाल पुत्र श्री जयलाल, निवासी कोपलपुर, पो. खेड़ासर, जिला झज्जर का रहने वाला हूं और निम्नलिखित हलफन बयान करता हूं:-
यह कि मैं अपने पुत्र महेश कुमार व उसकी पत्नी श्रीमति अंजुबाला को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं, क्योंकि ये मेरा कोई कहना नहीं मानते और अभद्र व्यवहार करते है। भविष्य में मेरा व मेरे परिवार का इनसे कोई लेना देना नहीं रहेगा। इनके साथ किसी भी प्रकार का व्यवहार एवं लेन देन रखने वाला व्यक्ति लाभ हानि का स्वयं जिम्मेवार रहेगा। इनके प्रति मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।
तसदीक- तसदीक की जाती है कि उपरोक्त हलफन बयान मेरे ज्ञान व इल्म के अनुसार सही व दुरुस्त है और इसमें कोई तथ्य छुपा नहीं है और न ही इसमें कुछ छिपाया गया है।
दिनांक: 14.02.2020 शपथकर्ता

पुलिस आयुक्त ने सुरक्षित एवं सफल मेले के लिए दी बधाई

पुलिस कर्मचारी होंगे सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

एक से 16 फरवरी तक चले 34वें सूरजकुंड हस्तशिल्प मेले को पूरी तरह सुरक्षित तरीके से आयोजित करवाने के लिए पुलिस आयुक्त केके राव ने सुरक्षा में तैनात रहे पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि मेले के दौरान अच्छा काम करने, अनुशासन के साथ ड्यूटी करने और मेले में वारदातों को अंजाम देने वाले अपराधियों की धरपकड़ करने वाले पुलिस कर्मचारियों को पुरस्कार दिया जाएगा।

पुलिस आयुक्त राव ने सभी डीसीपी और एसीपी को इस तरह के पुलिस कर्मचारियों के नाम उनके कार्यालय में भेजने के आदेश दिए हैं। मेला अधिकारी डीसीपी एनआईटी डॉ. अर्पित जैन के नेतृत्व में 2200 पुलिस कर्मचारी मेला परिसर के चप्पे-चप्पे पर तैनात रहकर दर्शकों को सुरक्षा कवच प्रदान कर रहे थे। डीसीपी जैन ने बताया कि पुलिस कर्मचारियों की मुस्तैदी की वजह से इस बार मेले में किसी तरह की अप्रिय घटना नहीं हो पाई है। मेला परिसर में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की मदद से हर जगह पुलिस की नजर थी। जो भी वारदात हुई, आरोपियों को तुरंत दबोच लिया गया। मेले में उज्बेकी नागरिक दिलशोट का पांच हजार डालर से भरा पर्स गिर गया था, जिसे एसआई बेगराज ने तलाश कर लौटाया था। पुलिस आयुक्त ने बेगराज को पांच हजार रुपये इनाम देने की घोषणा की है। इसी तरह 14 फरवरी को आंधी की वजह से मेले में एक गेट गिर गया था। गेट नीचे दबी महिलाओं की जान बचाने के लिए भिवानी सीआईडी के एसआई सुनील कुमार, हवलदार उमेदपाल व बजरंग लाल को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबेसिंह ने बताया कि मेले के दौरान पुलिस सीसीटीवी की मदद से संदिग्ध लोगों पर नजर रखी गई।

कंट्रोलरूम की सूचना पर मेले में सादे कपड़ों में मौजूद पुलिस कर्मचारी संदिग्ध का पीछा शुरू कर देते थे। वह जैसे ही वारदात करता, उसे तुरंत पकड़ लिया जाता था। उन्होंने बताया कि पुलिस की मुस्तैदी के कारण इस बार अपराधी अपने इरादों में कामयाब नहीं हो पाए। मेले में वारदात करने वाले सभी आरोपियों को दबोच कर सलाखों के पीछे भेजा जा रहा था।

ICICI Bank शाखा कार्यालय: आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, वीडियोकॉन टॉवर झंडेवालान, नई दिल्ली - 110055

सार्वजनिक सूचना - प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-नीलामी
नियम 8 (6) का परंतुक देखें
अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना। एतद्द्वारा सर्व साधारण को तथा विशेष रूप से कर्जदार(रों) और गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत क्रेडिटर के पास बंधक रखी/प्रभारित निम्नलिखित अचल सम्पत्ति, जिसका **भौतिक** कब्जा आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, जैसी है जहां है, जैसी है जो भी है तथा जो भी है वहां है आधार पर नीचे दिए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेची जाएगी:

क्र. सं.	कर्जदार (रों)/ सह-कर्जदारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या	प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई	बकाया राशि (रू. में)	सुरक्षित मूल्य (रू. में) / धरोहर राशि जमा (रू. में)	सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय	नीलामी की तिथि एवं समय
(क)	(ख)	(ग)	(घ)	(ङ)	(च)	(छ)
1.	एसोटेक लिमिटेड (कर्जदार), संजीव श्रीवास्तव/ प्रिया श्रीवास्तव/ राजीव श्रीवास्तव (सह-कर्जदार)/ LBDEL00001929321, LBDEL00001929322	प्लॉट नंबर-12, ब्लॉक-ए, सेक्टर- 24, न्यू ओखला औद्योगिक विकास क्षेत्र, गाजियाबाद, यूपी 201301, क्षे. 1012 वर्ग मीटर	रू. 14,25,96, 389/- (जनवरी 07, 2020 तक)	रू. 8,00,00, 000/- (आठ करोड़ मात्र) / रू. 80,00,000/-	मार्च 06, 2020 को मध्या. 12:00 बजे से 02:30 बजे तक	मार्च 13, 2020 पूर्वा. 11:30 बजे से

ऑनलाइन नीलामी नीलामी एजेन्सी **श्रीराम ऑटोमॉल इंडिया लिमिटेड (यूआरएल लिंक- "https://eauctions.samil.in")** की वेबसाइट पर सम्पन्न होगी। बंधककर्ताओं/सूचनाप्राप्तियों **मार्च 12, 2020 को अथवा पूर्व अप. 5.00 बजे** तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर यह/ये प्रत्याभूत आस्ति/यां की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बिडर (बिडरों) को अपनी ऑफर उपरोक्त धरोहर राशि जमा (कालम 'ङ' में उल्लिखितानुसार) सहित एक मोहरबंद लिफाफे में सम्पत्ति के क्रय हेतु ऑफर शीर्षांकित कर इस प्रकार प्रस्तुत करें कि **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, द्वितीय तल वीडियोकॉन टॉवर ब्लॉक ई-1, झंडेवालान, एक्सटेंशन रानी झांसी रोड, नई दिल्ली - 110055** में अथवा हमारे मार्केटिंग एजेन्ट श्रीराम ऑटोमॉल इंडिया लिमिटेड के **दूसरी मंजिल, बेस्ट स्काई टॉवर, नेताजी सुभाष प्लेस, पीतमपुरा, नई दिल्ली- 110034** स्थित कार्यालय में **मार्च 12, 2020 को अथवा पूर्व अप. 5.00 बजे** से पहले पहुंच जानी चाहिए। मार्केटिंग एजेन्सी को नीलामी के सम्यक संचालन के लिए नीलामकर्ता के रूप में भी अनुबंधित किया गया है। ईएमडी डीडी/पीओ राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के पक्ष में तथा **दिल्ली** में देय होना चाहिए।

निरीक्षण, नीलामी के निबंधन और शर्तों या निविदा जमा करने के संबंध में किसी अतिरिक्त स्पष्टीकरण के लिए कृपया आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के मोबाइल नम्बर **9699281817/9560261222.** पर सम्पर्क करें केवल बैंक/ई-नीलामी विक्रेता पदाधिकारी द्वारा अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व पूर्ण विवरण के साथ प्राप्त और पंजीकृत की गई निविदाएं ही नीलामी हेतु मान्य होंगी।

प्राधिकृत अधिकारी के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बिड्स को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।

बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की वेबसाइट देखें **www.icicibank.com/n4p4s**

तिथि : फरवरी 18, 2020
स्थान : दिल्ली एनसीआर
हस्ता./-
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

कंगाल नगर निगम: मुफ्त के विज्ञापन, लापरवाही या भ्रष्टाचार

राजेश दास। फरीदाबाद

अधिकारियों की लापरवाही के कारण नगर निगम को हर महीने करोड़ों रुपए का चूना लग रहा है। शहर में विभिन्न कंपनियों और संस्थानों द्वारा मुफ्त में प्रचार कर निगम को चूना लगाया जा रहा है, लेकिन नगर निगम के अधिकारियों के पास इस तरफ ध्यान देने का समय ही नहीं है। अधिकारियों ने अपना पूरा ध्यान नगर निगम को कंगाल घोषित कर सरकारी संपति को बेचने की तरफ ही लगाया हुआ है। इस कथित कंगाली को दूर करने के लिए निगम अधिकारी इन दिनों फिर संपति औने-पौने दामों में बेचने की तैयारियों में जुटे हुए हैं। जबकि नगर निगम चाहे, तो विज्ञापन के रूप में हर महीने करोड़ों रुपए का राजस्व कमा सकता है। शहर में विभिन्न कंपनियों द्वारा मुफ्त में अपने संस्थान का जमकर प्रचार कर रहे हैं। इनसे राजस्व वसूली का प्रयास निगम की तरफ से नहीं किया जा रहा है। इसी तरह सरकारी भवन जैसे पुलिस थाने, चौकियों और पुलिस बूथों पर जगह-जगह विभिन्न संस्थानों के प्रचार के बोर्ड लगे हुए देखा जा सकता है, लेकिन निगम अथवा पुलिस को इनसे किसी तरह के राजस्व की प्राप्ति नहीं हो रही है। इस बात का खुलासा पिछले दिनों एक आरटीआई के जबाव से भी हुआ था।

दिखावे का विज्ञापन ठेका

कुछ साल पहले नगर निगम की तरफ से एक बड़ी कंपनी को शहर में विज्ञापन करने का ठेका दिया गया था, लेकिन निगम के अधिकारियों की मनमानी के चलते कंपनी बीच में ही काम छोड़कर चली गई थी। इसके बाद अब निगम ने एक छोटी कंपनी को ठेका दिया हुआ है। यह सिर्फ एनआईटी इलाके तक ही सीमित है। इस कंपनी ने इस क्षेत्र में विज्ञापन के लिए कुछ यूनिपोल और अन्य कई तरह के स्थान निर्धारित किए हुए हैं। हाईकोर्ट की गाइड लाइन के मुताबिक यूनिपोल सड़क से दूर होने चाहिए, लेकिन कंपनी ने नियमों को ताक पर रखकर यूनिपोल बनाए हुए हैं। अन्य लोगों ने अपने प्रचार के पूरे शहर में बड़े पैमाने पर अवैध यूनिपोल खड़े हुए हैं। इस तरह के लोगों पर जुर्माना वसूलने अथवा निर्धारित शुल्क वसूलने की तरफ नगर निगम के अधिकारी कोई ध्यान नहीं देते, जिसका फायदा उठाकर कंपनियां और अन्य संस्थान विभिन्न माध्यमों से अपना प्रचार करने में जुटी हुई हैं।

आरटीआई से हुआ खुलासा

सामाजिक कार्यकर्ता विष्णु गोयल का कहना है कि उन्होंने पुलिस विभाग और नगर निगम में आरटीआई दायर करके कई तरह के सवाल पूछे थे। इसके जबाव में पुलिस विभाग और निगम की तरफ से स्पष्ट कहा गया था कि इन प्रचार बोर्ड के बदले में कोई शुल्क नहीं लिया जाता और न ही नगर निगम की तरफ शुल्क वसूल कर उन्हें दिया जाता है।

बोर्ड हटाए जाएंगे

पुलिस प्रवक्ता सूबेसिंह ने बताया कि विभाग को इससे कोई राजस्व नहीं मिलता। प्रचार बोर्ड नगर निगम के नियमों के मुताबिक ही लगाए जाने चाहिए। इससे पहले भी पुलिस विभाग की तरफ से इस तरह बोर्डों को हटाया गया था। यदि नियमों के विपरीत बोर्ड लगाए गए हैं, तो अधिकारियों के संज्ञान में लाकर इन्हें हटवा दिया जाएगा।

बोर्ड बनाकर मुफ्त का प्रचार

सरकार को चूना लगाने के लिए कुछ संस्थानों द्वारा चोर रास्ता अपनाया जाता है। इसके तहत यह संस्थान पुलिस थानों, चौकियों, पुलिस बूथों और अन्य सरकारी भवनों का मुफ्त में इस्तेमाल कर रहे हैं। इन संस्थानों के संचालक पुलिस को उनके थानों अथवा चौकियों के निशुल्क बोर्ड बनवाने का ऑफर देते हैं। पुलिस थानों अथवा चौकियों का बोर्ड बनवाते समय वे उसमें प्रचार के लिए अपने संस्थान का नाम भी लिखवा देते हैं। इस मामूली से खर्च के बदले में पुलिस थाना अथवा चौकियों को हमेशा उस बोर्ड की रोशनी के लिए बिजली का बिल खुद भरना पड़ता है। कुछ संस्थान अपने यूनिपोल बनाकर उसमें थाने का नाम लिखकर अपना प्रचार भी कर रहे हैं। पिछले दिनों पुलिस कर्मचारियों के लिए सभी प्रमुख चौराहों पर सुविधाओं से युक्त बूथ लगाए गए थे। अब इन बूथों पर भी लोगों ने मुफ्त में अपने प्रचार के बोर्ड लगाने शुरू कर दिए है, लेकिन नगर निगम का इस तरफ जरा भी ध्यान नहीं है। जबकि नियमों के मुताबिक नगर निगम को इस तरह से प्रचार करने वाले लोगों से शुल्क वसूलने के बाद पुलिस विभाग को कुछ हिस्सा देना चाहिए।

कई तरीकों से मुफ्त प्रचार

नगर निगम की लापरवाही से शहर के विभिन्न संस्थान कई तरीकों से मुफ्त का प्रचार कर सरकार को राजस्व का चूना लगा रहे हैं। हाईकोर्ट ने सड़कों के किनारे खड़ी होने वाली प्रचार गाड़ियों पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया हुआ है, लेकिन शहर में इन गाड़ियों की मदद से संस्थानों का प्रचार करते हुए आम देखा जा सकता है। राष्ट्रीय राजमार्ग, बाईपास रोड, सूरजकुंड रोड, गुरुग्राम रोड और शहर की अन्य सड़कों पर कहीं भी इन प्रचार गाड़ियों को कहीं भी खड़ा हुआ आम देखा जा सकता है। प्रचार करने के बदले में इन गाड़ियों के संचालकों की तरफ से नगर निगम को किसी तरह का शुल्क नहीं दिया जाता। इसी तरह सड़कों के किनारे बनी इमारतों, शोपिंग कॉम्पलैक्स, मॉल पर भी प्रचार के बोर्ड लगाने के बदले में नगर निगम को शुल्क देना होता है। शहर में इस तरह के भवन प्रचार वाले बोर्डों से पटे हुए रहते हैं, लेकिन नगर निगम की तरफ से इनसे किसी तरह का शुल्क नहीं लिया जाता।

प्रदेश की खुशहाली चाहने वालों को जोड़ेगी इनेलो : चौटाला

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

इनेलो एकमात्र ऐसी पार्टी है, जिसने सबसे ज्यादा महिलाओं को आगे बढ़ने का मौका दिया है

इनेलो महिला प्रदेश महासचिव सुनयना चौटाला ने कहा कि पार्टी का सबसे पहला लक्ष्य संगठन को मजबत करने का है। पार्टी सिर्फ ऐसे लोगों को जोड़ने का काम कर रही है, जो वास्तव में हरियाणा की खुशहाली चाहती है।

सुनयना चौटाला जवाहर कॉलोनी के सनातन धर्म मंदिर धर्मशाला में आयोजित महिला कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा है कि जल्दी ही इनेलो प्रदेश में एक मजबूत पार्टी के रूप में उभर कर आने वाली है, क्योंकि पार्टी संगठन को मजबूत बनाने के लिए सभी कार्यकर्ता गांव-गांव और गली-गली जाकर न केवल लोगों को पार्टियों की नीतियों से अवगत करवा रहे हैं, बल्कि भाजपा के कुशासन के बारे में भी बता रहे हैं। कार्यक्रम में मौजूद महिला प्रदेशाध्यक्ष सुमित्रा देवी ने कहा कि प्रदेश के लोग भाजपा की जन विरोधी नीतियों से बुरी तरह परेशान है। कांग्रेस को वे पहले ही सत्ता सौंपकर देख चुके हैं। आम जनता अब पूर्व सीएम ओमप्रकाश चौटाला की तरफ उम्मीद भरी नजरों से देख रही है।

महिला जिलाध्यक्ष जगजीत कौर पन्नू ने कहा है कि इनेलो की एकमात्र ऐसी पार्टी है, जिसने सबसे ज्यादा महिलाओं को आगे बढ़ने का मौका दिया है। फिलहाल पार्टी का संघर्ष का दौर चल रहा है, लेकिन संघर्ष करने वालों की ही हमेशा जीत होती है। इस मौके पर इनेलो जिलाध्यक्ष देवेंद्र चौहान, बुद्धिजीवी सेल की जिलाध्यक्ष राजबाला शर्मा, देवेंद्र तेवतिया, बच्चू सिंह, मंजू हुड्डा, मुनेश चौधरी, अर्चना चौबे, बाला कटारिया, सरोज यादव, रजविंद्र कौर, कुलदीप सिंह, नवाजिश खान और जसविंद्र खालसा समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

संक्षिप्त समाचार

'लोकतंत्र और हिन्दू राष्ट्र' विषय पर व्याख्यान आयोजित

फरीदाबाद। हिन्दू जनजागृति समिति द्वारा सेक्टर 15 स्थित कम्यूनिटी सेंटर में 'लोकतंत्र और हिन्दू राष्ट्र' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। साथ ही, हलाल सर्टिफिकेशन के माध्यम से कैसे हमारे देश के साथ एक अलग अर्थव्यवस्था का निर्माण किया जा रहा है, इसके बारे में भी जागृति की गई। इसमें समिति के राष्ट्रीय प्रवक्ता रमेश शिंदे द्वारा संबोधन किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में प्रवीण गुप्ता, आज़ाद सिंह नरवत का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में 90 से अधिक हिन्दू धर्मप्रेमी उपस्थित थे। उत्तर भारत संयोजक सुरेश मुंजाल ने बताा कि भविष्य में इस हेतु इसी प्रकार की विचार गोष्ठियों का आयोजन करने का निर्धारण किया।

पांचवें दिन विदा हुईं सीता मैया

फरीदाबाद। हार्डवेयर चौक स्थित राजीव कॉलोनी के प्राचीन शिव मंदिर पर चल रही श्रीराम कथा के दौरान जानकी माता की विदाई हुई। महाराज जनक और सुनैना मैया ने भाव-विभोर होकर विदाई की। दृश्य से यह संदेश दिया गया कि दहेज चाहे जितना दीजिए, वह काम नहीं आता, लेकिन अगर आप सुंदर उपदेश देकर बेटी को विदा करते हैं, तो निश्चित ही बेटी के जीवन में उसके आंचल में ढेर सारी खुशियां आती हैं। गोस्वामी तुलसीदास के लेखन को उद्धृत कर काशी से पधारे कथा व्यास आचार्य सर्वेश पांडे ने बड़े भाव से वर्णन किया और कहा कि बेटी को विदा करें, तो उपदेश जरूर दें। गोस्वामी जी ने कहा है कि सासु ससुर गुर सेवा करेहू। पति रुख लखि आयसु अनुसरेहू॥ अति सनेह बस सखीं सयानी। नारि धरम सिखवहिं मृदु बानी॥ होय हुसंतति पियहि पियारी। चिर अहिवात असीस हमारी।। जब लगि गंग-जमुन जलधारा। अचल होई अहिवात तुम्हारा।।' माता-पिता का दिया हुआ आशीर्वाद बच्चे के जीवन को सुखमय बना देता है। इस तरह अयोध्या में चार बहुएं आईं और बड़ा सुंदर उत्सव मनाया गया।

ऑटो व बाइक की टक्कर में बच्ची घायल

फरीदाबाद। सराय ख्वाजा के निकट स्कूल जा रही तीन बच्चियों में एक बच्ची ऑटो व बाइक की भिड़ंत में बुरी तरह से घायल हो गई। उसकी नाक व आंख में चोट आई। बच्ची को बीके सिविल अस्पताल में दाखिल कराया गया। जानकारी के मुताबिक अफशाना ने बताया कि वह सराय ख्वाजा में अपने परिवार के साथ रहती है। उसने बताया कि उसकी तीनों बेटियां 17 फरवरी की सुबह सात बजे स्कूल के लिए निकली थीं। अलिया, अनाम और ईलवा जब घर के सामने रोड पार करने का प्रयास कर रही थीं, तो एक ऑटो और बाइक में टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी, कि ऑटो पलट गया और अनाम जोकि पांचवीं कक्षा में सराय के सरकारी स्कूल में पढ़ती है, वह उसके नीचे आ गई और बुरी तरह से घायल हो गई। उसने कहा कि बच्ची को घायलावस्था में बीके पहुंचाया, तो यहां उसके शरीर के विभिन्न अंगों के अलावा नाक और आंख बुरी तरह से चोटें आई हैं।

स्कूटी सवार ने सरेआम ऑटो चालक को चाकू मारा, गंभीर

फरीदाबाद। हार्डवेयर चौक के निकट स्कूटी सवार एक युवक ने सरेआम एक ऑटो चालक को रोककर ऑटो ठीक से न चलाने की बात कहते हुए उसके पेट में चाकू घोंप दिया। ऑटो की सवारियों द्वारा उसे तुरंत बीके अस्पताल ले जाया गया। जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे दिल्ली रेफर कर दिया है।

जानकारी के मुताबिक एसजीएम नगर में रहने वाला हिमांशु शहर में ऑटो चलाता है। सोमवार सुबह भी वह ऑटो लेकर काम पर गया हुआ था। दोपहर करीब 12 बजे के आस-पास हिमांशु ऑटो में सवारियां लेकर हार्डवेयर चौक की तरफ आ रहा था। वह जैसे ही हार्डवेयर चौक पर पहुंचा, तभी एक स्कूटी सवार ने उसे रुकने का इशारा किया। हिमांशु के रुकते ही स्कूटी सवार उसके पास आया और ऑटो ठीक तरीके से न चलाने का आरोप लगाते हुए धमकाने लगा। हिमांशु के विरोध करने पर युवक ने जेब से चाकू निकाल कर हिमांशु के पेट में घोंप दिया और मौके से फरार हो गया।

हिमांशु की गंभीर हालत को देखकर मौजूद सवारियां उसे ऑटो से तुरंत बीके अस्पताल ले गए। जहां से उसे दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। समाचार लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बढ़ते कदम : जीवा पब्लिक स्कूल वैल्यू एजूकेशन अवार्ड से सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

सेक्टर 21बी स्थित जीवा पब्लिक स्कूल को उच्चकोटि की शिक्षा एवं नवीनतम शिक्षा प्रणाली की वजह से दो अत्यंत महत्वपूर्ण एवं शिक्षा संबंधी अवार्ड से पुरस्कृत किया गया। वर्ल्ड एजूकेशन कान्क्लेव की ओर से 'फ्यूचर रेडी स्कूल अवार्ड' से पुरस्कृत किया गया। दिल्ली द्वारका स्थित होटल रेडीसन ब्लू में आयोजित यह कार्यक्रम अपने आप में शिक्षा क्षेत्र में विशिष्ट कार्यों एवं आधुनिक शिक्षा प्रणाली का आपस में अद्भुत समायोजन था और सभी विषय पर विशेष ध्यान आकृष्ट किया गया।

इस कार्यक्रम में उच्चकोटि की शिक्षा प्रदान करने के लिए अनेक विषयों को शामिल किया गया। वहीं विद्यालय को एलड्रोक इंडिया की ओर से उत्कृष्ट वैल्यू एजूकेशन के लिए भी पुरस्कृत किया गया। विद्यालय को यह पुरस्कार वैल्यू एजूकेशन के आधार पर दिया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्य देविना निगम ने इन दोनों आयोजनों में भाग लिया व पुरस्कार भी ग्रहण किया। इन दोनों समारोहों में जीवा पब्लिक स्कूल के अलावा एनसीआर और देश के विभिन्न राज्यों के अनेक स्कूलों के प्राचार्यों व शिक्षाविदों ने भाग लिया। इन सभी विद्यालयों को आधुनिक शिक्षा प्रणाली के तहत प्रयोग होने वाली तकनीकी उपकरणों व साधनों के प्रयोग के लिए व पारंपरिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों को बरकरार रखने के लिए ही पुरस्कृत किया गया।

जीवा पब्लिक स्कूल के लिए यह गर्व का विषय है कि विद्यालय को भी इतने सारे शिक्षण संस्थानों के साथ उच्च कोटि की श्रृंखला में मनोनीत किया गया।

क्रिकेट स्टेडियम के पुनर्निर्माण में सरकार नहीं ले रही रुचि: संजय भाटिया

बदहाली सुधारने वाली कंपनी खुद है बदहाल

जांच कमेटी का गठन करने को लिखा पत्र

कविता। फरीदाबाद

हरियाणा की शान कहलाने वाले राजा नाहर सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में जहां एक तरफ सरकार ने पुनर्निर्माण शुरू कर दिया है। वहीं राजा नाहर सिंह क्रिकेट स्टेडियम बचाओ संघर्ष समिति के संयोजक एवं पूर्व हरियाणा रणजी क्रिकेटर व आलोचक संजय भाटिया ने स्टेडियम के पुनर्निर्माण को नगर निगम और निर्माण कम्पनी के अधिकारियों को भ्रष्टाचार में लिप्त बताया है। उन्होंने इसकी जांच कमेटी का गठन करने के लिए सरकार और मुख्यमंत्री, सांसद, मंत्री, विधायक, मेयर, उपायुक्त और नगर निगम आयुक्त को पत्र लिखा है। इसके लिए वह लगातार पत्र लिख रहे हैं, लेकिन सरकार व नगर निगम के अधिकारियों के कान पर अब तक जूं नहीं रैंगी है। इस विषय में जब उपायुक्त यशपाल यादव से बात करने का प्रयास किया गया, तो उनका फोन बंद मिला।

पायनियर को पूर्व क्रिकेटर संजय भाटिया ने बताया कि वह सरकार से पिछले करीब 16 सालों से इस स्टेडियम को बचाने की गुहार कर रहे हैं। हर तीन महीने में वह पत्र लिखकर इस स्टेडियम की हालत में सुधार करने का कहते रहे हैं, लेकिन पिछले दिनों उनके पत्र पर संज्ञान लेते हुए नगर निगम को इसके पुनर्निर्माण का कार्य सौंपा गया। इस पर नगर निगम द्वारा एक ऐसी कंपनी को काम सौंपा गया, जो इस काम को करने के लिए उपयुक्त नहीं है। इसलिए उन्होंने एक पत्र में इस कंपनी द्वारा किए जा रहे काम पर निगरानी रखने के लिए एक कमेटी का गठन करने के लिए लिखा है। संजय भाटिया ने बताया कि शहर में वीवीआईपी के अगमान के दौरान स्टेडियम के क्रिकेट मैदान को हेलीपेड के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। हेलीकॉप्टर उतरने के कारण क्रिकेट पिच और मैदान को हर बार नुकसान पहुंचता है।

फोटो : राजेश पुंजानी

1981 में स्थापित हुआ था क्रिकेट स्टेडियम

1981 में अस्तित्व में आए स्टेडियम को शुरू में मयूर स्टेडियम के नाम से जाना जाता था। बाद में इसक नाम बदल कर राजा नाहर सिंह स्टेडियम रख दिया गया था। इस स्टेडियम में आठ अंतरराष्ट्रीय एक दिवसीय क्रिकेट मैचों का सफल आयोजन किया जा चुका है। पहला मैच 19 जनवरी, 1988 को भारत और वेस्टइंडीज के बीच खेला गया था। अंतिम अंतरराष्ट्रीय एक दिवसीय क्रिकेट मैच 31 मार्च, 2006 को भारत और इंग्लैंड के बीच खेला गया। इसके अलावा यहां दर्जनों रणजी ट्राफी, देवधर, दिलीप ट्रॉफी और कॉरपोरेट मैचों का सफल आयोजन हो चुका है। वर्ष 2006 के बाद यहां के क्रिकेट प्रेमियों को अपने शहर में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच देखने का मौका कभी नहीं मिला। इसके बाद यह स्टेडियम राजनीति का शिकार बनता चला गया।

यह होना है काम

स्टेडियम में फ्लड लाइटें लगेंगी, अंतरराष्ट्रीय मैच के लिए दर्शकों के बैठने की कैपेसिटी कम से कम 40-50 हजार होगी। फिलहाल यह क्षमता 20 से 25 हजार दर्शक की है। कमेंटेटर बॉक्स और डिजिटल स्कोरबोर्ड लगाने का काम भी किया जाएगा। स्टेडियम को आधुनिक और तीन लेयर का बनाया जाएगा। स्टेडियम में कॉरपोरेट बॉक्स भी बनाए जाएंगे, जिसे कारपोरेट जगत के मैच वाले दिन लोग मैच देखने के लिए किराए पर ले सकेंगे।

कैसे होगा अपग्रेड



संजय भाटिया ने बताया कि वैसे तो स्टेडियम को अपग्रेड करने का कार्य शुरू किया गया है, लेकिन यह अपग्रेड कैसे होगा, यह कोई नहीं जानता है, क्योंकि नगर निगम ने जिस निजी कम्पनी को यह ठेका दिया है। वह कंपनी मात्र 30 से 40 करोड़ रुपये के टर्न ओवर तक का काम करती है। ऐसे में नगर निगम द्वारा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में किस तरह से 115 करोड़ रुपए के टर्न ओवर का काम करेगी। यह बेहद चौंकाने वाला होगा। उन्होंने कहा है कि जांच कमेटी में सांसद, मंत्री, विधायक, मेयर व तकनीकी लोगों के अलावा कुछ खिलाड़ी भी शामिल किए जाएं। ताकि इस स्टेडियम पर ईमानदारी से काम हो सके।

कोई शिकायत नहीं मिली



नगर निगम कमिश्नर यश गर्ग से इस विषय में बात की गई, तो उन्होंने कहा कि उनके पास नाहर सिंह स्टेडियम से संबंधित अभी तक कोई शिकायत पत्र नहीं आया है। स्टेडियम का कार्य शुरू हो चुका है, इसमें लाइटें लगाने का काम किया जा रहा है, जिस कारण यहां डे व नाइट मैच के लिए किसी तरह की कोई परेशानी नहीं होगी।

सार्वजनिक सूचना

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि [illegible] (आवेदक) बनाम [illegible] मेटल्स प्राइवेट लिमिटेड (प्रतिवादी) के मामले में दिवाला एवं ऋणशोध अक्षमता संहिता, 2016 की धारा 7 के तहत एक आवेदन माननीय राष्ट्रीय कम्पनी विधि न्यायाधिकरण चंडीगढ़ पीठ चंडीगढ़ के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

आगे, एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि माननीय राष्ट्रीय कम्पनी विधि न्यायाधिकरण चंडीगढ़ पीठ चंडीगढ़ के समक्ष [illegible] 2020 में सुनवाई की अगली तिथि 05-03-2020 नियत है तथा [illegible] मेटल्स प्राइवेट लिमिटेड, पंजीकृत कार्यालय 784, सेक्टर-28, फरीदाबाद, हरियाणा-121008, इंडिया के सभी संबंधित व्यक्तियों को माननीय राष्ट्रीय कम्पनी विधि न्यायाधिकरण चंडीगढ़ पीठ चंडीगढ़ के समक्ष 05-03-2020 को उपरोक्त सुनवाई में उपस्थित होने की सलाह दी जाती है। कि यह सूचना माननीय राष्ट्रीय कम्पनी विधि न्यायाधिकरण चंडीगढ़ के आदेश दिनांकित 28-01-2020 के अनुसरण में जारी की जा रही है।

हस्ता./-
[illegible]
आवेदक
मोबाइल – [illegible]
[illegible]
सेक्टर-[illegible], गुड़गांव-[illegible], हरियाणा

पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट सेक्टर 29 मार्किट 7428353299
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103
- मदनलाल,अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक

नज़रिया

दिनेश रघुवंशी, कवि

**कवि हूँ गाऊँगा मैं दर्द में डूबी कथाओं को
रखूँगा सामने सब अनसुनी सी प्रार्थनाओं को
है जब तक साँस तन में एक ही सौगंध है मेरी
क़लम लिखती रहेगी बस ग़रीबों की व्यथाओं को**

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा -201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। संपादक : चंदन मित्रा, स्थानीय सम्पादक : प्रवीण मोहंती । दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किये गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

चार हजार किलोमीटर के सफर पर गुरुग्राम से रवाना हुईं विंटेज कारें

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

गुरुग्राम से भारत भ्रमण को रवाना हुई विंटेज कारें।

मिलेनियम सिटी गुरुग्राम से 4000 किलोमीटर के सफर पर सोमवार को विंटेज कारें निकलीं। यहां के करमा लेकलैंड्स गोल्फ कोर्स से 10 शानदार विंटेज ब्यूटी कारों का एक काफिला रवाना हुआ। ये विंटेज कारें अगले 23 दिनों तक भारत की तत्कालीन रियासतों का सफर तय करेंगी।

21 गन सेल्यूट हेरिटेज एंड कल्चरल ट्रस्ट द्वारा पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार की सहभागिता में एक प्रीमियर आयोजन 21 गन सेल्यूट इंटरनेशनल विंटेज कार रैली और कॉनकॉर्स डी-एलीगेंस का एक प्रमुख आयोजन है। इस कार रैली के आयोजन में भारत सरकार के साथ ही गुजरात पर्यटन और राजस्थान पर्यटन की भी सहभागिता है। इस संयुक्त प्रयास का उद्देश्य भारत को एक वैश्विक मंच पर एक हेरीटेज मोटरिंग डेस्टिनेशन के रूप में बढ़ावा देना है। इसी के मद्देनजर इनक्रेडिबल इंडिया रैली का सोमवार को यहां से रवाना हुई। इस मौके पर इंटरनेशन कार एक्सपर्ट और राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रमुख हस्तियां भी मौजूद रहीं।

21 गन सेल्यूट हेरिटेज एंड कल्चरल ट्रस्ट के ट्रस्टी मदन मोहन के मुताबिक रैली में सड़क पर अलग-अलग दौर के शानदार मास्टरपीसेज दिखाई देंगे। इसमें शामिल प्रतिभागी भारत की एक अलग छवि देखेंगे और वे भारत के शाही घरानों की भव्यता को निहार सकेंगे। इससे इन राज्यों में टूरिज्म को बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। वर्ष 1960 अल्फा रोमियो 2000 टूरिंग स्पाइडर, रैली में शामिल कारों में से एक, 1960 में आधिकारिक तौर पर रजिस्टर्ड हुई थी। वास्तव में यह 1959 का वेरिएंट है।

गुरुग्राम से आगरा के रास्ते आगे जाएंगी ये कारें

गुरुग्राम से आगरा के लिए रैली करमा लैकलैंड्स से केएमपी एक्सप्रेस-वे और वहां से यमुना एक्सप्रेस-वे से आगरा (ओबरॉय अमरविलास) में पहुंचेगी। ऐतिहासिक रैली आगरा में अपना पहला शाही पड़ाव देखेगी, जो कि एक ऐसा शहर है जो सात अजूबों में से एक ताजमहल को समेटे हुए है। उसके बाद काफिला रैली के दूसरे दिन सवाई माधोपुर जाएगा। रणथंभौर नेशनल पार्क में खूबसूरत वन्यजीव अभ्यारण से होकर गुजरेगा। इस रोमांचक यात्रा का तीसरा पड़ाव गुलाबी शहर जयपुर होगा, जो अपने खूबसूरत माहौल और समृद्ध संस्कृति के लिए जाना जाता है। यहां पर रैली का ठहराव दो दिन का है। रैली यहां पर 20 से 21 फरवरी 2020 तक रहेगी। प्रतिभागियों को भव्य आमेर किले और रामबाग पैलेस में अनगिनत अन्य प्रशंसकों के बीच एक शानदार अंदाज में ठहरने का मौका मिलेगा।

गुरुग्राम एचएसवीपी प्रशासक व दो संपदा अधिकारियों समेत 10 के खिलाफ करें केस दर्ज

गुरुग्राम की अदालत ने दिया आदेश

सेक्टर-56 में अस्पताल साइट आवंटन मामले में दिए आदेश

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

गुरुग्राम की पूर्व हुडा प्रशासक अनीता यादव।

वर्ष 1997 में यहां के सेक्टर-56 स्थित अस्पताल के लिए हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) द्वारा आवंटित किए गए प्लाट में अनियमितताएं बरतने के मामले में सुनवाई करते हुए सोमवार को अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश कम स्पेशल जज एके मेहता की अदालत ने एचएसवीपी के तत्कालीन (हुडा) प्रशासक, दो संपदा अधिकारियों समेत 10 लोगों के खिलाफ सेक्टर-14 पुलिस थाना को केस दर्ज करने के आदेश दिए हैं।

आरटीआई कार्यकर्ता हरींद्र ढींगरा के अधिवक्ता बलदेव सिंह मेहरा व अमित ढुल से प्राप्त जानकारी के अनुसार डा. प्रभा मनचंदा को सेक्टर-56 में 6744.825 स्क्वायर मीटर प्लाट को 16 जुलाई 1997 को तत्कालीन हुडा विभाग ने आवंटित किया था। उसके बाद 12 अगस्त 1997 को प्लाट का कब्जा भी दे दिया गया।

हुडा की शर्त यह थी कि प्लाट पर निश्चित समयसीमा में निर्माण करना है अन्यथा आवंटी पर भारी जुर्माना भी लगेगा। डा. प्रभा ने हुडा के नियमों का पालन न करते हुए संजीवनी हेल्थकेयर नामक संस्था को न केवल अपने शेयर ट्रांसफर कर दिए, बल्कि कन्वेंश डीड भी वर्ष 8 नवम्बर 2006 को एक करोड़ 37 लाख 21 हजार 16 रुपये में करा दी। डा. प्रभा ने हुडा से यह प्लाट मात्र 71 लाख 65 हजार 620 रुपये में खरीदा था।

प्लाट पर 7 मई वर्ष 2014 तक कोई निर्माण नहीं किया गया। प्लाट धारकों ने इस बीच आरोप भी लगाए कि प्लाट की पैमाइश ठीक नहीं है।

31 करोड़ की बनती थी पैनल्टी

अधिवक्ताओं का कहना है कि प्लाट पर निर्माण न होने के कारण करीब 31 करोड़ की पैनल्टी बनती थी, लेकिन तत्कालीन हुडा प्रशासक अनीता यादव व संपदा अधिकारियों ने कोई समुचित कार्यवाही नहीं की, जिसका लाभ आरोपियों को हुआ। आरटीआई कार्यकर्ता ने अपनी शिकायत में 10 लोगों के नाम अंकित किए थे, जिसमें डा. प्रभा, संजीवनी हेल्थकेयर, संजीव कुमार, महेंद्र चावला, मीना चावला, गुंजन खेमका, गोपाल खेमका व तत्कालीन हुडा प्रशासक अनीता यादव, संपदा अधिकारी विवेक कालिया तथा तरुण पावरिया शामिल हैं। शिकायतकर्ता ने अदालत से गुहार लगाई कि उक्त आरोपियों के खिलाफ आपराधिक धाराओं तथा भ्रष्टाचार अधिनियम तहत मामला दर्ज कराकर जांच कराई जाए और दोषी पाए गए लोगों के खिलाफ कार्यवाही की जाए।

घरेलू हिंसा की शिकार महिलाओं को मिला स्थायी वन स्टॉप सेंटर

गुरुग्राम के सिविल लाइन में वन स्टॉप सेंटर का उद्घाटन करते मंडलायुक्त डा. अशोक सांगवान।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

सोमवार को गुरुग्राम में घरेलू हिंसा की शिकार महिलाओं को स्थायी वन स्टॉप सेंटर मिल गया। मंडलायुक्त डा. अशोक सांगवान ने यहां सिविल लाइंस में वन स्टॉप सेंटर के नए भवन का उद्घाटन किया। यह सेंटर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित किया जा रहा है।

इस मौके पर मंडलायुक्त ने सेंटर में महिलाओं को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उनके साथ उपायुक्त अमित खत्री भी उपस्थित थे। मंडलायुक्त अशोक सांगवान ने इस सेंटर को महिलाओं के लिए काफी लाभकारी बताया। उन्होंने कहा कि जिला गुरुग्राम में इस प्रकार के सेंटर की लंबे समय से जरूरत महसूस की जा रही थी। उन्होंने कहा कि यह महिलाओं के लिए एक सपोर्ट सिस्टम की तरह काम करेगा, जहां महिलाएं स्वयं को सुरक्षित महसूस कर सकती हैं।

यहां उनका कानूनी मार्गदर्शन करने के साथ साथ उनकी काउंसलिंग भी की जाती है। मंडलायुक्त ने इस अवसर पर वन स्टॉप सेंटर में उपस्थित पीड़ित महिलाओं से बातचीत कर उनका फीडबैक भी लिया। महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यक्रम अधिकारी सुनैना ने मंडलायुक्त को बताया कि इस वन स्टॉप सेंटर में घरेलू हिंसा व दुष्कर्म की शिकार महिलाओं को आर्थिक, सामाजिक व मानसिक तौर पर सशक्त करने के लिए उनका मार्गदर्शन किया जाता है।

कैदियों के जीवन सुधार को भोंडसी जेल में कार्यशाला

गुरुग्राम। यहां भोंडसी स्थित जिला जेल में कैदियों के लिए सोल मिरेकल्स संस्था द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें करीब 1500 महिला-पुरुष कैदियों ने हिस्सा लिया। आध्यात्मिक जीवन परिवर्तन के लिए एक मंच सोल मिरेकल्स के संस्थापक मनमीत कुमार ने इस कार्यशाला का संचालन किया।

कैदियों के सकारात्मक सोच, उज्ज्वल भविष्य के निर्माण और आंतरिक रूप से सुधार पर तकनीक के माध्यम से इस कार्यक्रम में जोर दिया गया। वहीं कार्यक्रम में कैदियों की विचार प्रक्रिया को कम भावनाओं से सकारात्मकता और उत्साह की ओर ले जाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। जेल द्वारा कैदियों के लिए एक बेहतर जीवन बनाने की दिशा में यह एक बड़ी पहल है। इस कार्यशाला का उद्देश्य जेल में रहने के दौरान उनके जीवन में सुधार करना और सकारात्मक रहना और जेल के अंदर एक स्वस्थ वातावरण प्रदान कराना था। इससे उन्हें आंतरिक खुशी के साथ सशक्त बनने तथा उनके उद्देश्य को प्राप्त करने एवं एक भावनात्मक संतुलन बनाने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर भोंडसी जेल के अधीक्षक जयकिशन छिल्लर ने कहा कि यह एक अनूठी और प्रेरणादायक कार्यशाला थी।

ऑटो चालकों को एक सप्ताह में फेयर मीटर लगवाने के आदेश

गुरुग्राम। क्षेत्रीय यातायात प्राधिकरण द्वारा उन सभी रिक्शा संचालकों को एक सप्ताह के भीतर फेयर मीटर लगवाने के आदेश दिए गए हैं, जिन्होंने अभी तक अपने ऑटो रिक्शा में फेयर मीटर नहीं लगवाएं हैं। इन आदेशों की अवहेलना करने वाले ऑटो रिक्शा संचालकों के खिलाफ मोटर वाहन नियम-1988 व मोटर वाहन नियम-1989 में दिए गए प्रावधानों के अनुसार आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। क्षेत्रीय यातायात प्राधिकरण के सचिव एवं अतिरिक्त उपायुक्त प्रशांत पंवार ने बताया कि गुरुग्राम नगर निगम क्षेत्रों की सीमा में (नगर निगम क्षेत्र तथा 5 किलोमीटर नगर निगम क्षेत्र के बाहर) चलने वाले ऑटो रिक्शा संचालकों को फेयर मीटर लगवाना अनिवार्य है। ये पंजीकृत ऑटों रिक्शा चालक परिवहन विभाग द्वारा निधार्रित किराया ही वसूल कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रथम एक किलोमीटर के लिए (मीटर डाउन होने पर) 12 रुपये प्रति किलोमीटर और उसके बाद 8 रुपए प्रति किलोमीटर निर्धारित किया गया है।

बेहतर कलाकारों को सीएम की सभाओं में गाने का मिलेगा मौका: रॉकी मित्तल

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग हरियाणा में नवगठित स्पेशल पब्लिसिटी सैल के चेयरमैन रॉकी मित्तल उर्फ जयभगवान मित्तल ने कहा कि विभाग के बेहतरीन कलाकारों को मुख्यमंत्री की जनसभाओं में प्रस्तुति देने को चुना जाएगा। इसलिए सभी अपने आप को इस तरह से तैयार करें कि वे कलाकार के रूप में खुद को साबित कर सकें। यह बात उन्होंने सोमवार को यहां सेक्टर-15 में सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के रोहतक मंडल के कलाकारों की कार्यशाला के शुभारंभ अवसर पर कही।

उन्होंने कहा कि विभाग के बेहतरीन कलाकारों का चयन करने के लिए 3 से 6 मार्च तक कुरूक्षेत्र में पूरे प्रदेश के प्रचार अमले की प्रतियोगिता करवाई जाएगी। इस प्रतियोगिता में अव्वल रहने वाले लोक कलाकारों को ना केवल प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा, बल्कि उनके चार समूह बनाए जाएंगे। जो मुख्यमंत्री की जनसभाओं में अपनी प्रस्तुतियां देंगे। रॉकी मित्तल ने प्रचार अमले को अपना प्रचार प्रभावी बनाने के तरीके बताए और कहा कि विभागीय लोक कलाकार भी अपनी रचनाओं पर गीत गाकर उसे यू-ट्यूब, फेसबुक आदि सोशल मीडिया पर अपलोड करके अपनी लोकप्रियता बढा सकते हैं।

प्राध्यापक लोकेश ने सिखाया वंदेमातरम का गायन: कार्यशाला के पहले दिन राजकीय महाविद्यालय सेक्टर-14 गुरुग्राम के संगीत प्राध्यापक डा. लोकेश शर्मा ने प्रचार अमले को राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के गायन का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने स्वयं इस राष्ट्रीय गीत की प्रस्तुति देकर सभी लोक कलाकारों को अभ्यास करवाया। इसी प्रकार प्रदेश के लोक गायक रहे प्रेम सिंह देहाती ने विभागीय प्रचार अमले का लोक गायन के बारे में मार्ग दर्शन किया और बताया कि वे किस प्रकार सरकार की मुख्य योजनाओं का समावेश करके अच्छे गीत तैयार कर सकते हैं। प्रेम सिंह देहाती ने स्वयं भी कुछ गीतों की प्रस्तुति दी।

बच्चे का हत्यारा गिरफ्तार हत्या से पूर्व किया था कुकर्म

गुरुग्राम। मानेसर थाना क्षेत्र में आठ साल के बच्चे की हत्या के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। तीन जनवरी 2020 को एक खाली प्लॉट में मिले बच्चे के शव के बाद से पुलिस उसके हत्यारे की तलाश में थी। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार बच्चे के साथ आरोपी ने पहले कुकर्म किया था और बाद में उसके सिर में पत्थर व ईंट मारकर उसकी हत्या कर दी थी। बता दें कि तीन जनवरी 2020 को मानेसर थाना में बच्चे के पिता ने लिखित शिकायत दी थी। उन्होंने बताया कि उनका बेटा मात्र आठ साल का था और वह एलकेजी कक्षा में पढ़ता था। दो जनवरी की रात को करीब नौ बजे वह घर के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान उसे कोई बहला-फुसलाकर ले गया। देर रात तक जब बेटा घर नहीं लौटा तो उन्होंने उसकी तलाश शुरू की। सुबह पता चला कि नाहरपुर के एक खाली प्लाट में एक बच्चे का शव पड़ा है। यह सूचना मिलते ही वह अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंचा तो देखा कि वह शव उसके बेटे का ही है। उसकी हत्या की गई थी। पिता की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को पकड़ने के प्रयास शुरू किए।

मिलेनियम सिटी में मोर चौक पर फिर से मोर बनाने को तैयार हैं त्रिपुरारी

करीब चार लाख बच्चों को सिखा चुके हैं पेंटिंग

अपने घर के निर्माण से लेकर सजावट तक में झलकती है उनकी कला

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

सेक्टर-15 पार्ट-टू स्थित अपने कला केंद्र में कलाकृतियों के साथ सुधीर गुप्ता त्रिपुरारी।

मिलेनियम सिटी गुरुग्राम में रहने वाले या यहां आने-जाने वाले लाखों लोग यह तो जरूर जानते हैं कि यहां सिविल लाइन में मोर चौक है, लेकिन यह बहुत कम लोग जानते होंगे कि वर्ष 1984 में इस चौक पर मोर बनाने वाला कलाकार कौन है। आइये हम आपको बता देते हैं कि जिनकी मेहनत से यह मोर चौक आज भी प्रसिद्ध है, उनका नाम है सुधीर गुप्ता (त्रिपुरारी)।

नाम से तो यह चौक आज भी मोर चौक के नाम से जाना जाता है, हालांकि इस चौक का नाम अब बदलकर पूर्व मंत्री स्वर्गीय सीताराम सिंगला के नाम पर कर दिया गया है। फिर भी लोग इस मोर चौक के नाम से जानते हैं। बोलचाल में भी इसे मोर चौक ही कहा जा रहा है। हालांकि विकास के नाम या फिर यातायात को सुचारू करने के नाम पर मोर चौक का अस्तित्व खत्म कर दिया गया है। भव्य तरीके से बनाए गए मोर को यहां से हटा दिया गया है। अब मोर यहां एक कोने में पड़ा है। क्षतिग्रस्त हो चुका है।

मोर की इस दयनीय हालत पर उसको बनाने वाले कलाकार सुधीर गुप्ता त्रिपुरारी बहुत दुखी हैं। वे कहते हैं कि विकास के नाम पर सौंदर्यकरण को खराब कर देना कोई समझदारी नहीं है। सरकार ने गुड़गांव को गुरुग्राम कर दिया, लेकिन शहर को पौराणिकता भी लौटानी चाहिए। बचपन से ही कला को समर्पित सुधीर गुप्ता ने लाखों बच्चों को कला सिखाई है। उनका कहना है कि अगर आज उन्हें मौका मिले तो फिर से यहां खूबसूरत मोर बना देंगे। यहां के अलावा उन्होंने बस अड्डे के पास छह साइबेरियन पक्षियों को भी खड़ा किया था। सीमेंट, कंक्रीट से उन्होंने छह फिट के ये पक्षी तैयार किये थे। जो कि अब वहां नहीं हैं।

शहर को हरियाणवीं संस्कृति की लुक देना है सपना

सुधीर त्रिपुरारी पाश्चात्य संस्कृति के इस दौर में हमारी अपनी संस्कृति के गुम होने को लेकर काफी दुखी हैं। उनकी चाहत है कि पेंटिंग के माध्यम से वे अपनी हरियाणवी संस्कृति को शहर में जिवित रखें। इसके लिए उन्हें प्रशासन का सहयोग चाहिये। हर चीज को पैसे से नहीं तोलते, बल्कि एक कलाकार, शहर के जिम्मेदार नागरिक के तौर पर वे कहते हैं कि शहर की खूबसूरती को वे आज 66 साल की उम्र में भी चार चांद लगा सकते हैं।

रात को जो सोचते हैं, सुबह वो बना देते हैं...

सुधीर त्रिपुरारी कहते हैं कि वे अपनी कला को इसलिए भी सार्थक मानते हैं, क्योंकि आज कला के टीचर्स के बिना स्कूल शुरू नहीं होते। कभी कला को बेकार की चीज माना जाता था। आज वही कला इंसान के जीवन में विशेष हो गई है। बेटा आशुतोष गुप्ता, दीपक गुप्ता, बेटी सुरभि गुप्ता बेशक शिक्षित होकर इंजीनियर बन गये हों, लेकिन अभी भी सुधीर त्रिपुरारी उन्हें कला से दूर नहीं होने दे रहे। शिक्षिका रह चुकी उनकी पत्नी मधु कांता भी कला को आगे बढ़ाने में उनकी सहायक हैं। इंसान के सोते समय भी जहन में बहुत कुछ चलता है। सुधीर गुप्ता त्रिपुरारी रात में वे जो कुछ भी सोचते हैं, उसे रोज अलसुबह उठकर उसका स्कैच बनाकर अपने सोशल संपर्क में सांझा कर देते हैं।

सेक्टर-15 पार्क में पेड़ों पर कलाकारी

सुधीर त्रिपुरारी ने सेक्टर-15 पार्ट-2 की पार्क में पेड़ों पर कलाकारी की है। वहां उन्होंने वन्य प्राणियों, फूलों समेत कई कलात्मक चीजें पेड़ों पर पेंटिंग के रूप में बनाई हुई हैं। वे कहते हैं कि उन्होंने पेड़ों को भी जीवनशैली से जोड़ने का प्रयास किया है। एक ही पार्क में इंसान भी घूमते हैं, पशु, पक्षी भी घूमते हैं। पार्क और हरियाली सभी को बराबर मानते हैं। ऐसे में इंसानों को भी यह बराबरी का दर्जा औरों को देना चाहिये।

म्यूजिकल रिएलिटी शो के लिए आईएलएन और स्मूल इंक ने हाथ मिलाया

विजेताओं को जस्सी गिल, लीसा मिश्रा एवं कुशा कपिला के साथ ओरिजिनल म्यूजिक वीडियो में दिखाई देने का मौका मिलेगा

पायनियर समाचार सेवा। दिल्ली

भारत के सबसे बड़े मल्टी चैनल नेटवर्क (एमसीएन) में से एक, आईएलएन स्टूडियो ने भारत का पहला डिजिटल-ओनली म्यूजिकल रिएलिटी शो, स्मूल आईदिवा '1, 2, 3... रियाज' लॉन्च किया है। यह शो आईदिवा के बहुचर्चित शो साउथ दिल्ली गर्ल्स में निभाए गए प्रचलित किरदार बिल्ली मास्सी के प्रख्यात संवाद 123 रियाज पर आधारित है। इसमें पंजाबी पॉप स्टार, जस्सी गिल 'तारीफन' सेंसेशन, लीसा मिश्रा एवं आईदिवा की प्रसिद्ध कलाकार, कुशा कपिला दिखाई देंगे, जिसमें मेंटर्स अपने अपने दल के संगीत-प्रेमियों को हर हफ्ते एक गाने का चैलेंज देंगे, और वो स्मूल पर उनके साथ गाना भी गाएंगे। साप्ताहिक विजेताओं को उनके साथ ओरिजिनल म्यूजिक वीडियो में गाने और अभिनय करने का मौका मिलेगा। 12 हफ्तों में 12 चैलेंजेस तक चलने वाले, स्मूल आईदिवा '1, 2, 3... रियाज' का उद्देश्य एक सहयोगपूर्ण म्यूजिक प्लेटफॉर्म बनाना है, जो म्यूजिक को शिक्षा के क्षेत्र से हटकर इसे लोगों से जुड़ने और मनोरंजन का माध्यम समझते हैं। लॉन्च के मौके पर पंजाबी पॉप स्टार एवं मेंटर जस्सी गिल ने कहा, 'यह प्रयास अद्वितीय है और मैं इसका हिस्सा बनकर बहुत उत्साहित हूं।'

संक्षिप्त समाचार

एसडीएम आवास के सामने टूटा है सीवर का मैनहॉल

गुरुग्राम। नगर निगम क्षेत्र में क्षतिग्रस्त सीवर के मैनहॉल दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहे हैं। आवासीय क्षेत्रों सहित मुख्य मार्गों पर भी यही हाल दिखाई देता है। इन सीवरों के खुले मैनहॉल में गिर जाने से लोग चोटिल भी हो चुके हैं, लेकिन समस्या का समाधान होता दिखाई नहीं दे रहा है। नगर निगम प्रशासन इस समस्या के प्रति गंभीर नहीं है। शहर के पॉश क्षेत्र भी इस समस्या से अछूते नहीं रहे हैं। सिविल लाइन पॉश क्षेत्र माना जाता है। इस क्षेत्र में जिला उपायुक्त, पुलिस आयुक्त, पूर्व प्रदेश मंत्रियों व प्रशासनिक अधिकारियों के आवास भी स्थित हैं। सिविल लाइन क्षेत्र स्थित एसडीएम आवास के समक्ष सीवर के मैनहॉल का ढक्कन टूटा हुआ है, जिससे कभी भी कोई भयंकर दुर्घटना घटित हो सकती है, लेकिन इस ओर किसी का ध्यान नहीं जा रहा है जबकि इस क्षेत्र से नगर निगम सहित सभी प्रशासनिक अधिकारियों की आवाजाही रहती है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि जब अधिकारियों के आवासों के सामने ही सीवर के मैनहॉल टूटे पड़े हैं तो शहर के अन्य क्षेत्रों का क्या हाल होगा, इसका स्वयं ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

अपने शहर के लिए ईज ऑफ लिविंग सर्वे में दें सुझाव

गुरुग्राम। अपना शहर गुरुग्राम रहने के लिए कैसा है, इस बारे में भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा 29 फरवरी तक ईज ऑफ लिविंग सर्वे करवाया जा रहा है। नागरिक ऑनलाइन लिंक पर क्लिक करके पूछे गए सवालों का जवाब देकर अपनी प्रतिक्रिया जरूर दें। प्राप्त प्रतिक्रियाओं के आधार पर सरकार द्वारा गुरुग्राम के लिए विकासात्मक योजनाएं तैयार की जाएंगी। बता दें कि भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा स्मार्ट सिटी तथा मिलेनियम प्लस सिटी की श्रेणी में शामिल शहरों की सर्वे करवाई जा रही है। इस सर्वे में मिलेनियम प्लस सिटी गुरुग्राम भी शामिल है। इस सर्वे में स्वास्थ्य, शिक्षा, अफोर्डेबल हाऊसिंग, पब्लिक ट्रांसपोर्ट, स्वच्छता एवं कचरा उठान, एयर पॉल्यूशन तथा महिला सुरक्षा से संबंधित मुद्दों को शामिल किया गया है।

आशा वर्कर एएनएम और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण शुरू

सोहना। सोहना के नागरिक अस्पताल में आशा वर्कर एएनएम और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को नवजात शिशु का डेढ़ वर्ष तक पोषण करने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान शिशु के आहार से लेकर उसके विकास और पोषण का ध्यान रखने की जानकारी दी जा रही है । सोहना नागरिक अस्पताल में 185 आशा वर्कर, 29 एएनएम और एक सौ के लगभग आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को 8 चरणों में पांच-पांच दिन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

रक्तदान व निशुल्क जांच शिविर आयोजित

गुरुग्राम। सेक्टर-4 स्थित वैश्य समाज धर्मशाला में भारत विकास परिषद, विवेकानंद शाखा व रोटरी क्लब ब्लड बैंक द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। वैश्य समाज के प्रधान विजय अग्रवाल व रामकिशन गोयल ने बताया कि स्वास्थ्य जांच शिविर में चिकित्सकों ने 127 रोगियों की जांच की और 50 यूनिट रक्त भी एकत्रित भी किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ स्थानीय विधायक सुधीर सिंगला द्वारा किया गया। विधायक ने संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है। रक्त की कुछ बूंदें मरणासन्न व्यक्ति को जीवनदान दे सकती हैं। इसलिए सभी को वर्ष में एक बार स्वैच्छिक रक्तदान अवश्य करना चाहिए। शिविर में स्वास्थ्य जांच कराने आए लोगों को स्वास्थ्य के प्रति चिकित्सकों ने जागरुक भी किया। उन्होंने बदलते मौसम में क्या सावधानी रखी जाएं, इसकी जानकारी भी लोगों को दी। रक्तदाताओं को रक्तदान करने वाले लोगों को प्रशस्ति पत्र भी दिए गए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्थाओं के रजत छाबड़ा, राजेश अग्रवाल, रमेश सिंघला, बीडी पाहूजा, टीसी अग्रवाल, नरेश गुप्ता, अजय मंगला, राम अवतार मित्तल, विष्णुचंद गुप्ता, रामलाल ग्रोवर आदि का सहयोग रहा।

मेघा पीटीएम में अभिभावक और शिक्षकों ने सहमति बनाई

सोहना। राजकीय स्कूलों में वर्ष के आखिर में हुई पीटीएम में आने वाली बोर्ड और वार्षिक परीक्षा को महत्व दिया गया। शिक्षकों और अभिभावकों ने पिछली कमियों को दूर करने के लिए सहमति बनी। सोमवार को वर्ष 2019-20 की राजकीय स्कूलों में आखिरी मेघा पीटीएम हुई। जिसमें अभिभावकों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। वहीं शिक्षकों ने अभिभावकों के साथ बोर्ड और वार्षिक परीक्षाओं को प्राथमिकता देते हुए विद्यार्थियों को अच्छी तैयारियां करने पर जोर दिया। ताकि कक्षा 10 और 10 + 2 की कक्षाओं में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा की तैयारी अच्छे से कराई जा सके। इसके अलावा अन्य कक्षाओं में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की होम परीक्षा को भी पिछली कमियों को मध्य नजर रखते हुए तैयारी कराई जा सके। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल सोहना में कार्यवाहक प्रधानाचार्य वंदना ने बताया कि अभिभावकों और शिक्षकों के बीच बैठक में बहुत ही अच्छा वार्तालाप हुआ। जिसमें अभिभावकों की संख्या इस बार अन्य पीटीएम से अधिक थी। जिसका कारण वार्षिक परीक्षा को लेकर चिंतित अभिभावक को संतुष्ट करना रहा।

विधानसभा में सरकार को घेरेगी कांग्रेस

हुड्डा आवास पर विधायक दल की बैठक में बनाई रणनीति

कर्ज, धान घोटाला, कॉमन मिनिमम प्रोग्राम समेत कई मुद्दों पर होगी घेराबंदी

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के दौरान विपक्षी दल कांग्रेस द्वारा सत्तारूढ़ भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार को घेरने की तैयारी हो चुकी है। सोमवार को प्री बजट चर्चा से पहले पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा के आवास पर हुई विधायक दल की बैठक में कई अहम मुद्दों पर चर्चा की गई।

हुड्डा आवास पर हुई अनौपचारिक बैठक में प्री बजट चर्चा के दौरान रखे जाने वाले सुझावों के अलावा विधानसभा में बजट सत्र के दौरान उठाए जाने वाले मुद्दों पर भी चर्चा की गई। बैठक में हरियाणा सरकार द्वारा अब तक कॉमन मिनिमम प्रोग्राम जारी न किए जाने पर भी चर्चा की गई।

कांग्रेस के विधायक सदन के भीतर इस मुद्दे पर जवाब मांगेंगे। इसके अलावा हरियाणा में पिछले सत्र से लेकर अब तक प्रकाश में आया धान घोटाला भी सदन के भीतर सुर्खियां बटौरेगा। कांग्रेस पार्टी के विधायकों द्वारा सत्र के दौरान बुढापा पेंशन के अलावा कर्मचारियों के मुद्दों पर भी सरकार से सवाल किए जाएंगे। हुड्डा ने विधायकों से रूबरू होते हुए कहा कि हरियाणा में इस समय बेरोजगारी का मुद्दा सबसे गंभीर है। सरकार अभी तक इस बारे में कोई रोड मैप पेश नहीं कर सकी है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा में वर्ष 2014 में जब भाजपा सत्ता में आई थी तो हरियाणा के सिर केवल 61 हजार करोड़ का कर्ज था जो आज बढ़कर एक लाख 80 हजार करोड़ तक पहुंच चुका है। उन्होंने कहा कि सरकार केवल कर्ज लेकर काम चला रही है। इन सभी मुद्दों को हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र में उठाया जाएगा।

नकदी लूटने का आरोपी गिरफ्तार

सोनीपत। थाना खरखौदा पुलिस ने हथियार के बल पर नकदी लूटने की घटना में आरोपी को गिरफ्तार किया है। अदम उर्फ मोटा निवासी न्यू भारत कालोनी शहर भिवानी का रहने वाला है। पुलिस प्रवक्ता जगजीत सिंह ने बताया कि गत 26 फरवरी 2019 को अमरजीत निवासी जसराणा ने थाना खरखौदा में शिकायत दी थी कि वह गैस एंजेसी का कैश जमा करवाने के लिये फरमाना जा रहा था। रास्ते में तीन अज्ञात युवकों ने बाइक के सामने अपनी बाइक अड़ाकर हथियार के बल पर दो लाख रुपये की नकदी छीनकर ले गये हैं।

अनुसंधान टीम ने घटना में शामिल आरोपियों पवन उर्फ तोतला निवासी नाहरा जिला सोनीपत व सचिन उर्फ पैन्दा निवासी डाबौदा जिला झज्जर को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। रिमांड के दौरान अनुसंधान टीम द्वारा पवन उर्फ तोतला से लूटी गई नकदी के 50 हजार रुपये व सचिन उर्फ पैन्दा से लूटी गई नकदी के पांच हजार रुपये भी बरामद कर लिये गये थे। आरोपियों को न्यायालय में पेशकर न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया गया था।

मेरी फसल-मेरा ब्योरा पोर्टल पर रजिस्टर्ड फसल की होगी खरीद : एडीसी

कृषि व मार्केट कमेटी के अधिकारियों व कर्मचारियों को पंजीकरण करने के दिए निर्देश

करनाल। अतिरिक्त उपायुक्त अनीश यादव ने कहा कि किसानों की आगामी वही फसल मंडी में खरीदी जाएगी जिसका रजिस्ट्रेशन मेरी फसल-मेरा ब्योरा के तहत होगा।

उन्होंने किसानों से अपील की कि वह अपनी फसल का रजिस्ट्रेशन कृषि व मार्केट कमेटी के अधिकारियों से जरूर करवाएं। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वह किसानों के पास जाकर मेरी फसल-मेरा ब्योरा पोर्टल की जानकारी उनके फायदों के बारे में भी बताएं। अतिरिक्त उपायुक्त सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में मेरी फसल-मेरा ब्योरा पोर्टल से संबधित कृषि व मार्किट के अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिला में कुल 4 लाख 50 हजार एकड़ क्षेत्र कास्त योग्य भूमि है। इनमें से करीब 1 लाख 75 हजार एकड़ क्षेत्र पर गेहूं की फसल का उत्पादन हुआ है और करीब 5 हजार एकड़ क्षेत्र पर सरसों की खेती की गई है। इस पोर्टल पर गेहूं व सरसों की फसल को पंजीकरण किया जाना है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समय रहते किसानों की फसल का पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करें ताकि इन फसलों को मंडियों में बेचने में दिक्कत न आए। उन्होंने कहा कि जो भी पंजीकरण का लक्ष्य दिया गया है उसमें आना-कानी न करें, सप्ताह में हुए पंजीकरण का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करें, किसानों को उनकी फसल का रजिस्ट्रेशन करने के लिए जागरूक करें और उसके फायदे के बारे में भी बताएं।

संक्षिप्त समाचार

दुष्यंत चौटाला ने खोले रोजगार के द्वार : शिव बजाज

करनाल। जनजनायक जनता पार्टी के व्यापार प्रकोष्ठ से जुड़े कार्यकर्ताओं की बैठक युवा व्यापारी नेता शिव बजाज की अध्यक्षता में मुगल कनाल स्थित कार्यालय में हुई। मीटिंग में प्रदेश सरकार द्वारा व्यापारियों के हित में चलाई जा रही योजनाओं पर चर्चा की गई। इस मौके पर शिव बजाज ने कहा कि उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने युवाओं के लिए रोजगार के द्वार खोले हैं। हरियाणा में चल रहे उद्योगों और मल्टी नेशनल कंपनियों में प्रदेश के युवाओं को प्राथमिकता के आधार पर नौकरियां देने की योजना सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि सरकार ने व्यापारियों को काम करने के लिए अच्छा माहौल दिया है। करनाल में अधिक से अधिक व्यापारियों को जजपा के साथ जोड़ा जाएगा। कार्यकर्ता संपर्क अभियान चलाकर नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएंगे। इस अवसर पर मुनीष, राजन बठला, सतपाल माटा, बोबी कपूर, जितेंद्र बजाज, अशोक कंवल, मुनीष अरोड़ा, मनोज मलिक व रोहित आदि मौजूद रहे।

पश्चमी यमुना नहर में गंदा पानी जमा होने से बढ़ रहा प्रदूषण

रादौर। सूखी पड़ी पश्चिमी यमुना नहर में शहर का गंदा पानी महीनों से खड़ा हुआ है। गंदे पानी से शहर में वातावरण दूषित हो रहा है। जिससे स्थानीय लोगों का जीना दूभर हो गया है। काफी समय से शहर के लोग सरकार व प्रशासन के अधिकारियों से पश्चिमी यमुना नहर में पानी छोड़ने की मांग करते आ रहे हैं। जिससे गंदे पानी की समस्या से शहर के लोगों को छुटकारा मिल सके। लेकिन ऐसा नहीं हो पाया है। मामले को लेकर अखिल भारतीय दंडी स्वामी समाज के संरक्षक स्वामी महेशाश्रम महाराज ने मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर को पत्र लिखकर पश्चिमी यमुना नहर में कुछ समय के लिए पानी छोड़ने की मांग की है। जिससे नहर में खड़े गंदे पानी की समस्या का समाधान हो सके।

तलवारबाजी में छाई करनाल की दो बहनें

करनाल। करनाल की दो बेटियों ने तलवार बाजी की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में गोल्ड और सिल्वर मेडल जीते हैं। टीम स्पर्धा में दोनों ने ब्रांज मेंडल प्राप्त किए। दिल्ली में आयोजित की गई 30वीं नेशनल फैंसिंग चैंपियनशिप में तनिक्षा खत्री और शीतल दलाल ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। तनिक्षा ने सीनियर ग्रुप में गोल्ड मेडल जीता। खास बात यह रही कि फाइनल मुकाबला तनिक्षा और शीतल के बीच हुआ। शीतल को सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा। तनिक्षा और शीतल रिश्तेदारी में बहने हैं। बचपन से ही मधुबन पुलिस काम्पलेक्स में रह रही बहनों की तलवारबाजी में दिलचस्पी है। तनिक्षा अब तक राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 38 मेडल जीत चुकी हैं, जिसमें वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपना नाम चमका चुकी हैं। शीतल ने कुल 24 मेडल जीते हैं और वह भी अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में मेडल जीत चुकी हैं। तनिक्षा और शीतल की उपलब्धि से परिवार में खुशी का माहौल है। साथी खिलाड़ी जश्न मना रही हैं। दोनों बहने पटियाला में नेता जी सुभाष चंद्र बोस कॉम्पलेक्स में अभ्यास करती हैं। उन्होंने अब तक के सफर में साथ देने के लिए अपने प्रशिक्षकों का आभार व्यक्त किया है।

युवक के खिलाफ पोस्को एक्ट के तहत मामला दर्ज

रादौर। क्षेत्र के एक गांव में एक युवक ने जबरन एक नाबालिग युवती के घर में घुसकर उसके साथ जबरदस्ती की और उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने युवती की शिकायत पर युवक के विरुद्ध पोस्को व धारा 506 के तहत मामला दर्ज किया है। एक युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह घर पर अकेली थी। इस दौरान युवक रोहित जबरन उसके घर में घूस गया और उसके साथ जबरदस्ती की। उसके द्वारा शोर मचाने पर रोहित मौके से फरार हो गया। जिसके बाद युवती ने मामले की जानकारी अपने परिजनों को दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर युवक के विरुद्ध मामला दर्ज किया है।

दयानंद जन्मोत्सव समारोह आज से, निकाली जाएगी शोभायात्रा

करनाल। आर्य केंद्रीय सभा के तत्वावधान में करनाल जिले की आर्य समाजों, आर्य संस्थाओं एवं स्कूलों द्वारा महर्षि दयानंद जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में विशाल शोभायात्रा 18 फरवरी को दोपहर दो बजे निकाली जाएगी। यह विशाल शोभायात्रा महर्षि दयानंद के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए श्रद्धानंद अनाथालय से आरंभ होकर रेलवे रोड, कमेटी चौक, कर्ण गेट, पुरानी सब्जी मंडी, कुंजपुरा रोड और अस्पताल चौक से होती हुई रणधीर लेन पर समाप्त होगी। इस शोभायात्रा का करनाल के प्रमुख सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों द्वारा स्वागत किया जाएगा। आर्य केंद्रीय सभा के प्रधान आनंद सिंह आर्य, महामंत्री स्वतंत्र कुकरेजा, संरक्षक चौधरी लाजपत राय, सत्येंद्र मोहन कुमार, शांतिप्रकाश आर्य, शमशेर शास्त्री व प्रचार तथा मीडिया प्रभारी रजनीश चोपड़ा द्वारा बताया गया कि महर्षि दयानंद का जन्मोत्सव एवं बोधोत्सव समारोह बहुत ही हर्षोल्लास से श्रद्धानंद अनाथालय कर्णताल में 18 फरवरी से 21 फरवरी तक मनाया जाएगा।

सुमित का नेशनल जूनियर कबड्डी टूर्नामेंट के लिए हुआ चयन

पलवल। जीवन ज्योति सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र सुमित भड़ाना का चयन नेशनल जूनियर कबड्ड़ी टूर्नामेंट के लिए किया गया। उनका चयन नेशनल स्पोर्टस एसोसिएशन द्वारा आयोजित दिल्ली के बिधूड़ी स्पोर्टस क्लब में आयोजित ट्रायल के दौरान किया गया है। ट्रायल का रिजल्ट 10 फरवरी को घोषित किया गया था। सुमित की इस उपलब्धि से उनके परिवार में खुशी की लहर है। सुमित पलवल के जीवन ज्योति सीनियर स्कूल में 11वीं कक्षा के छात्र हैं। उनके पिता सुरेंद्र भड़ाना हरियाणा पुलिस में कार्यरत हैं। सुमित काफी समय से बिधूड़ी स्पोर्टस क्लब में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। फरवरी के प्रथम सप्ताह में दिल्ली में नेशनल जूनियर कबड्डी टूर्नामेंट की टीम के लिए ट्रायल हुए थे। जिसमें सुमित का चयन किया गया है। सुमित की इस उपलब्धि पर स्कूल प्रबंधन द्वारा उनका फूलमालाओं से स्वागत किया गया। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक वीरेंद्र गहलौत द्वारा उन्हें शुभकामनाएं दी गईं। अब सुमित रोहतक में आयोजित नेशनल कबड्डी टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे।

छात्रों को दिए शत-प्रतिशत अंक लेने के टिप्स

सोनीपत। राजकीय उच्च विद्यालय जाहरी में अध्यापक-अभिभावक मिटिंग के अंतर्गत मुख्याध्यापक मदन लाल गुप्ता ने विधार्थियों को परीक्षा में शत प्रतिशत अंक प्राप्त करने के टिप्स दिये। कला अध्यापक नरेश आकाश द्वारा मैट्रिक की प्री परीक्षा एवम अन्य कक्षाओं में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं से पौधारोपण करवाकर उन्हें प्रोहत्साहित किया गया। छात्रा खुशी, खूशबू, नैना, जीया, आंचल, छात्र रोहित, विकित, छात्रा तन्नू, रविना, छात्र पुनित, विक्रम, तन्नू, रेशमा, निकिता, जागृति, शुगुन व हिमांशु ने पौधारोपण करके पर्यावरण संरक्षण का सकारात्मक संदेश दिया। इस अवसर पर मनीष व हरिओम पौधे लेकर विद्यालय में मौजूद रहे। विद्यालय के अध्यापक वेदपाल, नरेन्द्र, राजकुमारी, ऋतु, बबीता व तन्नु आदि मौजूद रही।

यातायात नियमों की दी जानकारी

कुरुक्षेत्र। द्रोणाचार्य डिग्री कॉलेज के विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा, रक्तदान, शिक्षा और साईकिल की सवारी की महत्ता पर विशेष रूप से व्याख्यान दिया गया। यह व्याख्यान देते हुए डायमंड रक्तदाता एवं पर्यावरण प्रहरी डा. अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करना सभी का कर्तव्य है। नियमों को अपना कर ही हम सड़क पर सुरक्षित है, क्योंकि हमारे पीछे हमारे माता-पिता को हमारी बहुत आवश्यकता है। उन्होंने रक्तदान पर चर्चा करते हुए कहा कि 18 से 65 वर्ष की आयु का कोई भी स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है। जहां पुरुष 3 माह के अंतराल में रक्तदान कर सकते हैं, वहीं महिलाओं को 4 माह बाद रक्तदान करने का अवसर प्राप्त होता है।

रेस्क्यू टीम ने दिया घायलों को ऊंची इमारतों से सुरक्षित उतारने का प्रशिक्षण

जीवीएम गर्ल्स कॉलेज में फ्लैग होस्टिंग करवातीं वाईआरसी रेनू पोपली।

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी चंडीगढ़ एवं जीवीएम गर्ल्स कालेज ने संयुक्तरूप से आपदा प्रबंधन विषय पर आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का मुख्य अतिथि के रूप में सोसायटी के राज्य प्रशिक्षण अधिकारी संजीव धीमान ने शुभारंभ किया।

उनके निर्देशन में कार्यशाला के पहले दिन प्रतिभागियों को रेस्क्यू टीम की सहायता से आपदा के समय ऊंची इमारतों से घायलों को सुरक्षित नीचे उतारने का प्रशिक्षण दिया गया। इस सफल आयोजन पर संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. ज्योति जुनेजा ने बधाई दी। इस मौके पर जीवीएम की वाईआरसी रेनू पोपली ने फ्लैग होस्टिंग कराई।

जीवीएम की रेडक्रॉस इकाई के विशेष सहयोग से 17-18 फरवरी को राज्य स्तरीय कार्यशाल सफलता के साथ आयोजित की जा रही है। कार्यशाला में 16 जिलों की यूथ रेडक्रॉस इकाई की टीमें हिस्सा ले रही हैं, जिनमें संयोजक शिक्षकों के साथ सैकड़ों छात्र-छात्राएं शामिल हैं। कार्यशाला के पहले दिन के मुख्य अतिथि रहे सोसायटी के राज्य प्रशिक्षण अधिकारी संजीव धीमान ने प्रतिभागियों को आपदा प्रबंधन विषय पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। उनके निर्देशन में होम गार्ड के जवानों की सहायता से प्रतिभागियों को आगजनी तथा भूकंप के दौरान क्षतिग्रस्त इमारतों से कैजुएलिटी तथा घायलों को नीचे उतारने का प्रशिक्षण दिया गया। रेस्क्यू टीम ने दो समानांतर रस्सियों की सहायता से घायलों और मृतकों को नीचे उतारने का प्रशिक्षण दिया।

हिंज प्रणाली और फायरमैन लिफ्ट प्रणाली से भी घायलों को बाहर सुरक्षित स्थानों पर भेजने का प्रशिक्षण दिया गया। चेयर नॉट की सहायता से कैसे घायलों व मृतकों को निकाला जाता है, का भी प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान अन्य विशिष्ट अतिथियों के रूप में टेकचंद तथा ट्रेनर एमसी धीमान ने भी विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण जानकारी दी।

कार्यशाला के उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता कर रही जीवीएम की प्राचार्या डा. ज्योति जुनेजा ने अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत किया। जीवीएम की वाईआरसी रेनू पोपली ने फ्लैग होस्टिंग कराई। मंच का संचालन कुशलतापूर्वक प्राध्यापिका भूमिका शर्मा ने किया। इस अवसर पर जिला रेडक्रॉस सोसायटी की सचिव सरोजबाला सहित प्रतिभागी कालेजों के वाईआरसी उपस्थित रहे।

नई अनाज मंडी में मिली गंदगी मार्केट कमेटी को नोटिस जारी

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

नई अनाजमंडी में निरीक्षण पर पहुंचे वाइस चेयरमैन।

गंदगी की बारम्बार मिल रही शिकायतों के बाद स्वच्छ भारत मिशन के वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने सोमवार को अचानक करनाल की नई अनाज मंडी में छापामार कार्यवाही करते हुए खामियों को लेकर मार्किट कमेटी अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। मंडी में गदगी के अम्बार देख उन्होंने मार्किट कमेटी को नोटिस जारी करते हुए ठेकेदार का टैंडर रद्द करने की चेतावनी दी।

उन्होंने कहा कि भविष्य में अगर ऐसी लापरवाही दोबारा मिली तो उसका टेंडर रद्द कर दिया जाएगा। उन्होंने साफ कहा कि स्वच्छता को लेकर कोई कोताही सहन नहीं की जाएगी। सुभाष चंद्र ने कमेटी अधिकारीयों पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा की उनकी ये लापरवाही आम जनता के लिए बीमारी का सबब बन सकती है ऐसे में वे अपने कार्यालय से बाहर निकलें और मंडी की व्यवस्था को दुरुस्त करने पर ध्यान दें। उन्होंने मार्केट कमेटी को एक सप्ताह का समय देते हुए चेतावनी दी की अगर अगली विजिट में ये खामियां दोबारा मिलीं तो उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही अमल में लाइ जाएगी। उन्होंने कहा की अगर सरकारी विभाग ही अस्वच्छ होंगे तो आम जनता से आप क्या अपेक्षा करेंगे। स्वच्छ भारत मिशन केंद्र ही नहीं हरियाणा सरकार की भी प्रमुख प्राथमिकता में शामिल है जिसमें लापरवाही बिलकुल बर्दाश्त नहीं होगी। मिशन के वाईस चेयरमैन के जवाब तलब करने पर मंडी के सहायक सचिव संदीप चौहान और सुपरवाइजर जसबीर सिंह ने कहा की कमेटी सचिव आज किसी कार्यवश चंडीगढ़ गए हैं, उनके आते ही इस पर आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। इस अवसर पर मार्केट कमेटी अधिकारीयों के अलावा सुभाष त्रेहन, जयप्रकाश, आढ़ती अशोक कुमार, सुरेश शर्मा, नरेश कुमार, सुनील, पंकज सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

बच्चों के विकास में अभिभावकों, शिक्षकों का योगदान महत्वपूर्ण

इंद्री। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गढ़ी बीरबल में अभिभावक शिक्षक मेगा पीटीएम में अध्यापकों ने अभिभावकों के साथ बच्चों की प्रगति रिपोर्ट सांझा की। इस अवसर पर अभिभावकों के स्वागत के लिए प्रधानाचार्य कार्यालय के सामने एनएसएस की छात्राओं ने बहुत सुंदर रंगोली बनाकर अभिभावकों का स्वागत किया और अभिभावकों को छात्रों की कक्षाओं तक पहुंचने की सहायता के लिए प्रधानाचार्य कार्यालय के सामने हेल्प डेस्क लगाया गया। जिसमें कंप्यूटर टीचर देव कश्यप और राजेश ने अभिभावकों को छात्रों की कक्षाओं तक पहुंचने में अभिभावकों की सहायता की। मीटिंग में अभिभावकों को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य बीर सिंह राणा ने कहा हम बच्चों को जितना सिखाने का प्रयास करते हैं, उससे कहीं ज्यादा हम उनसे सीखते भी हैं। उन्होंने कहा बच्चों के विकास में सबसे अधिक योगदान अभिभावकों, शिक्षकों का होता है।

पूर्व सांसद के निधन पर कांग्रेसियों ने जताया शोक

कुरुक्षेत्र। हरियाणा कांग्रेस के दिग्गज नेता एवं पूर्व सांसद चौधरी खुर्शीद अहमद के निधन पर कांग्रेस पदाधिकारियों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए इसे कभी न पूरी होने वाली क्षति बताया है। कांग्रेस किसान प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मधुसूदन बवेजा एडवोकेट ने बताया कि 86 वर्षीय पूर्व सांसद ने बीती रात अंतिम सांस ली। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग की प्रदेश कार्यकारी अध्यक्षा रीना वाल्मीकि, पार्टी के पूर्व जिला महामंत्री सुभाष गुप्ता, वरिष्ठ कांग्रेसी अंकित गुप्ता एडवोकेट, महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनीता नेहरा सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी पूर्व सांसद के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत के पुत्र एवं नूंह से विधायक आफताब अहमद का ढांढस बंधाया है।

पढ़ाई के साथ खेलों में हिस्सा लेकर कॅरियर को दें मजबूत विकल्प : शर्मा

राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में छात्रों ने जीता स्वर्ण पदक

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

कबड्डी प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले खिलाड़ी स्कूल प्रिंसीपल के साथ।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गन्नौर के तीन छात्रों ने राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया है।

प्रिंसीपल खेमकरण शर्मा ने बताया कि बेस्ट प्रो कबड्डी एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में 16 फरवरी को राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। गन्नौर के खेल स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों की टीमों ने हिस्सा लिया, जिसमें सोनीपत की टीम में उनके विद्यालय के तीन छात्रों का चयन किया गया। जिले की टीम के लिए चयनित इन खिलाड़ियों में 11वीं कक्षा के आशू व अंकुश तथा 12वीं कक्षा के रोहित शामिल थे। लीग मुकाबलों में आक्रामक खेल दिखाते हुए सेमिफाइनल में पहुंची सोनीपत की टीम की भिड़ंत करनाल की टीम से हुई। अपने दमदार प्रदर्शन के बल पर सोनीपत ने करनाल को 46-28 से धूल चटाते हुए फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में सोनीपत का मुकाबला पानीपत की टीम के साथ हुआ। फाइनल में सोनीपत ने 52-34 के अंतर से जीत दर्ज कर प्रथम स्थान हासिल किया।

'स्माइल ट्रेन इंडिया' ने नई दिल्ली स्थित 'नेशनल हार्ट इंस्टीट्यूट' में 'क्लेफ्ट सेंटर' खोलने की घोषणा की

इस नए 'क्लेफ्ट सेंटर' में पूरे साल मरीजों के कटे होंठ और तालु का इलाज किया जाएगा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दुनिया की सबसे बड़ी बच्चों की क्लेफ्ट चैरेटी 'स्माइल ट्रेन इंडिया' ने 'नेशनल हार्ट इंस्टीट्यूट' के साथ अपनी साझीदारी की घोषणा की है। उन्होंने दिल्ली-एनसीआर में कटे होंठ और तालु की मुफ्त सर्जरी में सहयोग देने के लिये ऐसा किया है।

'नेशनल हार्ट इंस्टीट्यूट' के इस नये 'क्लेफ्ट सेंटर' में पूरे साल मरीजों के कटे होंठ और तालु के लिये मुफ्त उपचार उपलब्ध होगा। कटे होंठ और तालु की सर्जरी जाने-माने प्लास्टिक सर्जन, डॉ. करुण अग्रवाल करेंगे, जोकि 2009 से ही 'स्माइल ट्रेन' के साथ जुड़े हुए हैं। इस साझीदारी के बारे में बात करते हुए, शीला कोयना, प्रोग्राम मैनेजर, 'स्माइल ट्रेन इंडिया' ने कहा, ''ऐसे लाखों बच्चे हैं जोकि कटे होंठ और तालु के साथ पैदा होते हैं, जिन्हें मदद की जरूरत होती है लेकिन पैसे और इसके उपचार के बारे में जागरूकता के अभाव में समय पर उन्हें इलाज नहीं मिल पाता है। 'टीच ए मैन टू फिश' के हमारे मॉडल ने पूरे भारत भर में 300 से भी ज्यादा प्रोफेशनल्स और 150 से भी ज्यादा अस्पतालों को फंडिंग, ट्रेनिंग और अपनी कम्युनिटीज में 100 प्रतिशत मुफ्त में कटे होंठ और तालु का इलाज उपलब्ध कराने के साधनों के बारे में सक्षम बनाया। इस तरीके से कटे होंठ और तालु की देखभाल को लेकर दीर्घकालिक, दृढ़ तथा स्थायी प्रभाव डालने में मदद की। दिल्ली-एनसीआर में कटे होंठ तथा तालु के साथ पैदा होने वाले बच्चों की मदद करने के लिये 'नेशनल इंस्टीट्यूट' तथा डॉ. करुण अग्रवाल के साथ साझीदारी करते हुए बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है।'' साल 2000 से ही 'स्माइल ट्रेन इंडिया' वंचित बच्चों को कटे होंठ और तालु के इलाज में सहयोग देने के लिये सक्रियता से अपना काम कर रहे हैं।

भाविप श्री राधा कृष्ण शाखा ने खिलाड़ी को दी व्हील चेयर

करनाल। भारत विकास परिषद श्री राधा कृष्ण शाखा की ओर से देवेन्द्र बेनिवाल राष्ट्रीय स्तर के फेंसिग के खिलाड़ी को व्हील चेयर भेंट की। देवेंद्र बेनिवाल चार स्वर्ण, तीन रजत व एक कांस्य पदक जीत चुके हैं एक दुर्घटना के दौरान उनकी रीढ़ की हड्डी टूट गई। पर उन्होंने हार नहीं मानी और वे खेल में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं वे वर्ल्ड कप चैंपियनशिप में भी भाग ले चुके हैं।

अब आगामी खेलों के लिए उन्हें व्हील चेयर की आवश्यकता थी तो शाखा के सदस्यों के द्वारा उन्हें व्हील चेयर दी। शाखा की अध्यक्षा प्रियंका काठपाल तथा मार्गदर्शक गौरव खुराना के अनुसार मानुष सेवा सर्वोपरि है यदि हम किसी के काम आ पाएं तो यह हमारा सौभाग्य है। शाखा के सदस्यों प्रमोद नागपाल, संदीप कुकरेजा, दिलीप मोंगा अनिल अरोड़ा व जोगिन्द्र जूड द्वारा यह आश्वासन दिया गया कि वे आगे भी समाज सेवा में कार्य करते रहेंगे।

हर पात्र परिवार को मिलना चाहिए योजना का लाभ

कुरुक्षेत्र। हरियाणा विमुक्त घुमन्तू जाति विकास बोर्ड के सलाहकार दल सिंह मल्लाह ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा आमजन के कल्याणार्थ कई योजनाएं चलाई गई हैं। इनमें से मुख्यमंत्री परिवार समृद्धि योजना विशेष है, जिससे समाज के हर वर्ग के पात्र लाभान्वित हो सकते हैं। हरियाणा सरकार द्वारा जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक व सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से यह योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत हर पात्र परिवार को प्रति वर्ष 6 हजार रुपये तक की आर्थिक मदद देने का प्रावधान किया गया है।

उन्होंने बताया कि इस योजना में ऐसे सभी परिवारों को शामिल किया जाएगा, जिनकी मासिक आय 15 हजार रुपये या इससे कम है। इसके अलावा ऐसे परिवार जिनके पास 5 एकड़ से कम जमीन है, वह भी इस योजना के पात्र होंगे। योजना का लाभ लेने के लिए शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के पात्र परिवार अपने नजदीकी सरल केन्द्र अथवा कॉमन सर्विस सैंटर(अटल सेवा केन्द्र) पर जाकर अपना पंजीकरण करवा सकते है। उन्होंने बताया कि लाभार्थी को इस योजना में अपना पंजीकरण करवाने के लिए परिवार पहचान पत्र, परिवार के सभी सदस्यों के आधार कार्ड, सभी सदस्यों के बैंक खातों की पासबुक और परिवार के सभी सदस्यों का मानधन कार्ड साथ लेकर जाना होगा।

जिस प्रार्थी का परिवार पहचान पत्र या मानधन कार्ड नहीं बना है वह भी पंजीकरण के समय कॉमन सर्विस सैंटर पर उसी समय बनवाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और स्वास्थ्य विभाग की आशा कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में महिलाओं को इस योजना के प्रति जागरूक करने में जुटी हैं, तांकि ज्यादा से ज्यादा लोग इसका लाभ उठा सकें।

दूरसंचार उद्योग का भविष्य

उच्च तकनीकों के क्षेत्र में लंबी छलांग जरूरी

हाल में दूरसंचार क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन हुए हैं। वायस व डेटा सेवाओं तक सरल पहुंच ने मीडिया समेत अनेक उद्योगों को पूरी तरह बदल दिया है। लेकिन इसके बावजूद विवादास्पद एडजस्टेड ग्रास रेवेन्यू-एजीआर व दूरसंचार उद्योग द्वारा सरकार को देने वाला बकाया इसके लिए वित्तीय कठिनाइयां पैदा कर रहा है। भारत में वायस व डेटा सेवाओं के सस्ते होने के कारण उद्योग को हुए भारी नुकसान तथा प्रतियोगी दूरसंचार परिवेश से इसकी दीर्घकालीन जीवन्तता पर सवाल उठे हैं। सरकार ने दूरसंचार कंपनियों से एक लाख करोड़ से अधिक की मांग की है तथा सर्वोच्च न्यायालय ने वेलैंटाइन डे पर तेल व गैस कंपनियों समेत दूरसंचार कंपनियों को फौरन बकाया अदा करने का आदेश दिया है। लेकिन इससे उद्योग का खोखलापन सामने आया है और सोने का अंडा देने वाली मुर्गी मर सकती है। अब भारतीय दूरसंचार उद्योग का क्या होगा? वर्तमान समय में केवल तीन निजी दूरसंचार कंपनियों का प्रभुत्व है। ब्रिटिश टेलीकाम कंपनी वोडाफोन ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि वह भारत छोड़ने पर गंभीरता से विचार कर रही है जिससे केवल दो कंपनियां बचेंगी। इससे भारत में निवेश करने की इच्छा रखने वाली विदेशी कंपनियों को अत्यधिक नकारात्मक संदेश जाएगा और इसे अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए। केवल दो कंपनियों का वर्चस्व ग्राहकों का भविष्य अंधकारमय कर सकता है। क्या वोडाफोन की अनुपस्थिति में दोनों इसके ग्राहकों को समाहित करने में सफल होंगी? खराब काल गुणवत्ता तथा नेटवर्क कनेक्टिविटी की शिकायतें पहले ही आम हैं। अतीत के किसी समय की तुलना में नई तकनीकों में निवेश आज बहुत जरूरी हो गया है। लेकिन

सरकार का मानना है कि अपने हिस्से का भुगतान न करने वाली टेलीकाम कंपनियों को अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए और अदालत ने उचित ही सरकार के पक्ष में फैसला दिया है। लेकिन उसे व्यावहारिक रूप से किश्तों में भुगतान की सुविधा देनी चाहिए। कुछ विशेषज्ञों ने पूर्वगामी प्रभाव से कर नीति बदलने का भी सुझाव दिया है। सरकार पांचवीं पीढ़ी की 5जी मोबाइल सेवाओं के लिए जल्द ही नीलामी करेगी, इसलिए उसे थोड़ा व्यावहारिक होना चाहिए। तुलनात्मक रूप से स्वस्थ टेलीकाम कंपनियों के प्रक्रिया में भाग लिए बिना सरकार को उचित लाभ नहीं मिल सकता है। ऐसे में कुछ लोगों को आशंका है कि यह फैसला तथा भुगतान पर जोर देना एक खास कंपनी व व्यक्ति को लाभ पहुंचाने के लिए है।

भारत की अगली पीढ़ी की सेवाओं में फौरन प्रगति जरूरी है। मोबाइल डेटा तक सस्ती व आसान पहुंच ने देश को बहुत बदल दिया है। ये नई सेवायें 'इंटरनेट आफ थिंग्स'-आईओटी को यथार्थ में बदल देंगी तथा भारत की विशाल युवा पीढ़ी को कई प्रकार की सेवायें देंगी। हालांकि, भारत में डेटा सबसे सस्ता है, पर उद्योग का मुनाफा कमाना व प्रतियोगी बने रहना भी जरूरी है। भारत की सस्ती बाजार में 'जुगाड़' का वर्चस्व है जिसे ठीक नहीं कहा जा सकता है। भारत को उपभोग बढ़ा कर व कीमतें सस्ती रख कर अर्थव्यवस्था मजबूत करनी चाहिए। हाल ही में दूरसंचार कंपनियों ने दाम बढ़ाए हैं और सरकार ने इनकी सहायता की है। भारत के हित में है कि दूरसंचार उद्योग प्रतियोगी बने। इससे सेवायें बेहतर होंगी। हमें किसी एक कंपनी को वर्चस्व देने के रास्ते पर आगे नहीं बढ़ना चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय को भी इस तथ्य पर ध्यान देना चाहिए। नीतिगत सुधारों का प्रयास करने के साथ ही सरकार को दूरसंचार उद्योग को जीवन्त बनाने पर भी ध्यान देना चाहिए। दूरसंचार क्षेत्र की मजबूती जरूरी है।

जम्मू-कश्मीर में मौजूदा राजनीति के मायने

जम्मू ने हमेशा भारत को अपने रक्त से मजबूत किया है। यदि इसे कश्मीर की कीमत पर स्वीकृति मिलने की बात कही जाती है तो इससे डोगरा पहचान तथा अतीत के सामंतों की पहचान और कमजोर होगी।

भूपिंदर सिंह
लेखक सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी व पूर्व उपराज्यपाल हैं)

स्वतंत्रता के बाद जनता की समझ से राजनीतिक भावनाओं व प्रशासनिक प्राथमिकता में 'क्राउन आफ इंडिया' की स्वीकार्यता कश्मीर घाटी में नहीं मिली। इसके बाद रणनीतिक लद्दाख का स्थान था जिसे 'दर्रों की भूमि' कहा जाता है। इसके बाद जम्मू के डुग्गर क्षेत्र का स्थान था। घाटी में 'सामान्य' स्थिति बहाल करने के लिए केन्द्रशासित क्षेत्र-यूटी बनाने के मामले में यह पदानुक्रम पुन: बनाया गया। घाटी को सर्वाधिक चिन्ता का विषय मानते हुए कश्मीरी पंडित मुद्दे के तात्कालिक समाधान पर बात की गई तथा जम्मू क्षेत्र को प्राथमिकता के अंत में रखा गया।

इस प्रकार यह पदानुक्रम अब भी बना हुआ है। स्वतंत्रता-पूर्व युग के डोगरा राज्य की भूमि का दर्जा लगातार गिरा है जिसका विस्तार जम्मू कश्मीर के कुछ क्षेत्रों, लद्दाख तथा पश्चिमी तिब्बत, हुंजा, गिलगिट-बाल्टिस्तान व नागर तक था। यह भाग्य की विडंबना है। ब्रिटिश राज में शामिल होने वाला सबसे बड़ा देशी राज भारतीय साम्राज्य का छोटा हिस्सा तथा इतिहास की पाद-टिप्पणी बन कर रह गया। देर में अधिग्रहण के कारण इसे जानबूझ कर नई राजनीतिक शक्तियों व भावनाओं ने कुचला तथा 'नई दिल्ली' ने जानबूझ कर जम्मू क्षेत्र को महत्वहीन बना दिया। यदि 1947-48 में पहले कश्मीर युद्ध में उसकी भूमिका के कारण पाकिस्तान की निन्दा हुई तो आंतरिक रूप से महाराजा हरि सिंह को सुविधाजनक रूप से एक अनिच्छुक राजा की तरह पेश किया गया जिनके शासन में हालत लगातार खराब होती गई। इस विमर्श से स्वतंत्र भारत को सार्वजनिक रूप से द्विराष्ट्र सिद्धान्त खारिज करने का मौका मिला जब कश्मीर में राजनीतिक शक्तियों को व्यवस्थित रूप से 'जम्मू' की प्राथमिकता को समाप्त करने तथा लोकतांत्रिक व निष्पक्ष 'भारत' को नैतिक रूप से उच्च स्थान पर रखने में सहायता मिली। 'जनमत संग्रह' के अनावश्यक भ्रम ने उस राजनय को जन्म दिया जिसने कश्मीर में न्याय की बात करते हुए 'जम्मू' की संवेदनशीलताओं को पूर्व डोगरा शासकों की किस्मत से जोड़ दिया। महाराजा को अपना सिंहासन छोड़ना पड़ा और एक टूटे हुए व्यक्ति के रूप में उनकी मृत्यु हुई। दिल्ली में जम्मू का कोई स्वर नहीं था जो भारत की महत्वाकांक्षाओं में उसे उचित स्थान दिला सकता। अनुच्छेद 370 को लौह-दीवार में कैद करने से जम्मू की किस्मत जम्मू कश्मीर के दायरे में कैद हो गई, जबकि राज्य के भीतर कश्मीर बाद में सारी चीजों के केन्द्र में आ गया।

राज्य के मामलों में दो विशिष्ट गत्यात्मकताओं का प्रभुत्व रहा है। पहला, शेख अब्दुल्ला की राजनीतिक महत्वाकांक्षा के चलते 'दिल्ली' से उनके संबंध परिवर्तनशील रहे जिसके कारण एक-दूसरे के बीच चूहे-बिल्ली जैसा खेल चला। 'जम्मू' की इस बारे में भूमिका महत्वहीन रही। दूसरा, भारतीय नागरिकों के बारे में राष्ट्रीय दृष्टिकोण तथा 1947-48, 1965, 1971 व 1999 के युद्ध और 1990 दशक के बाद सशस्त्र विद्रोह हैं जिसके कारण कश्मीर केन्द्र में रहा तथा पाकिस्तान-चीन संबंधों के चलते लद्दाख का स्थान महत्वपूर्ण था। हालांकि, जम्मू क्षेत्र में सांभा-पठानकोट गलियारा 'चिकन नेक' की तरह लगातार रणनीतिक जोखिम का शिकार है। यहां युद्ध इतिहास का सबसे भयानक टैंक युद्ध हुआ था, पर यह केवल सैनिक रिकार्ड का हिस्सा रहा। लेकिन इसे सिलीगुड़ी कारीडोर में दूसरे

अनुच्छेद 370 समाप्त करने तथा केन्द्रशासित क्षेत्र के रूप में पुनर्गठन का जम्मू में अंतर्निहित व सोचे-समझे उत्साह से स्वागत किया गया, लेकिन इसके बाद फिर सुस्ती जैसी स्थिति पैदा हो गई है। इससे ऐतिहासिक रूप से अप्रासांगिक 'जम्मू-श्रीनगर विभाजन' और मजबूत हुआ है

'चिकन नेक' जितना महत्व नहीं मिला। खतरे के प्रति इसी दृष्टिकोण के कारण जम्मू क्षेत्र में छावनी कस्बों की संख्या काफी है जो भारत की 'अखंडता' एवं 'संप्रभुता' सुनिश्चित करने में अग्रणी भूमिका निभाते हैं। यह काम बहुत लंबे समय से जारी है। विदेशी हमलावरों तथा हत्यारों से रक्षा करने में ये पहली रक्षा पंक्ति हैं। इस प्रकार क्षेत्र में लगातार जम्मू के उद्देश्य, प्रासांगिकता व संवेदनशीलता को कमजोर करने के प्रयास संस्थाबद्ध रूप से हुए। जम्मू के सरोकारों को संबोधित नहीं किया गया। जल्द ही सामाजिक व सांस्कृतिक घटनाक्रम राजनीतिक-धार्मिक स्वरों के रूप में उभरा जिसे 'जम्मू-श्रीनगर विभाजन' के रूप में पेश किया गया। हालाकि, ऐसे अति-सरलीकृत 'विभाजनों' ने पक्षपाती राजनीति को आगे बढ़ाने में अमूल्य योगदान दिया, पर इससे डोगरा राज्य की सेक्युलर, बहु-सांस्कृतिक व शानदार परंपराओं को विकृत करने का काम भी किया।

जम्मू क्षेत्र की संरचना भी समरूपी नहीं है। इससे वह डोगरा शासकों के यथार्थ के विपरीत 'हिंदू' पहचान वाली मिलिशियाओं की जन्मस्थली बन गया, जबकि डोगरा शासकों की प्रगतिशील जड़ों, संस्कृतिबद्ध सेक्युलरवाद, समानता तथा अनेक अन्य सामाजिक स्वतंत्रताओं को संविधान में स्थान मिला। जम्मू क्षेत्र के 10 जिलों में एक धार्मिक-सामाजिक-सांस्कृतिक विविधता है जो अपनी गरिमा व व्यापकता में 'भारत' के समकक्ष समझी जा सकती हैं। इस क्षेत्र में डोगरा हिंदू, सिख तथा मुसलमान रहते हैं जो घाटी के मुसलमानों से अलग हैं। उनकी पहचान घुमंतू गुज्जर-बकरवाल आदिवासियों के रूप में है जो कठुआ में एक छोटी बच्ची से भयानक बलात्कार के बार कुछ समय पहले खबरों में रहे हैं। 'जम्मू-श्रीनगर विभाजन' के अति-सरलीकरण व अति-विघटन के कारण पूर्णत: गलत सांप्रदायिक सोच विकसित हुई, जबकि गुज्जर व बकरवाल नस्ली रूप से कश्मीरी मुसलमानों से एकदम अलग हैं। दु:ख की बात है कि जम्मू की परेशानियां अनदेखा करने के कारण एक अनावश्यक व सांप्रदायिक रूप से द्वैध प्रतिक्रिया पैदा हुई है।

जम्मू क्षेत्र की सामाजिक, बहु-सांस्कृतिक व वीरतापूर्ण परंपरायें तथा इतिहास अनोखा है और इसे भारतीय सशस्त्र बलों तथा तथा स्वयं जम्मू के लोगों ने अनदेखा किया है। डोगरा सैनिकों को 'सभ्य सैनिकों' के रूप में जाना जाता है जो उनकी सर्वोत्तम सैनिक परंपराओं, सोच तथाा सभ्यतामूलक संवेदनशीलता पर आधारित हैं। इस क्षेत्र ने न केवल डोगरा, जम्मू कश्मीर राइफल्स, जम्मू कश्मीर लाइट इन्फैंट्री, पंजाब रेजीमेंट व अनेक अन्य रेजीमेंटों में व्यापक योगदान किया, बल्कि बाकी भारत शायद इस तथ्य से परिचित नहीं है कि देश की सेवा में इस क्षेत्र को सर्वाधिक वीरता पुरस्कार मिले हैं। निश्चित रूप से इससे समग्र डोगरा पहचान मजबूत होती है। जम्मू के गरिमापूर्ण मौन और बलिदान को सुविधाजनक रूप से अनदेखा किया गया तथा सामान्य माना गया, जबकि इससे कश्मीर तथा सभी पार्टियों के दुष्ट राजनेताओं को मुख्य स्थान पर आने में सहायता मिली।

अनुच्छेद 370 समाप्त करने तथा केन्द्रशासित क्षेत्र के रूप में पुनर्गठन का जम्मू में अंतर्निहित व सोचे-समझे उत्साह से स्वागत किया गया, लेकिन इसके बाद फिर सुस्ती जैसी स्थिति पैदा हो गई है। इससे ऐतिहासिक रूप से अप्रासांगिक 'जम्मू-श्रीनगर विभाजन' और मजबूत हुआ है तथा भविष्य में राजनीतिक फसल काटने का रास्ता साफ हुआ है। विकास के साथ ही जम्मू को ऐतिहासिक स्वीकार्यता तथा सुधार की आवश्यकता है। इसके लिए राष्ट्रीय इच्छाशक्ति की आवश्यकता है। हालांकि, विधायिका में सदस्यों की ज्यादा संख्या महत्वपूर्ण है, पर केवल यह काफी नहीं है क्योंकि यह क्षेत्र फिर राजनीतिक सक्रियता के केन्द्र में आ सकता है। जम्मू ने हमेशा भारत को अपने रक्त से मजबूत किया है। यदि इसे कश्मीर की कीमत पर स्वीकृति मिलने की बात कही जाती है तो इससे डोगरा पहचान तथा अतीत के सामंतों की पहचान और कमजोर होगी। इससे एक बार फिर वह राजनीतिक नुकसान उठा सकता है।

रोजी-रोटी के लिए दिया जनता ने वोट

शिवाजी सरकार
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

हाल ही में संपन्न हुए दिल्ली विधान सभा चुनावों में जनता ने विकास एवं उत्तरजीविता के लिए वोट दिया। यह जनादेश रोजमर्रा के संघर्षों व कठिनाइयों का परिलक्षण है। कल्याणकारी उपायों ने आम आदमी पार्टी सरकार को मध्य वर्ग में तथा गरीबों में लोकप्रिय बनाया है। इनमें खासकर असंगठित वर्ग के लोग हैं, जो दिल्ली मेट्रो में यात्रा नहीं कर सकते, तथा खर्चीली बिजली व अस्पताल के बिल नहीं भर सकते। आप संयोजक व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एक मृदु व जनहितैषी चेहरा बनकर खुद को पेश किया है। अनेक भाजपा प्रचारकों का कहना है कि गरीब व मध्य वर्ग ने उनको वोट दिया है। लेकिन, पार्टी विजय का कारण मुख्यत: कांग्रेस के वोटों का उसके पक्ष में आना तथा भाजपा व आप के बीच मतों का विभाजन है। दिल्ली भाजपा को उम्मीद थी कि मजबूत कांग्रेस आप के वोट तोड़ेगी, लेकिन इस सबसे पुरानी पार्टी ने निराश किया तथा मतदाताओं ने आप को विजय दिलाना उचित समझा। बहुत से लोग इसे कांग्रेस की रणनीति कहते हैं, जो भावी विपक्षी गठबंधन की तैयारी कर रही है। दिल्ली भाजपा के आंकलन के अनुसार, कांग्रेसी मतदाताओं का एक हिस्सा उसके साथ भी आया है, जबकि गरीब व अल्पसंख्यकों ने आप को वोट दिया है।

पश्चिम बंगाल में भाजपा के चुनाव प्रबंधकों को चिंता है, जहां 2021 की शुरुआत में चुनाव होने हैं। भाजपा राज्य प्रमुख, दिलीप घोष चाहते हैं कि पार्टी पहचान की राजनीति पर कठोरतापूर्वक आगे बढ़े, लेकिन ज्यादा उदारवादी तत्व चाहते हैं कि पार्टी वैचारिक मुद्दों को महत्व देते हुए एक ठोस सुधासन एजेंडा तथा मुख्यमंत्री का एक चेहरा पेश करे। मध्यमार्गियों ने संभवत: जनता की सोच समझी है, क्योंकि देश का आम आदमी अब भी आजीविका, स्वास्थ्य व शिक्षा के प्रमुख मुद्दों पर वोट देता है। इसी कारण केजरीवाल की विजय हुई है। शाहीन बाग व नागरिकता संशोधन कानून विरोधी आंदोलनों को भी यह समझने की आवश्यकता है कि पहचान की राजनीति पर टकराव ने लोगों को परेशान कर दिया है। इसके साथ ही, अर्थव्यवस्था के व्यापक मुद्दे हैं। एलपीजी मूल्य में 145 रुपए की वृद्धि उनका भय

प्रकट करती है। भाजपा के अनेक कार्यकर्ता भी सोचते हैं कि नई अर्थव्यवस्था में ग्राफ ऊपर जाना चाहिए। संभवत:, भाजपा ने मूलभूत जनहितैषी घोषणापत्र बनाने में भी सावधानी नहीं बरती। मजेदार बात है कि इसके बावजूद भाजपा के प्रमुख नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब भी जनता के दिलोदिमाग पर शासन करते हैं। यह दिल्ली चुनाव के पहले प्रचार के दौरान भी सामने आया। दिल्ली के अनेक गरीब लोगों की तरह, जनता चाहती है कि वो उनकी देखभाल करें तथा टैक्स, रेल किराया, बैंक चार्ज, टोल दरें कम करें व घरेलू बचत पर ब्याज दर बढ़ाएं ताकि लोगों को राहत मिले। दिल्लीवासियों के लिए केजरीवाल बहुप्रतीक्षित राहत लेकर आए हैं। हालांकि, कुछ मुद्दों को चुनाव गंभीरता से नहीं रखा गया, पर शहर में इनकी चर्चा रही। जैसे कि कनाटप्लेस क्षेत्र, मदनगिरी, शाहीन बाग जैसे मुद्दे। लोग सीएए से भयभीत हैं और उनका यह भय आजीविका, भोजन व आवास पर खर्च से और गंभीर हो रहा है। दिल्लीवासियों ने उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर भी चर्चा की, जो दिसंबर में 7.35 प्रतिशत की तुलना में जनवरी में 7.50 प्रतिशत हो गया। नवीनतम एलपीजी मूल्य वृद्धि से भाजपा के भीतर अनेक लोग ये सब्सिडी पुन: प्राप्त करने के पक्ष में हैं, जिसे एक राष्ट्रीय आह्वान के चलते समाप्त किया गया था। अस्थिर अर्थव्यवस्था में सैकड़ों रुपयों का भी महत्व है और केजरीवाल ने इसी पर ध्यान देते हुए बिजली, पानी व शिक्षा में रियायत दी। इससे एक और चर्चा प्रारम्भ हुई कि क्या सरकार को वस्तुओं के दाम या रेल किराया बढ़ाना चाहिए या सार्वजनिक क्षेत्र पर नियंत्रण बनाए रखना चाहिए।

न केवल वामपंथी बल्कि भाजपा से जुड़े संगठन भी चर्चा करते हैं कि राजकोषीय दायित्व एवं बजट प्रबंधन कानून सरकार पर बाध्यकारी नहीं होना चाहिए। इसके साथ ही, सार्वजनिक क्षेत्र संगठनों, आरबीआई, एलआईसी, एयर इंडिया व बीपीसीएल को बढ़ावा मिलना चाहिए। यह सवाल भी उठ रहा है कि निजी कम्पनी रिलायंस पेट्रोलियम अपने शेयर सऊदी अरब की अरामको कम्पनी को क्यों बेच रही है। क्या यह राष्ट्रीय मुद्दा नहीं है और निजी क्षेत्र राष्ट्रीय सम्पत्तियों के बारे में विचार नहीं करता जबकि आर्थिक राष्ट्रीयता पर भी चर्चा हो रही है।

राजनीतिक दलों को समझना चाहिए कि भारतीय राजनीति का महत्वपूर्ण तत्व क्या है। उन्होंने पुलवामा आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान को दंड देने के लिए भाजपा की प्रशंसा की, पर अब उनको आर्थिक सुरक्षा की चिंता अधिक है। राजनीतिक दलों को इसे ठीक से परिभाषित करने की आवश्यकता है। केजरीवाल ने रणनीतिक रूप से चालाकी बरतते हुए पहचान के जाल में फंसने से इनकार किया तथा मतदाताओं से कहा कि वो उनके काम पर वोट दें। भारतीय राजनीति का भविष्य भाजपा को कमजोर नहीं करता। उसका प्रमुख आधार मजबूत बना हुआ है, तथा वह तेजी से ध्रुवीकरण कराने में सक्षम है। उसे यह सोचना होगा कि क्या केवल इसी घोड़े पर सवारी करनी है या कुछ अन्य जनहितैषी आर्थिक पहल करनी है। विपक्ष चाहे जितना एकजुट हो, पर उसे अभी महत्वपूर्ण वैचाारिक या आर्थिक विमर्श तैयार करना है। भविष्य किसी ऐसे राजनीतिक नेतृत्व पर निर्भर है जो कल्याणकारी अर्थशास्त्र को कम टैक्सों, किरायों तथा मजबूत बैलेंसशीट व बेहतर जीवन मानकों से संतुलित कर सके। संक्षेप में यह सबके लिए खुशी लाने की बात होगी। राजनेताओं को समझने की आवश्यकता है कि भारत उस अच्छे दिन की प्रतीक्षा कर रहा है।

आप की बात

समस्या सुलझाए सरकार

आज से अनिश्चित कालीन धरने पर बिहार के अभी शिक्षक गए हैं। ऐसा नहीं है कि यह धरना एक ही मांग के लिए इस बार ही हो रही है। ऐसा कई साल से हो रहा है। वही उनकी मांग पूरी करने की जगह उनकी सुविधाओं की बली चढ़ा रहे है। जिसमें अनुकम्पा और सेवानिवृत्त पेंशन है। जिसकी लिए शिक्षक कानूनी प्रक्रिया द्वारा सरकार के इस फैसले पर पुन: विचार करने को कहा है। क्यों सेवानिवृत्त होने के बाद पेंशन ही एकमात्र सहारा होता है। वही सेवाकाल के दौरान मृत्यु होने के बाद अनुकम्पा ही परिवार की रीढ़ होती है। जिसपर सरकार को विचार करना चाहिए। साथ ही समान काम का समान वेतन के लिए शिक्षक कई वर्षों से आंदोलन कर रही है। वही सरकार इसे रोकने के लिए बर्खास्त करने के बेतुके बयान देते हैं। साथ ही कहते है शिक्षक अयोग्य है और जितना वेतन दिया जा रहा है काफी है। अगर शिक्षक अयोग्य है तो उन्हें अविलंब हटाएं इससे तो साफ पता चलता है कि सरकार बच्चों की भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। इतने वर्षों से अयोग्य शिक्षकों को ना हटाना शिक्षकों की योग्यता का प्रमाण है। तथापि उन्हें सामन काम का समान वेतन दिया जाए। वैसे शिक्षा में कमी तो है लेकिन ये सरकार की नाकामी है।

- मंकेश्वर महराज

वाहनों पर जातिसूचक स्टीकर

भारतीय समाज में यहां के समाज के कुछ अत्यधिक धूर्त व कुछ स्वार्थी तत्वों द्वारा ,अपने स्वार्थ व एक विकृत उच्च मानसिकतापूर्ण सोच के तहत मानव जाति को,छल-कपट और मनुष्यता की हत्या करते हुए, ऊंच-नीच, भेदभावपूर्ण एक और जातिवादी व्यवस्था कायम किया गया, जिससे भारतीय समाज में अश्पृश्यता, छूआछूत, जातिगत् वैमनस्यता, दुराग्रह व आपसी घृणा आदि हजारों बुराइयों का जन्म हुआ। जातिवाद रूपी बुराई से भारतीय समाज व इस राष्ट्र को अकथनीय नुकसान हुआ है, इसमें कोई संदेह नहीं है। इस बुराई ने समाज के एक बड़े तबके को वंचित करके हाशिए पर बिठाकर रखा जिससे बहुत नुकसान हुआ। हमारा देश हजारों साल गुलामी की जंजीरों में जकड़ा रहा, विदेशी आक्रांताओं ने करोड़ों लोगों की निर्ममता से हत्या की व असीमित जुल्म ढाए। इसका इतिहास गवाह है। पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट, राजस्थान व नोयडा पुलिस द्वारा, गाड़ियों पर जातिवादी सूचक व विभागीय रौब गांठने वाले नेमप्लेट व स्टीकरों को प्रतिबंधित कर स्तुति योग्य कार्य किया है। अब यह नियम सारे देश में लागू होना चाहिए।

- निर्मल कुमार शर्मा

दागी नेताओं पर शिकंजा

सुप्रीम कोर्ट ने दागी नेताओं को टिकट देने पर तल्ख टिप्पणी करते हुए, सभी राजनीतिक पार्टियों की वेबसाइट पर कारण बताने को कहा है। यह राजनीति के अपराधीकरण को रोकने के लिए दिया गया फैसला है। सुप्रीम कोर्ट का फैसला सराहनीय है क्योंकि कई बार फटकार के बाद भी राजनीतिक पार्टियां दागी नेताओ को टिकट दे रही हैं। राजनीतिक दलों के लिए केवल सत्ता और वोट महत्वपूर्ण है। ऐसा लगने लगता है कि सभी राजनीतिक दलों द्वारा की जाने वाली चाल-चरित्र की बातें केवल चुनावी भाषणों में सिमट कर रह गयी हैं। जिन नेताओं पर आपराधिक मामले गम्भीर धाराओं में दर्ज होते है, उनसे महिला सुरक्षा और भय मुक्त वातावरण की उम्मीद आखित कैसे कर सकते हैं? दागी नेताओं की संख्या सदन में बढ़ना बेहद चिन्ताजनक है। राजनीतिक पार्टियों की यह जिम्मेदारी बनती है कि किसी भी आपराधिक छवि और दागी उम्मीदवार को टिकट न दिया जाए। जनता को भी जागरूक बनकर ऐसे लोगों को चुनावो में वोट नही देना चाहिए।

- महेश सिद्धमुख

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से **pioneerhry@gmail.com** पर भी भेज सकते है।

फरमाया

मैंने कहा था कि कोरेगांव मामले की एनआईए जांच पर राज्य सरकार को विश्वास में लेना चाहिए। सीएम को मेरी राय खारिज करने का अधिकार है।

- अनिल देशमुख
महाराष्ट्र के गृह मंत्री

केन्द्र का राज्य के अधिकारों में हस्तक्षेप अनुचित है। इस पर राज्य द्वारा केन्द्र का समर्थन गलत है।

- शरद पवार
रांकापा अध्यक्ष

अतीत की तुलना में संरा. की विश्वसनीयता घटी है। यह 75 वर्ष पुरानी संस्था के लिए आश्चर्यजनक नहीं है, पर अनेक अच्छाइयां भी हैं।

- एस. जयशंकर
विदेश मंत्री

अवैध अतिक्रमण करने वालों पर प्रशासन ने कसा शिकंजा

झांसा रोड पर चलाया पीला पंजा

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

प्रशासन द्वारा चलाया गया अतिक्रमण हटाओ अभियान सोमवार को भी जारी रहा। आज यह अभियान झांसा रोड पर चलाया गया, जबकि दोपहर बाबैन क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण को भी हटा दिया गया। काबिलेजिक्र है कि पिछले दिनों उपायुक्त धीरेंद्र खडगटा ने शहर के विभिन्न स्थानों का निरीक्षण कर अवैध अतिक्रमण की स्थिति देखी और इसके बाद उन्होंने अवैध अतिक्रमणधारियों पर सख्ती से कार्रवाई करने के आदेश दिए। इसके उपरांत थानेसर नगरपरिषद की टीम जिला प्रशासनिक अधिकारियों की देखरेख में लगातार अवैध अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाए हुए है। इसी क्रम में सोमवार को झांसा रोड पर टीम ने अवैध निर्माण का हटाते हुए दुकानदारों को दोबारा अतिक्रमण न करने की हिदायत दी। हालांकि इस दौरान कुछ दुकानदारों ने इसका विरोध करने का प्रयास भी किया और अपील-दलील देकर टीम से ऐसा न करने की गुहार लगाई।

मगर अधिकारियों के सामने उनकी कोई पेश न आई और टीम अपना काम करती रही। उधर निकटवर्ती कसबा बाबैन में भी प्रशासन ने अवैध अतिक्रमणकारियों पर सख्त रूख अख्तियार करते हुए दोपहर के समय बाजार में रखे गए खोखों व दुकानों पर पीला पंजा चलाया। प्रशासन द्वारा औचक की गई इस कार्रवाई से बाबैन के दुकानदारों में हडकंप मच गया। एसडीएम लाडवा अनिल यादव ने बाबैन में अतिक्रमण हटाने के लिए नायब तहसीलदार रूपिन्द्र सिंह को डयूटी मैजिस्ट्रेट नियुक्त किया था, जिनके दिशा-निर्देशानुसार पीडल्ब्यूडी विभाग के एसडीओ ललीत कुमार ने भारी पुलिस बल के साथ मिल कर लाडवा-शाहाबाद रोड पर पक्की निर्मित दुकानों के आगे बने लोहे के शैड व नीचे बने ईंटों के धडों को उखाड फैंका। प्रशानसन द्वारा अचानक हुई इस बड़ी कार्यवाही से शहर के दुकानदार हक्के-बक्के रह गए और आनन-फानन में मजदूरों को लगाकर अपने-अपने शैड उतारने में जुट गए। प्रसासन द्वारा की गई जोरदार कार्रवाई से कई दुकानदारों को अपने खोखे उठाने के लिए वाहन भी नहीं मिले जिससे जेसीबी मशीनों ने खोखों को तोड़ दिए।

डयूटी मैजिस्ट्रेट रूपिन्द्र सिंह ने बताया कि जिला उपायुक्त धीरेन्द्र खडगटा व एसडीएम लाडवा अनिल यादव के आदेशों के मुताबिक बीते वीरवार को ही बाबैन के दर्जनों दुकानदारों की एक संयुक्त मिटिंग अपने कार्यालय में बुलाकर उन्हें जल्द से जल्द लाडवा-शाहाबाद रोड के दोनों ओर के अवैध अतिक्रमण हटाने के आदेश दिए थे। इसके बाद कुछ दुकानदारों ने अपने टीन व लकडी के खोखे उठा लिए थे, लेकिन कुछ दुकानदार अतिक्रमण हटाने में संकोच कर रहे थे और पक्की दुकानों के मालिकों ने तो अपने लोहे के शैड व धड़े बिल्कुल ही नहीं हटाए थे। इस पर उन्होंने सोमवार को दोपहर के समय जेसीबी मशीन लेकर पहले पक्की बनी दुकानों के आगे लोहे के शैड व धडें उखाडें।

चाचा की हत्या करने वाला आरोपी भतीजा गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

बीते दिनों घोघड़ीपुर निवासी बिजेंद्र सिंह की मान की अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने छह दिन में इस ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी सुलझा ली है। हत्यारोपी एक युवक बिजेंद्र सिंह का भतीजा है, जिसका नाम रणदीप मान है पुलिस ने इसे गिरफ्तार कर लिया है। हत्याकांड में शामिल दूसरा युवक विषू मान अभी पुलिस की पकड़ से दूर है। दावा है कि जल्द ही विषू को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक के भतीजे की शिकायत पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पता चला कि मृतक का भतीजा और उसका साथी हत्या के आरोपी हैं। जानकारी के मुताबिक पुलिस द्वारा बहुतेरे लोगों से व्यक्तियों के साथ पूछताछ भी की गई, लेकिन हर बार पुलिस के शक की सुई मृतक के भतीजे रणदीप मान की ओर घूम जाती थी। पुलिस टीम द्वारा उसे हिरासत में लेकर गहनता से पूछताछ की गई, पूछताछ के दौरान उसने बताया कि उसके चाचा की शादी नहीं हुई थी और हमें उसके हिस्से की जमीन पाने का लालच था व यह जमीन उसके मरने के उपरांत ही हमारी हो सकती थी। लेकिन उसके चाचा ने पहले भी अपने हिस्से से काफी जमीन बेच दी थी और अब भी वह उसमें से जमीन बेचना चाहता था। उसने कई बार अपने चाचा को जमीन बेचने से रोकने का प्रयास किया, लेकिन उसका चाचा उनकी कोई बात नहीं सुनता था और वह गांव में आने के बाद भी पड़ोस के घर में रहता व खाना खाता था। जो उसकी जमीन को हथियाने के लिए हमारे पास उसकी मृत्यु ही एक मात्र रास्ता बचा था और मैने अपने दोस्त विषू मान पुत्र तेजबीर वासी गोगड़ीपूर के साथ मिलकर उसकी हत्या की साजिश रच डाली। वारदात के बाद गाड़ी में सवार होकर वहां से फरार हो गए। डीएसपी वीरेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी विषु मान के खिलाफ कई जिलों में पहले भी हत्या, लुट, चोरी व स्नैचिंग के कई मामले दर्ज हैं।

संक्षिप्त समाचार

डीएवी कालेज में महिला प्रकोष्ठ की ओर से संगोष्ठी का आयोजन

पिहोवा। डीएवी कालेज में ष्युवा वर्ग समस्याएं और चुनौतियांष् विषय पर कला संकाय के छात्रों द्वारा महिला प्रकोष्ठ प्रभारी एवं हिन्दी विभाग्यध्क्षा डॉ सुमन सिरोही के मार्ग मार्ग दर्शन में एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। युवा वर्ग की समस्याओं व जीवन शैली पर केन्द्रित संगोष्ठी में मुख्य अतिथि.पूर्व हिन्दी विभाग्यध्क्षा डॉ सुषमा शर्मा व विशिष्ट अतिथि वाणिज्यि विभाग्यध्क्ष डॉ मेजर सिंह ने प्राचार्य डॉ कामदेव झा की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलन किया। डॉ सुषमा शर्मा ने युवाओं से आह्वान किया किया कि वे पर्यावरण संरक्षण जागरूकता अभियान के लिए प्रयास जारी रखें। डॉ मेजर सिंह ने युवाओं को सक्षम बनने के लिए शैक्षिक व नैतिक स्तर पर अपने को निखारते रहें। छात्रों शुभमएअनमोलए केशवए सौरभए रीतिका एवं कल्याणी की टीम ए ने युवाओं में तनाव प्रबंधन व वार्तालाप कुशलता पर संवाद किया। सरोजए शिलपाए ऊषाए सलिनदरए शिवम एवं ज्योति की टीम बी ने युवाओं में नशे की लत व पारिवारिक जीवन शैली के विषय में संवाद किया गया। राहुलए करणए विकास सोनियाएपूनमए एकताएऔर हर्ष की टीम सी ने सोशल मीडिया व राजनीति में युवाओं की भुमिका पर अपने विचार रखे। प्राचार्य डॉ कामदेव झा ने छात्रों से सामाजिक समरसता बनाए रखने के लिए प्रयासरत रहने का आह्वान किया। छात्रा कोमल ने अनुशाशन टीम की अगुवाई की। बीए अंतिम वर्ष की छात्राओं सिमरन व सपना ने मंच संचालन किया। संगोष्ठी संयोजिका डॉ सुमन सिरोही ने सभी आए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ विष्णुदेव विद्यालंकारए डॉ आभा चतुर्वेदीए प्रो अजय मोहनए प्रो दीप किरनएप्रो गरिन्द्रए प्रो मंजु गुप्ताए प्रो मनोजए डॉ प्रवीणए डॉ अशोकए प्रो रविन्द्रए प्रो राजेशए प्रो गुलशनए प्रो निशा विशेष रूप से उपस्थित थे।

पुलवामा शहीदों की याद में रक्तदान अभियान शुरू

करनाल। जेसीआई करनाल एजाइल ने पुलवामा शहीदों की याद में रक्त एकत्रित करने के लिए अभियान की शुरूआत की है। सप्ताहभर संस्था के सदस्य रक्तदान करेंगे और अन्य लोगों को रक्तदान के लिए जागरूक किया जाएगा। इच्छुक व्यक्ति नागरिक अस्पताल के सामने स्थापित निर्मल इंस्टीटयूट ऑफ मेडिकल साइंस में रक्तदान कर सकता है। जेसीआई एजाइल के प्रधान मोहित कुमार ने कहा कि उम्मीद है कि सप्ताह में अधिक से अधिक यूनिट रक्तदान होगा। उन्होंने कहा कि पुलवामा में एक साल पहले भारतीय सेना के 40 जवान शहीद हो गए थे। उनकी शहादत को हम नमन करते हैं। इन शहीदों की याद में व भारतीय सेना को सलाम करते हुए यह अभियान शुरू किया गया है। इच्छुक व्यक्ति रक्तदान के लिए संस्था से संपर्क कर सकता है या स्वयं उक्त इंस्टीटयूट में आकर रक्तदान कर सकता है। रक्तदाता को संस्था की ओर से सर्टिफिकेट भेंट किया जाएगा। अभियान के शुभारंभ अवसर पर पूर्व प्रधान हरसिमरण वधवा, सचिव मोहित चावला, कोषाध्यक्ष वरूण अरोड़ा, जेसी रिट चेयरपर्सन रीतू सुर व प्रोजेक्ट डायरेक्टर अनमोल मित्तल मौजूद रहे।

बेरोजगारों को आधार 10 दिन के अंदर सत्यापित करवाना जरूरी

नारनौल। जिला रोजगार कार्यालय नारनौल व उप-मंडल रोजगार कार्यालय महेंद्रगढ़ में पंजीकृत सभी प्रार्थियों का रोजगार विभाग की वेबसाइट एचआरईएक्स डॉट जीओवी डॉट इन पर अपना आधार कार्ड 10 दिन के अंदर-अंदर सत्यापित करवाना जरूरी है। यह जानकारी देते हुए जिला रोजगार अधिकारी योगेश कुमार ने बताया कि प्रार्थी किसी भी कार्य दिवस को सुबह 9 से 5 बजे तक जिला रोजगार कार्यालय नारनौल व उप-मंडल रोजगार कार्यालय महेंद्रगढ़ में अपना आधार कार्ड सत्यापित करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि आधार कार्ड सत्यापित करवाने के लिए अपने साथ रोजगार पंजीकरण कार्ड व ओरिजिनल आधार कार्ड साथ लेकर आएं।

शिक्षकों के साक्षात्कार 28 फरवरी व 5 मार्च को होंगे

नारनौल। केंद्रीय विद्यालय रघुनाथपुरा में सत्र 2020-21 के लिए अनुबंध आधार पर पैनल बनाने के लिए शिक्षकों के साक्षात्कार 28 फरवरी व 5 मार्च को होंगे। यह जानकारी देते हुए प्राचार्या निर्मला बुडानिया ने बताया कि पहले साक्षात्कार की तिथि 28 फरवरी व 1 मार्च थी। अब साक्षात्कार की तिथि 28 फरवरी व 5 मार्च कर दी गई है।

राहिल खान प्रधान, मंगल रावत चेयरमैन मनोनीत

हथीन। हरियाणा संयुक्त कर्मचारी संघ से संबंधित वर्कर यूनियन रजिस्टर्ड नंबर 41 मुख्यालय चरखी दादरी की हथीन जनस्वास्थ्य विभाग शाखा का चुनाव स्थानीय पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस के प्रांगण में चुनाव पर्यवेक्षक व राज्य महासचिव पंकज मित्तल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें आगामी तीन वर्षों के लिए शाखा के पदाधिकारी चुने गए। जिसमें मंगल सिंह रावत को चेयरमैन, राहिल खान को प्रधान शहाबुद्दीन को सचिव, ज्ञान सिंह को कोषाध्यक्ष, अभय सिंह को वरिष्ठ उपप्रधान, सतवीर को उपप्रधान, रवि दत्त को उप सचिव उमेश कुमार को उप कोषाध्यक्ष, रिशिपाल को संगठन सचिव, तुलसीराम को प्रचार सचिव, फखरुद्दीन को ऑडिटर, उमर मोहम्मद को मुख्य सलाहकार, रशीद खान को सलाहकार सर्वसम्मति से चुना गया। सभी चुने हुए पदाधिकारियों को राज्य महासचिव पंकज मित्तल ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाते हुए सभी कर्मचारियों से संगठित रहने की अपील की। इस अवसर पर राज्य उपप्रधान विजय पाल, जिला पलवल के सचिव मनीराम तेवतिया, जिला उपप्रधान धीरज बहादुर, विरेंद्र भगत जिला कोषाध्यक्ष खुर्शीद अहमद, अलालपुर पलवल शाखा प्रधान टेकचंद गहलोत, सचिव सुरेश शर्मा, होडल शाखा प्रधान बिजेंद्र सिंह सहित अन्य पदाधिकारी व कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

शौक पूरे करने के लिए करते थे टैक्सी चालकों से लूट

सोहना। शौक को पूरा करने के लिए रिठौज निवासी तीन युवकों ने टैक्सी चालकों को लूटा था। यह खुलाशा भोंडसी थाना पुलिस ने लूटेरें को गिरफ्तारी के बाद रिमांड के दौरान की गई पूछताछ में हुआ है। चार दिन की रिमांड पर लूटेरों स 2250 रुपये की नकदी व दो मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। शराब पीने की लत और स्मार्ट फोन रखने की इच्छाओं ने भोंडसी थाना के गांव रिठौज निवासी तीन बदमाशों को लूटेरा बना दिया। रिठौज निवासी मनीष, आतिश और प्रशान्त ने फरवरी माह की दो और सात तारीख को टैक्सी चालकों को अपना निशाना बनाते हुए लूट की वारदातों को अंजाम दिया है। दो फरवरी को रिठौज निवासी मनीष और आतिश ने गुरुग्राम से टैक्सी अपने घर आने के लिए की थी। जिन्होंने टैक्सी चालक को पहले तो दिशाहीन करते हुए पौना घंटे तक इधर से उधर घुमाते रहे। उसके बाद अपने गांव के साथ लगता बहलपा गांव के जंगल में ले गए थे। जहां पर टैक्सी चालक से करीब चार हजार रुपये की नकदी व उसके मोबाइल फोनों को लूट लिया।

मुख्यमंत्री की प्रगति रैली को लेकर विधायक प्रवीन डागर ने किया गांवों का दौरा

हथीन। मुख्यमंत्री की प्रगति रैली को लेकर हथीन के विधायक प्रवीन डागर ने हथीन हल्का के एक दर्जन गांवों का दौरा किया। उन्होंने हल्का के रतीपुर, भंगूरी, फिरोजपुर राजपूत,गढी विनोद, कलसाडा, भंमरोला, बजादा पहाड़ी, गहलब, रींडका आदि गांवों का दौरा किया। इस अवसर पर विधायक प्रवीन डागर का सभी स्थानों पर फूल मालाओं व पगड़ी बांधकर सम्मान किया गया।

रतीपुर गांव में उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा की प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर आगामी 23 फरवरी को हथीन की अनाज मंडी मंडी प्रगति रैली को संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया की हथीन की जनता ने पहली बार हथीन से भाजपा का विधायक चुनकर भेजा उससे गदगद होकर मुख्यमंत्री हथीन में प्रगति रैली करेंगे। प्रवीन डागर ने कहा की उस रैली के दौरान हथीन व पलवल जिले के चहुंमुखी विकास के लिए घोषणाएं की जाएंगी। इस अवसर पर उनके साथ योगेंद्र सहरावत, लेखराज सहरावत, मुकेश डागर एडवोकेट, सतीश डागर एडवोकेट, सतीश शर्मा, नेपाल डागर सहित मौजिज लोग मौजूद रहे।

चाय की छलनी पर भिड़े सरकारी स्कूल के शिक्षक

शिक्षकों की रोजाना ऐसी हरकतों से परेशान ग्रामीणों ने स्कूल में जड़ा ताला

खंड शिक्षा अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर मामला कराया शांत

पायनियर समाचार सेवा। हथीन

सांपनकी गांव में ग्रामीणों ने मुख्य द्वार पर लगाया ताला।

सांपनकी गांव के मिडिल सरकारी स्कूल में चाय की चलनी पर दो शिक्षक आपस में भिड़ गए। देखते-देखते दोनों शिक्षकों में झगड़ा व मारपीट शुरू हो गई। गुस्साए ग्रामीणों ने स्कूल में ताला जड़ दिया। ग्रामीणों का आरोप था कि कुछ शिक्षकों ने स्कूल का माहौल खराब किया हुआ है। ग्रामीण इन शिक्षकों के तबादला की मांग कर रहे थे। मौके पर पहुंचे खंड शिक्षा अधिकारी यशपाल गर्ग ने जैसे-तैसे ग्रामीणों को शांत कराकर मामला निपटाया। उन्होंने कहा कि स्कूल समय में झगड़ा करने वाले शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस दिया गया है। ऐसे शिक्षकों का तबादला कराने के लिए सरकार से आग्रह किया जाएगा। सोमवार को मिड डे मिल बनाने के दौरान मिडिल स्कूल के दो शिक्षकों की आपस में कहासुनी हो गई। बताया गया है कि यह कहासुनी एक चाय की छलनी के टूटने को लेकर हुई। ग्रामीणों का आरोप है कि स्कूल में कुछ शिक्षक राजनैतिक करते हैं। जिस कारण यहां पर आए दिन शिक्षकों में झगड़े हो रहे हैं। जिससे बच्चों की शिक्षा पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है।

हांए दो शिक्षकों में मामूली बात को लेकर झगड़ा हुआ था। ऐसे शिक्षकों से कारण पूछा गया है। झगड़ा करने वाले शिक्षकों के तबादला के लिए सरकार को पत्राचार किया जाएगा।

यशपाल गर्ग, खंड शिक्षा अधिकारी हथीन।

गांव के लोग शिक्षकों की करतूतों से परेशान हैं। इसलिए सोमवार को स्कूल में हुई घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने स्कूल में ताला जड़ दिया। बाद में बीईओ ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों का समझाया तथा शिक्षकों को लताड़ा। तब जाकर मामला शांत हुआ।

हर महीने के प्रथम मंगलवार को मनाया जाएगा राजस्व दिवस

करनाल। हरियाणा सरकार के निर्णय के अनुसार अब प्रत्येक महीने का प्रथम मंगलवार राजस्व दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस दिन सभी मण्डल आयुक्त, उपायुक्त, जिला के उपमण्डल अधिकारी (नागरिक), तहसीलदार या नायब तहसीलदार, कानूनगो व पटवारी अपने-अपने कार्यालयों में मौजूद रहकर आम जनता की राजस्व सम्बंधी शिकायतों को सुनकर उनका निराकरण करेंगे और पेंडिंग कार्य को भी निपटाएंगे। उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने इस सम्बंध में बताया कि प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव की ओर से इस सम्बंध में सभी मण्डल आयुक्त व उपायुक्तों को एक पत्र जारी कर आदेशों की पालना सुनिश्चित बनाने के लिए कहा गया है। उन्होंने बताया कि तहसीलदार व नायब तहसीलदार में से कम से कम एक अधिकारी तहसील / सब तहसील में उपस्थित रहेंगे।

नहरी पानी में सुधार के लिए दोंगड़ा अहिर रैली की घोषणाएं मील का पत्थर साबित होंगी

पायनियर समाचार सेवा। नारनौल

इन पर करीब 8 करोड़ से अधिक की राशि खर्च होगी

रविवार को दोंगड़ा अहिर में आयोजित प्रगति रैली में हुई महत्वपूर्ण घोषणाओं में नांगल चौधरी की जल व्यवस्था में सुधार करना विशेष रूप से शामिल है। नांगल चौधरी के विधायक डॉ अभय सिंह यादव ने दोगड़ा रैली में मुख्य रूप से 2 योजनाओं पर बल देने के लिए मुख्यमंत्री के समक्ष मांग रखी थी।

पहली मांग उन गांव के बारे में थी जिन गांव में नहर नजदीक होते हुए भी विपरीत डाल के कारण अधिकांश हिस्से में पानी नहीं पहुंच रहा है। इसमें मुख्य रुप से नायनए गोदए बलाहा कलाए बदोपुर व रामबास गांव शामिल हैं। इसके अलावा मुख्यमंत्री के समक्ष विधायक ने सूक्ष्म सिंचाई योजना के तहत गांव आकोलीए रामबासए दोंगली व घाटाशेर की मांग भी रखी थी। जिनको स्वीकार करते हुए मुख्यमंत्री ने इन्हें मंजूरी दे दी है। इन पर करीब 8 करोड़ से अधिक की राशि खर्च होगी। विधायक ने दोंगड़ा रैली में मुख्यमंत्री के समक्ष यह भी मांग रखी कि इन गांवों में छोटे पंप हाउस बनाकर इन गांवों की भूमि को सिंचित किया जाए।

साथ ही सूक्ष्म सिंचाई योजना के तहत नहर के नजदीक ऊंचाई वाले गांवों में पंचायत की भूमि पर बड़े तालाब या टैंक बनाकर उन पर सोलर पंप लगाकर किसानों की जमीन में सिंचाई किए जाने की योजना रखी थी। मुख्यमंत्री ने इन दोनों योजनाओं को मंजूरी दे दी है। अब नहर विभाग के अधिकारियों द्वारा इन योजनाओं को पूरा करने के बाद इन गांव की करीब 200 से 300 एकड़ जमीन सिंचित की जा सकेगा। इसके साथ ही जिन गांव में नहर नहीं हैं उन गांव में नई नहर बनवा कर पानी पहुंचाने के लिए। विधायक ने मुख्यमंत्री के समक्ष रेणुकाए लखवारए व किसाउ बांधों के निर्माण में गति देने की गुजारिश की ताकि उन बांधों के निर्माण हो जाने के बाद महेंद्रगढ़ जिले में जहां पर नहरी पानी नहीं पहुंचता हैं और जो गांव टेल पर स्थित हैं। उनमें भी इसी कार्यकाल के दौरान नहरें बनाकर पानी पहुंचाया जा सके। निजामपुर क्षेत्र की नलवाटीए बायलए मोखुता व बामनवास के अंतिम टेल तक पानी पहुंचने के बाद ही नांगल चौधरी में पानी की जल व्यवस्था सुदृढ़ मानी जाएगी।

इन बांधों के निर्माण के लिए। विधायक ने सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह के सामने भी समय.समय पर चर्चा करते रहते हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री जी से महेंद्रगढ़ जिले को पूरा पानी देने के लिए यमुना के बांधों में के निर्माण में भी तेजी लाने की गुजारिश की। इसके साथ ही भिवानीए महेंद्रगढ़ व रेवाड़ी जिलों में सरसों व चने की फसल के लिए अक्टूबर महीने मैं पलाव के समय तथा दिसंबर के महीने में पहले पानी के समय नहरों में पूरे महीने पानी चलाने की मांग की। जिस पर मुख्यमंत्री ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए चौधरी धर्मवीर सिंह डॉ अभय सिंह यादव के अलावा चार.पांच अन्य लोगों की एक कमेटी बनाकर उन्हें सिफारिश भेजने की बात कही।

कॅरियर बनाने में इच्छाशक्ति का योगदान विषय पर सेमिनार हुआ

इंद्री। शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय मटक माजरी के रोजगार प्रकोष्ठ तथा वाणिज्य विभाग के संयुक्त सौजन्य से आज एक विस्तार व्याख्यान तथा कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में डॉक्टर आर के सिंगला, पूर्व वाणिज्य विभागाध्यक्ष राजकीय महाविद्यालय करनाल को आमंत्रित किया गया। डॉक्टर सिंगला ने कॅरियर बनाने में इच्छाशक्ति का योगदान विषय पर अपने विचार प्रकट किए। उन्होंने सकारात्मक सोच बनाने के तरीके विद्यार्थियों को समझाए। क युनिकेशन स्किल्स,कॉन्फिडेंस और क्रिएटिविटी सफलता के तीन मुख्य मंत्र बताए। रोजगार प्रकोष्ठ की संयोजिका प्रोफेसर निशा खन्ना ने कहा कि विद्यार्थी और शिक्षक महाविद्यालय को एक मंदिर के समान मानते हैं।

बाल कल्याण परिषद के स्टॉल पर दिखी बच्चों की प्रतिभा, सरकारी योजनाओं का हुआ प्रचार

पायनियर समाचार सेवा। सूरजकुंड

34 वें सूरजकुंड हस्तशिल्प मेले का विगत रविवार को आखिरी दिन था। मेले के कल्याण परिषद् के द्वारा लगाई गई स्टॉल पर पूरे 15 दिन अच्छी खासी भीड़ देखने को मिली। हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की स्टॉल पर बच्चों वह महिलाओं द्वारा निर्मित चीजों का प्रचार प्रसार बड़े अच्छे ढंग से किया गया। जिन सामान को हम अक्सर व्यर्थ समझ कर फेंक देते हैं उसी सामान से बच्चों व महिलाओं के द्वारा सुंदर सुंदर व मनमोहक सामग्री बनाई गई है।

यह सामग्री जिला नूंह, पलवल व झज्जर के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले गरीब परिवार के बच्चे व महिलाओं के द्वारा निर्मित की गई है।आखरी दिन अति विशिष्ट व गणमान्य लोगों ने स्टॉल पर आकर स्टॉल का अवलोकन किया वह बच्चों में महिलाओं के द्वारा बनाए गए उत्पादों की खरीदारी व सराहना की। हरियाणा राजभवन से आई श्रीमती जी अनुपमा आईएएस ने कहा कि आज जहां मशीनों के द्वारा तरह-तरह के उत्पाद बनाए जाते हैं उनसे कहीं सुंदर महिलाओं व बच्चों के द्वारा हाथ से की गई निर्मित वस्तुएं बहुत ही सराहनीय है। उन्होंने कहा कि हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद के द्वारा लगाई गई यह स्टॉल मेले की रौनक को बनाने में अच्छा खासा योगदान निभा रही है। सूरजकुंड में हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद के नोडल अधिकारी कमलेश शास्त्री ने बताया कि राज्य बाल कल्याण परिषद बाल कल्याण को लेकर बेहतर तरीके से काम कर रही है। इसी उद्देश्य के चलते यहां महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों की स्टाल लगाई गई हैं। उन्होंने बताया कि धीरे धीरे लोगों का इन उत्पादों की तरफ रुझान बढ़ रहा है हमारी स्टॉल पर लगभग अब तक 80 से 90 हजार लोगों ने। विजिट किया है।

बच्चों एवं महिलाओं द्वारा निर्मित सामान को खरीदा है। और साथ ही उम्मीद जताई कि परिषद की ओर से लगाए गए स्टॉल महिलाओं के स्वावलंबन के नजरिए से उपयोगी साबित होंगे। साथ ही बताया कि परिषद के मानद् महासचिव कृष्ण दुल के दिशा निर्देश व अथक प्रयास से परिषद दूसरी बार मेले में स्टाल लगी है। इस मौके पर सुंदरलाल खत्री जिला बाल कल्याण अधिकारी, फरीदाबाद, जिला बाल कल्याण अधिकारी सुरेखा, रामेश्वर रावत, आशा, मनीषा, कीर्ति, आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

करोड़ों रुपये की घोषणाओं पर मंत्री ने सीएम का आभार जताया

पायनियर समाचार सेवा। नारनौल

प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव ने मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर द्वारा दौंगड़ा अहीर में आयोजित प्रगति रैली में नारनौल विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों रुपये के विकास कार्य के उद्घाटन व शिलान्यास के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया है।

ओमप्रकाश यादव ने कहा कि 3.91 करोड़ की लागत से नारनौल में सिंचाई भवन का उद्घाटन व 45ण्10 करोड़ की लागत से 100 बैड से बढ़ाकर 200 बैड का नागरिक अस्पताल का शिलान्यास व दस करोड़ रुपए ग्रामीण विकास के दिए हैं। वहीं बाबा खेतानाथ पालीटेक्निल में 6.71 करोड़ की लागत से नए शिक्षण भवन का शिलान्यास सहित नहरी पानी के लिए सीएम ने करोड़ों रुपए देने की घोषणा की है।

वहीं पूरे जिले में भी करोड़ों रुपए की सौगात सीएम ने दी है। इसके लिए जिले की जनता सीएम का आभार प्रकट करती है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता ने मनोहर पार्ट टू में मुख्यमंत्री द्वारा आयोजित पहली रैली में भारी संख्या में पहुंचकर रैली को सफल बनाया है। इसके लिए भी वे जनता के आभारी हैं।

चीन में कोरोना वायरस से मरने वालों की संख्या 1,770 के पार

आयोग ने बताया कि अभी तक कुल 10,844 लोगों को इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी दी जा चुकी है

केजेएम वर्मा। बीजिंग

चीन में घातक कोरोना वायरस से 105 और लोगों की मौत के बाद मरने वालों की संख्या सोमवार को 1,770 के पार पहुंच गई। अधिकारियों ने कम महत्व वाले सार्वजनिक स्थानों को बंद करने और बुरी तरह से प्रभावित हुबेई प्रांत में महामारी को नियंत्रित करने के लिए यातायात प्रतिबंध लगाने जैसे कड़े कदम उठाने की घोषणा की है। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ की एक खबर के अनुसार राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग (एनएचसी) ने बताया कि 2,048 नए मामलों की पुष्टि होने के साथ ही इससे संक्रमित लोगों की कुल संख्या 70,548 हो गई है। इससे रविवार को जिन 105 लोगों की जान गई उनमें से 100 हुबेई में, जबकि तीन हेनान और दो गुआंगदोंग में मारे गए।

आयोग ने बताया कि अभी तक कुल 10,844 लोगों को इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी दी जा चुकी है। वहीं 7,264 लोगों के इससे संक्रमित होने का संदेह है। हांगकांग में रविवार तक इसके 57 मामलों की पुष्टि हो गई थी, जहां इससे एक व्यक्ति की जान जा चुकी है। वहीं मकाउ में 10 और ताइवान में इससे एक व्यक्ति की जान जाने सहित 20 मामले अभी तक सामने आए हैं। आयोग ने रविवार को एक घोषणा में कहा था कि नए मामलों में काफी गिरावट आई है, जिससे प्रतीत होता है कि इससे नियंत्रण करने के लिए उठाए जा रहे कदम कारगर सिद्ध हो रहे हैं।

एनएचसी के प्रवक्ता मी फेंग ने कहा था, वायरस से सबसे अधिक प्रभावित वुहान में संक्रमित और उससे गंभीर रूप से बीमार लोगों के अनुपात में उल्लेखनीय कमी आई है। 28 जनवरी के 32.4 प्रतिशत के मुकाबले 15 फरवरी को यह 21.6 प्रतिशत ही रह गया था। मी ने बताया कि हुबेई प्रांत के अन्य हिस्सों में भी गंभीर रूप से बीमार संक्रमितों के अनुपात में कमी आई है। 27 जनवरी को जहां 18.4 फीसदी संक्रमित गंभीर हालत में लाए गए वहीं 15 फरवरी को 11.1 प्रतिशत ऐसे मरीज यहां लाए गए। मी ने बताया कि चीन के अन्य प्रांतों में भी हालात में सुधार हुआ है और 27 जनवरी के 15.9 प्रतिशत के मुकाबले 15 फरवरी को गंभीर मरीजों का अनुपात 7.2 प्रतिशत रहा। इस बीच, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के महानिदेशक टेड्रोस अदनोम घेब्रेयसस ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों का 12 सदस्यीय दल चीन पहुंच चुका है और चीनी अधिकारियों के साथ संक्रमण को समझने का काम कर रहा है। ट्रडोस ने चीन के विदेश मंत्री वांग ई से भी म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में मुलाकात की।

हांगकांग में सशस्त्र गिरोह में टॉयलेट रोल लूटे

हांगकांग। हांगकांग की पुलिस उन सशस्त्र लुटेरों की तलाश कर रही है जिन्होंने सैकड़ों टॉयलेट रोल लूट लिए। दरअसल कोरोना वायरस के खतरे के बीच टॉयलेट रोल की मांग बढ़ी है और उसकी कमी की आशंका में ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं। सरकार ने आश्वासन दिया है कि टॉयलेट रोल की आपूर्ति प्रभावित नहीं होगी, इसके बावजूद लोग अधिकाधिक संख्या में इन्हें खरीद रहे हैं। सुपर मार्केट में इनका स्टॉक आते ही खत्म हो जाता है। लोग टॉयलेट रोल खरीदने के लिए लंबी-लंबी कतारें लगा रहे हैं। चावल, पास्ता, हैंड सेनेटाइजर तथा साफ-सफाई के काम में आने वाली अन्य वस्तुओं की भी बहुत मांग है। पुलिस ने बताया कि तीन लोगों ने एक डिलिवरी ब्वॉय को चाकू दिखाकर धमकाया और 130 अमेरिकी डॉलर से अधिक कीमत के टॉयलेट पेपर लूटकर ले गए।

भारत कोरोना वायरस से निपटने के लिए इस सप्ताह के अंत में चिकित्सा सामग्री की खेप चीन भेजेगा

भारत घातक कोरोना वायरस के प्रकोप से निपटने में चीन की मदद करने के लिए इस सप्ताह के अंत में एक राहत विमान से चिकित्सा सामग्री की एक खेप वुहान भेजेगा। चीन स्थित भारतीय दूतावास ने सोमवार को यह जानकारी दी। भारतीय दूतावास ने ट्वीट किया, भारत सरकार सीओवीआईडी-17 (कोरोना वायरस) से निपटने में चीन की मदद करने के लिए इस सप्ताह के अंत में वुहान आने वाले एक राहत विमान में चिकित्सा सामग्री की खेप भेजेगा। वापसी के दौरान यह विमान सीमित क्षमता होने के कारण वुहानाहुबेई से भारत लौटने को इच्छुक कुछ ही भारतीयों को ले जा पाएगा।

बीजिंग में नहीं होगा जेम्स बांड की अगली फिल्म का प्रीमियर

कोरोना वायरस के खतरे को देखते हुए जेम्स बांड श्रृंखला की आगामी फिल्म नो टाइम टू डाई का बीजिंग में होने वाला प्रीमियर और चीन के अन्य शहरों में प्रदर्शन रोक दिया गया है। डेडलाइन वेब पत्रिका के अनुसार मुख्य अदाकार डेनियल क्रेग और फिल्म से जुड़े अन्य लोग अप्रैल में चीन में होने वाली स्क्रीनिंग और उसके बाद पब्लिसिटी टूर में हिस्सा नहीं लेंगे। विश्व के दूसरे सबसे बड़े बॉक्स ऑफिस बाजार चीन में कोरोना वायरस के खतरे को देखते हुए अनिश्चितकाल के लिए सिनेमाघर बंद हैं जिसके कारण मनोरंजन उद्योग को भारी नुकसान हुआ है। सिनेमा व्यवसाय के सामान्य होने की स्थिति अभी साफ नहीं है। क्रेग जेम्स बांड श्रृंखला की इस फिल्म में पांचवीं और अंतिम बार ब्रिटिश जासूस की भूमिका में नजर आएंगे। नो टाइम टू डाई का निर्देशन कैरी जोजी फूकुंगा ने किया है। ब्रिटेन में यह फिल्म आठ अप्रैल को और उत्तरी अमेरिका में 10 अप्रैल को रिलीज होगी।

कोरोना वायरस के खतरे को देखते हुए टल सकता है चीनी संसद का सत्र

कोरोना वायरस के खतरे को देखते हुए चीन की संसद का मार्च में शुरू होने वाला सालाना सत्र टाला जा सकता है। चीन की आधिकारिक मीडिया ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। पिछले साल दिसंबर में हुई आधिकारिक घोषणा के अनुसार देश की सर्वोच्च विधायिका, तेरहवीं नेशनल पीपल्स कांग्रेस (एनपीसी) का सालाना सत्र बीजिंग में पांच मार्च को होने वाला है। सरकारी अखबार चाइना डेली की खबर के अनुसार कोरोना वायरस के खतरे को देखते हुए एनपीसी की स्थाई समिति इस पूर्ण सत्र को टालने पर विचार करेगी। एनपीसी का सत्र टाला जाना एक अभूतपूर्व फैसला होगा।

जापान के जहाज पर कोरोना वायरस के 99 और मामलों की पुष्टि :मीडिया

जापन के समुद्र तटीय क्षेत्र के पास एक क्रूज जहाज पर 99 और लोगों में कोरोना वायरस के संक्रमण की पुष्टि हुई है। जापानी मीडिया ने सोमवार को स्वास्थ्य मंत्रालय के नए आंकड़ों का हवाला देते हुए यह जानकारी दी। इसके अनुसार डायमंड प्रिंसेस नामक इस जहाज पर अब कोरोना वायरस के पुष्ट मामलों की संख्या 454 हो गई है। हालांकि स्वास्थ्य मंत्रालय ने अभी इन खबरों की पुष्टि नहीं की है।

हुवावे से संबंध रखने वाले देशों के साथ जानकारी साझा नहीं करेगा अमेरिका

वाशिंगटन। जर्मनी में अमेरिकी राजदूत ने रविवार को कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी है कि चीन की प्रौद्योगिकी कंपनी हुवावे के साथ संबंध रखने वाले देशों के साथ अमेरिका गोपनीय जानकारियां साझा करना बंद कर देगा।

वाशिंगटन दुनिया की सबसे बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों में से एक हुवावे द्वारा लाए जाने वाले अगली पीढ़ी के 5जी मोबाइल डेटा नेटवर्क पर प्रतिबंध लगाने के लिए सहयोगियों पर दबाव बना रहा है। अमेरिका का कहना है कि यह सुरक्षा के लिए खतरा है।

राजदूत रिचर्ड ग्रेनेल ने कहा कि ट्रंप ने उन्हें निर्देश दिया है कि मैं यह स्पष्ट कर दूं कि यदि कोई देश बेईमान 5जी विक्रेता को चुनेगा तो उससे उच्चतम स्तर पर हमारी खुफिया सूचनाएं एवं जानकारियां साझा करने की क्षमता खतरे में पड़ जाएगी। ग्रेनेल ने ट्विटर पर कहा कि राष्ट्रपति ने अपने विशेष विमान एयरफोर्स वन से रविवार को उन्हें यह संदेश भेजा।

यूरोप में अमेरिका के प्रमुख सहयोगी खासकर ब्रिटेन और फ्रांस ने कहा है कि वे हुवावे के 5जी नेटवर्क बनाने पर प्रतिबंध नहीं लगाएंगे लेकिन उस पर कुछ पाबंदियां जरूर लगाएंगे। सार्वजनिक रूप से तो अमेरिका ने इस बारे में संयमित प्रतिक्रिया दी है, लेकिन ट्रंप कथित तौर पर लंदन से बेहद नाराज हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री माइक पोम्पियो ने शनिवार को म्यूनिख में सुरक्षा सम्मेलन में कहा था कि हुवावे चीन की खुफिया एजेंसियों के लिए ट्रोजन हॉर्स है। हालांकि हुवावे ने इन आरोपों से स्पष्ट रूप से इनकार किया है।

ट्रम्प ने सीरिया में रूस के हस्तक्षेप पर उठाए सवाल

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सीरिया के इदलिब क्षेत्र में हिंसा पर चिंता जताते हुए सीरियाई शासन के अत्याचार को रूसी समर्थन मिलने पर चिंता जताई है। ट्रम्प ने तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन के साथ बातचीत में, सीरिया के इदलिब में हिंसा पर चिंता व्यक्त की और... असद शासन के अत्याचार को रूसी समर्थन मिलना बंद होता देखने की इच्छा जताई। सीरिया के राष्ट्रपति बशर अल-असद के बलों ने रविवार को इदलिब के उत्तर-पश्चिम क्षेत्र में विद्रोहियों के एक प्रमुख गढ़ में नई कामयाबी हासिल की। ट्रम्प ने शनिवार को एर्दोआन के साथ फोन पर बातचीत में फिर दोहराया कि लीबिया में विदेशी हस्तक्षेप से स्थिति और खराब होगी।

नाबालिग छात्रा के यौन उत्पीड़न आरोप में शिक्षक गिरफ्तार

मुंबई। पुलिस ने एक नाबालिग छात्रा के यौन उत्पीड़न के आरोप में 55 वर्षीय एक गिटार टीचर को गिरफ्तार किया है। एक पुलिस अधिकारी ने सोमवार को बताया कि आरोपी भारत पांचाल उर्फ राजू ने अंधेरी उपनगरीय में स्थित अपने घर में पीड़ित को संगीत सिखाने के दौरान वर्ष 2007-2009 के बीच तीन वर्षों तक उसका यौन उत्पीड़न किया।

उन्होंने बताया कि जिस वक्त आरोपी ने छात्रा का उत्पीड़न शुरू किया, उस समय पीड़ित नौ वर्ष की थी। इसके बाद पीड़ित 12 वर्ष की उम्र में उच्च शिक्षा के लिए अमेरिका चली गई थी। अब अमेरिका के कॉलेज में पढ़ रही पीड़ित रविवार को यहां पहुंची और आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। अधिकारी ने बताया कि उसका बयान दर्ज करने के बाद ओशिवारा पुलिस ने पांचाल को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि पीड़ित ने अपने बयान में कहा कि संगीत सिखाने के दौरान आरोपी ने उसका यौन उत्पीड़न करने के साथ ही अभद्र भाषा का प्रयोग किया। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि क्या आरोपी ने अन्य छात्राओं के साथ भी ऐसा किया था।

यूएई ने अरब के पहले परमाणु ऊर्जा संयंत्र के लिए लाइसेंस जारी किया

अबू धाबी। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने सोमवार को कहा कि उसने अपने बराकाह परमाणु ऊर्जा केंद्र में एक संयंत्र के लिए लाइसेंस जारी किया है। यूएई ने इसे ऐतिहासिक क्षण भी करार दिया। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी में यूएई के प्रतिनिधि हमद अल-काबी ने कहा कि राष्ट्रीय परमाणु नियामक ने परमाणु केंद्र में चार संयंत्रों में से पहले के लिए परिचालन लाइसेंस जारी किए जाने की मंजूरी दे दी है। उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में कहा, यह यूएई के लिए ऐतिहासिक क्षण है जिससे यह परमाणु ऊर्जा प्लांट संचालित करने वाला क्षेत्र का पहला अरब देश बन गया है।

कैमरून में जनसंहार में 22 लोगों की मौत, 14 बच्चे शामिल

लिबरेविले। अफ्रीकी देश कैमरून के एक आंग्लभाषी क्षेत्र में जनसंहार में 22 ग्रामीण मारे गए जिसमें 14 बच्चे भी शामिल हैं। संयुक्त राष्ट्र ने यह जानकारी दी। विपक्षी पार्टी ने सेना पर हत्या के आरोप लगाए हैं। संयुक्त राष्ट्र की संस्था ओसीएचए के स्थानीय अधिकारी जेम्स नुनन ने रविवार को एएफपी से कहा कि उत्तर पश्चिमी क्षेत्र के नटुम्बो गांव में शुक्रवार को हथियारबंद लोगों ने हत्याएं कीं। नुनन ने कहा कि इसमें 22 नागरिक मारे गए जिसमें एक गर्भवती महिला और कई बच्चे शामिल हैं। मृतकों में 14 नाबालिग बच्चे शामिल हैं जिनमें से नौ की उम्र पांच साल से भी कम है। नुनन के अनुसार मारे गए बच्चों में से 11 लड़कियां हैं।

राजीव बंसल ने एयर इंडिया के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का कार्यभार संभाला

एजेंसी। मुंबई

वरिष्ठ आईएएस अधिकारी राजीव बंसल ने सोमवार को विनिवेश की ओर अग्रसर एयर इंडिया के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक का कार्यभार संभाल लिया है। यह दूसरा मौका है जब बंसल ने राष्ट्रीय विमानन कंपनी की कमान संभाली है। उन्होंने वर्ष 2017 में तीन महीने से अधिक समय तक सीएमडी के रूप में काम किया था। वह अश्वनी लोहानी के स्थान पर आए हैं, जिन्होंने पिछले सप्ताह अपना एक साल का कार्यकाल पूरा किया।

सोमवार को एक विज्ञप्ति में, एयर इंडिया ने कहा कि बंसल ने सीएमडी के रूप में कार्यभार संभाला है। नागालैंड कैडर के 1988 बैच के आईएएस अधिकारी, लोहानी, इस पद पर तैनाती से पहले पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव थे। अगस्त 2017 में, बंसल तीन महीने से कम समय के लिए एयर इंडिया के अंतरिम सीएमडी थे। उस समय भी, उन्होंने लोहानी का स्थान लिया था। लोहनी को तब रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया था। जनवरी में, सरकार ने एयर इंडिया की 100 प्रतिशत हिस्सेदारी की बिक्री के लिए प्रारंभिक बोली दस्तावेज जारी किए है। कंपनी पर 60,000 करोड़ रुपये से अधिक का ऋण बोझ है।

पाक अब आतंकवादी संगठनों के लिए सुरक्षित पनाहगाह नहीं

देश में अफगान शरणार्थियों की मेजबानी के 40 साल पूरे होने पर एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए इमरान ने कही बात

पायनियर समाचार सेवा। इस्लामाबाद

प्रधानमंत्री इमरान खान ने सोमवार को कहा कि उनका देश पाकिस्तान अब आतंकवादी संगठनों के लिए कोई सुरक्षित पनाहगाह नहीं है। हालांकि उन्होंने सार्वजनिक रूप से माना कि शायद पहले ऐसा नहीं था। देश में अफगान शरणार्थियों की मेजबानी के 40 साल पूरे होने पर एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पाकिस्तान अफगानिस्तान में शांति चाहता है और युद्ध प्रभावित इस देश में स्थायित्व उसके हित में है।

आतंकवादियों के लिए सुरक्षित पनाहगाह पर खान का बयान ऐसे समय में आया है जब दुनियाभर में धनशोधन के विरुद्ध कार्रवाई पर नजर रखने वाले वित्तीय कार्रवाई कार्यबल (एफएटीएफ) की पेरिस में एक अहम बैठक शुरू हुई है जहां पाकिस्तान आतंक के वित्तपोषण के विरुद्ध पर्याप्त कदम नहीं उठाने को लेकर कालीसूची में डाले जाने से बचने की कोशिश में जुटा है। अमेरिका, भारत और अफगानिस्तान लंबे से पाकिस्तान पर तालिबान, हक्कानी नेटवर्क, लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे आतंकवादी संगठनों को सुरक्षित पनाहगाह प्रदान करने का आरोप लगाते रहे हैं। खान ने सम्मेलन में कहा, मैं आपको बता सकता हूं कि यहां कोई सुरक्षित पनाहगाह नहीं है। सम्मेलन में संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुतारेस भी हिस्सा ले रहे हैं।

खान ने कहा, अतीत में संभवत: जो भी स्थिति रही हो, लेकिन, फिलहाल मैं आपको बता सकता हूं..... एक ऐसी चीज है जो हम चाहते हैं: वह है अफगानिस्तान में शांति। द न्यूज की खबर के अनुसार उन्होंने माना कि संभव है कि 9-11 के बाद देश में अफगान शरणार्थी शिविरों में ऐसे सुरक्षित पनाहगाह सक्रिय रहे हों। खान ने कहा, सरकार कैसे यह पता कर पाएगी कि आतंकवादी कैसे इन शिविरों से अपनी गतिविधियों का संचालन करते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा संभव नहीं है, क्योंकि पाकिस्तान में अफगान शरणार्थी शिविरों में 100000 से अधिक लोग हैं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री का बयान ऐसे समय में आया है जब अफगानिस्तान के दूसरे उपराष्ट्रपति सरवर दानिश ने पाकिस्तान पर तालिबान को उसके यहां हमला करने के लिए अफगान शरणार्थी शिविरों से नए लड़ाकों की भर्ती करने देने का आरोप लगाया। उससे पहले गुतारेस ने अपने संबोधन में कहा कि पाकिस्तान के लोगों ने अफगान शरणार्थियों को ठहरने देने में उदारता दिखाई।

पाक में सब्जियों के कंटेनर से जहरीली गैस निकलने से चार लोगों की मौत

कराची। पाकिस्तान के कराची में सब्जियों के एक कंटेनर से जहरीली गैसें निकलने से कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और 15 लोग बीमार हो गए जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कंटेनर को रविवार रात एक मालवाहक पोत से केमारी बंदरगाह क्षेत्र में उतारा गया था। डीआईजी शरजील खरल ने पत्रकारों से कहा, शुरुआती जांच में पता चला है कि जैक्सन मार्केट में लोगों ने जैसे ही कंटेनर खोला, उसमें से धुआं निकलने लगा, जिससे लोगों को सांस लेने में तकलीफ होने लगी और वे बेहोश हो गए। खरल ने कहा, उन्हें पास ही के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां चार लोगों की मौत हो गई और 15 लोगों का उपचार चल रहा है।

संक्षिप्त समाचार

पाकिस्तान ने देशव्यापी पोलियो उन्मूलन अभियान शुरू किया

इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने सोमवार को देशभर के पांच साल तक के लगभग 3.96 करोड़ बच्चों के टीकाकरण के लिए देशव्यापी पोलियो उन्मूलन अभियान की शुरुआत की। पाकिस्तान सरकार ने पोलियो को जड़ से समाप्त करने के लिए लोगों से साथ देने की अपील की। स्वास्थ्य सेवाओं पर प्रधानमंत्री इमरान खान के विशेष सहायक जफर मिर्जा ने कहा कि सरकार हर बच्चे तक पोलियो टीकारण पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के मुताबिक, अफगानिस्तान और नाइजीरिया के साथ पाकिस्तान उन तीन देशों में शामिल है, जहां अब तक पोलियो खत्म नहीं हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि दो लाख 65 हजार से अधिक पोलियो उन्मूलन कार्यकर्ता घर-घर जाकर लगभग 3.96 करोड़ बच्चों को दवा पिलाएंगे। पाकिस्तान में पोलियो के पांच नए मामले सामने आने के कुछ दिनों बाद यह पहल की गई है।

नोएडा में दो लोगों ने फांसी लगाई

नोएडा। जिले के दो थाना क्षेत्रों में दो लोगों ने फांसी लगाकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस उपायुक्त (जोन द्वितीय) हरीश चंदर ने सोमवार को बताया कि 54 वर्षीय मलखान सिंह थाना फेस-2 क्षेत्र के भंगेल गांव में स्थित रजनीगंधा प्रॉपर्टी कार्यालय में सिक्योरिटी गार्ड का काम करता था। बीती रात को ड्यूटी पर तैनात मलखान ने ऑफिस के अंदर लगे पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना सेक्टर 20 क्षेत्र के निठारी गांव में रहने वाले 20 वर्षीय युवक बबलू ने बीती रात पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के भाई मुरली ने घटना की शिकायत दर्ज कराई है।

घर में आग लगने से एक ही परिवार के चार लोगों की मौत

रीवा (मध्यप्रदेश)। रीवा शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र के तरहटी मोहल्ले में एक घर में अचानक आग लगने से वहां सो रहे एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई। सिटी कोतवाली थाना के उप निरीक्षक नीरज द्विवेदी ने बताया कि मृतकों की पहचान रहीश खटीक (45), उसकी पत्नी गुड़िया खटीक (40), उनकी बेटी सेजल (13) और बेटा साहिल (11) के रूप में की गई है। उन्होंने कहा कि घर में रखे घरेलू गैस सिलेंडर में रविवार-सोमवार की मध्य रात्रि करीब ढाई बजे विस्फोट हुआ और आग लग गई। धमाके की आवाज सुनते ही आसपास के लोग वहां पहुंचे। द्विवेदी ने बताया कि स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने फायरब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया। उन्होंने कहा कि दरवाजा अंदर से बंद था जिसे तोड़ा गया। लेकिन तब तक चारों व्यक्तियों की मौत हो चुकी थी। द्विवेदी ने बताया कि आग कैसे लगी, इसकी अब तक जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। पुलिस मामले की विस्तृत जांच में जुटी है।

नाइट क्लब में गोलीबारी, एक की मौत और चार घायल

हर्टफोर्ड। कनेक्टिकट के एक नाइट क्लब में हुई गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी पॉल सिसेरो ने कहा कि हर्टफोर्ड के साउथ एंड में स्थित मैजेस्टिक लाउंज में रविवार तड़के हुई गोलीबारी की घटना में 28 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई। गोलीबारी में अन्य दो महिलाएं और दो पुरुष भी घायल हुए। उन्होंने कहा कि घायलों में से दो की रविवार को सर्जरी हुई और अन्य दो की हालत स्थिर है। मृतकों और घायलों में से किसी की पहचान उजागर नहीं की गई है। घटना के संबंध में किसी संदिग्ध को हिरासत में नहीं लिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि जांच की प्रक्रिया अभी चल रही है इसलिए अधिक जानकारी नहीं दी जा सकती। शहर के महापौर ल्यूक ब्रोनिन ने रविवार को कहा कि गोलीबारी में अवैध हथियार का इस्तेमाल किया गया था। उन्होंने कहा कि इस नाइट क्लब में पहले भी कुछ घटनाएं हुई थीं।

पत्नी को आग से बचाने की कोशिश में पति की जान गई

दुबई। संयुक्त अरब अमीरात के आबू धाबी में अपने घर में लगी आग से पत्नी को बचाने की कोशिश में झुलसे एक भारतीय व्यक्ति की मौत हो गई। आग लगने की घटना पिछले हफ्ते की है। खलीज टाइम्स के मुताबिक, पिछले सोमवार को केरल के रहने वाले अनिल निनान के घर में संभवत: शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई थी। सेंट थॉमस मार थोमा चर्च के एक अधिकारी सोजन थॉमस के हवाले से अखबार ने लिखा, घटना की पूरी जानकारी नहीं है। लेकिन निनान की पत्नी नीनू गलियारे में थी जब वह आग की चपेट में आई। उस वक्त अनिल बेडरूम में थे। वह पत्नी को बचाने के लिए भागे, लेकिन खुद भी आग की चपेट में आ गए। इस घटना में निनान 90 फीसदी झुलस गए। उनकी पत्नी भी झुलसी लेकिन उनकी हालत स्थिर है। दम्पति का चार साल का बेटा भी है।

बुर्किना फासो में चर्च के पास हमले में 24 की मौत

आउगादोयगु। बुर्किना फासो में रविवार को हमलावरों ने एक पादरी समेत 24 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी और तीन अन्य को अगवा कर लिया। तेजी से अस्थिर होते इस पश्चिम अफ्रीकी देश में एक धार्मिक नेता के खिलाफ यह हमला हुआ है। बाउंदोरे कम्युन के मेयर सिहनरी ओसनगोला ब्रिगाडी ने कहा कि याघा प्रांत के पासनी के कस्बे में यह हमला हुआ। करीब 20 हमलावरों ने प्रोटेस्टैंट चर्च के पास पुरुषों और महिलाओं को अलग किया और हमला कर दिया। इसमें कम से कम 10 अन्य लोग घायल हो गए। उन्होंने बताया कि बंदूकधारी हमलावरों ने दुकानों से तेल और चावल लूट लिए। डोरी में एक सरकारी सुरक्षा अधिकारी ने नाम जाहिर नहीं होने की शर्त पर कहा कि हमले के बाद गिरजाघर में आग लगा दी गई। हमले में ईसाई और मुस्लिम दोनों धर्मों के लोग मारे गए हैं।

कांगो में सड़क हादसे में 14 लोगों की मौत

किंशासा। अफ्रीकी देश कांगो की राजधानी किंशासा में एक लॉरी के वाहनों और राहगीरों पर चढ़ने से कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई और 20 से अधिक लोग घायल हो गए। किंशासा के जन सुरक्षा प्रमुख मिगुएल बगाया ने चश्मदीदों के हवाले से एएफपी को बताया कि रविवार को एक लॉरी ब्रेक फेल होने के बाद एक टैक्सी बस और अन्य वाहनों के साथ ही कुछ राहगीरों से जा टकराई। स्वास्थ्य मंत्री एटीनी लॉन्गोदो ने घटनास्थल का मुआयना करने के बाद कहा, अब तक 14 लोगों की मौत हो चुकी है और कई घायल हैं। उन्होंने कहा, सरकार मदद के लिए यहां है।

पायनियर क्लासीफाइड

♦ नाम परिवर्तन ♦

I, Mishthi D/o Rohit Kumar Chhabra R/o 369, Sector-14, Faridabad have changed my name to Mishthi Chhabra.

बेदखली सूचना

मैं, संजय खत्री आधार न. 260704399569 पुत्र श्री राजेन्द्र सिंह खत्री निवासी गढी ब्रहामणान तह. व जिला सोनीपत बयान करता हूं कि मेरी सगी पुत्री शीखा उम्र लगभग 20 वर्ष है यह मेरे कहने-सुनने से बाहर है। जिसके चलते मैं अपनी पुत्री शीखा को अपनी तमाम चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में मेरी पुत्री शीखा किसी भी प्रकार के लेन-देन व उसके किसी भी अच्छे व बुरें कार्य के लिए वह स्वयं जिम्मेवार होगी। मेरे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

आशीर्वाद पाने काशी-महाकाल एक्सप्रेस में भगवान शिव के लिए सीट आरक्षित

एजेंसी, नई दिल्ली

आईआरसीटीसी ने सोमवार को कहा कि काशी-महाकाल एक्सप्रेस की उद्घाटन यात्रा के दौरान इसमें भगवान शिव के लिए एक सीट आरक्षित की गई, ताकि इस नई परियोजना की सफलता के लिए उनका आशीर्वाद लिया जा सके। हालांकि, इस कदम पर सवाल भी उठाए गए हैं।

भारतीय रेलवे खान-पान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) ने एक बयान में कहा कि ट्रेन कर्मचारियों ने काशी-महाकाल

ट्रेन के डिब्बे बी 5 में सीट नंबर 64 भगवान शिव के लिए आरक्षित

20 फरवरी को होना है ट्रेन का पहला वाणिज्यिक परिचालन

एक्सप्रेस की उद्घाटन यात्रा के दौरान रविवार को पूजा करने के लिए ऊपर की एक सीट (अप्पर बर्थ) पर श्री महाकाल का फोटो कुछ समय के लिए रखा था। वहीं, एआईएमआईएम प्रमुख

असदुद्दीन ओवैसी ने इस कदम पर सवाल उठाया और प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) को टैग करते हुए संविधान की प्रस्तावना की एक तस्वीर ट्वीट की। रेलवे ने तीन ज्योर्तिलिंगों ओंकारेश्वर (इंदौर के पास स्थित), महाकालेश्वर (उज्जैन) और काशी विश्वनाथ (वाराणसी) को जोड़ने वाली ट्रेन के डिब्बे बी 5 में सीट नंबर 64 भगवान शिव के लिए आरक्षित की थी। ट्रेन का पहला वाणिज्यिक परिचालन 20 फरवरी को होना है।

आईआरसीटीसी ने बयान में कहा कि नई काशी-महाकाल एक्सप्रेस ट्रेन के कर्मचारियों ने ऊपरी बर्थ पर अस्थाई रूप से भगवान शिव का फोटो रखा, ताकि नई परियोजना (नई ट्रेन और नई रैक) की सफलता के लिए उनका आशीर्वाद लिया जा सके। यह सिर्फ उद्घाटन परिचालन के लिए ही था। बयान में कहा गया है, उद्घाटन परिचालन यात्रियों के लिए नहीं था। 20 फरवरी 2020 से शुरू हो रही इस ट्रेन की वाणिज्यिक यात्रा के दौरान इस उद्देश्य के लिए इस तरह की कोई आरक्षित या समर्पित सीट नहीं रखी जाने वाली है। भारतीय रेल की अनुषंगी, आईआरसीटीसी द्वारा संचालित यह तीसरी ट्रेन होगी। इस ट्रेन को प्रधानमंत्री ने 16 फरवरी को वाराणसी जंक्शन पर हरी झंडी दिखा कर रवाना किया था।

वादे पूरे नहीं हुए तो सड़क पर उतरना ही होगा : सिंधिया

एजेंसी। ग्वालियर (मध्यप्रदेश)

कांग्रेस महासचिव ज्योतिरादित्य सिंधिया ने एक बार फिर दोहराया कि यदि कमलनाथ नीत मध्यप्रदेश सरकार पार्टी के वचनपत्र में किए गए वादों को पूरा नहीं करेगी, तो जनसेवक होने के नाते उन्हें पूरा करवाने के लिए मुझे सड़क पर उतरना ही होगा। हालांकि, सिंधिया ने अपने रुख में इस बार थोड़ी नरमी लाते हुए कहा कि इसके लिए उन्हें कुछ समय तक सब्र रखना होगा, क्योंकि मध्यप्रदेश में पार्टी की सरकार बने अभी करीब एक साल ही हुआ है।

उन्होंने ग्वालियर रेलवे स्टेशन पर रविवार रात मीडिया से चर्चा में कहा, मैं जनसेवक हूं और जनता के मुद्दों के लिए लड़ना मेरा धर्म है। जो वादे वचनपत्र में लिखे हैं, उन्हें पूरा करना ही होगा। सिंधिया ने कहा, अब यदि वचनपत्र में लिखे वादे पूरे नहीं हुए तो सड़क पर उतरना ही होगा।

जनरल रावत ने सैन्य सुधारों के बड़े एजेंडे की घोषणा की

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल बिपिन रावत ने सोमवार को कहा कि भारत में पश्चिमी और उत्तरी सीमाओं पर भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए दो से पांच थिएटर कमान होंगी और ऐसी पहली कमान 2022 तक प्रभाव में आ जाएगी। सीडीएस ने कहा कि जम्मू कश्मीर में सुरक्षा संबंधी चुनौतियों को एक विशेष थिएटर कमान संभालेगी। जनरल रावत ने चुनिंदा पत्रकारों के एक समूह से बातचीत में कहा कि 114 लड़ाकू विमानों सहित बड़े सैन्य सौदों की क्रमबद्ध तरीके से खरीदारी की नई पहल को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

सरकार ने जनरल रावत को 31 दिसंबर को प्रमुख रक्षा अध्यक्ष नियुक्त किया था। सरकार के इस फैसले का मकसद तीनों सेनाओं के बीच तालमेल स्थापित करना और भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों से प्रभावी तरीके से निपटने के लिए सैन्य कमानों का पुनर्गठन करना है। सीडीएस ने कहा कि भारतीय नौसेना की पूर्वी और पश्चिमी कमानों का विलय कर बनने वाली प्रस्तावित पेनिनसुला कमान 2021 के अंत तक आकार ले सकती है। उन्होंने कहा कि एक नौसैनिक कमांडर के तहत तीनों सेनाओं की कमान के पास वायु परिसंपत्तियां होंगी और उसे सेना का सहयोग भी मिलेगा। यह हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्रीय सुरक्षा चुनौती की पूरी जिम्मेदारी भी संभालेगा।

जनरल रावत ने कहा कि हिंद महासागर क्षेत्र की सुरक्षा को एक कमांडर को देखना होगा और उसे जहाजों की आवाजाही समेत परिचालन संबंधी मामलों के लिए दिल्ली से मंजूरी लेने की जरूरत नहीं होगी। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित वायु रक्षा कमान अगले साल के मध्य तक शुरू हो सकती है और भारतीय सेना तथा नौसेना की मिसाइलों जैसी कुछ वायु संपत्तियां इसका हिस्सा होंगी। सीडीएस ने यह भी कहा कि सरकार की अमेरिका के तर्ज पर एक अलग प्रशिक्षण एवं सैद्धांतिक कमान बनाने की भी योजना है वहीं तीनों सेनाओं की साजो-सामान संबंधी जरूरतों का ख्याल रखने के लिए एक अलग कमान होगी। उन्होंने कहा कि वायु सेना उप प्रमुख के नेतृत्व में एक दल वायु रक्षा कमान स्थापित करने के लिए अध्ययन कर रहा है और उसे 31 मार्च तक अध्ययन पूरा करने के लिए कहा गया है।

जनरल रावत ने कहा कि इसके बाद अध्ययन को लागू करने के लिए आदेश जारी किए जाएंगे। हम अगले साल की पहली छमाही में वायु रक्षा कमान को आकार दे देंगे। प्रायद्वीप कमान के संदर्भ में उन्होंने कहा कि यह अगले साल के अंत तक बनने की संभावना है। जनरल रावत ने कहा कि भारत की पहली थिएटर कमान 2022 तक बनाने का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि हम जम्मू कश्मीर के लिए अलग थिएटर कमान बनाने की योजना बना रहे हैं, जिसमें अंतरराष्ट्रीय सीमा का क्षेत्र शामिल होगा। इस समय सेना, नौसेना और वायु सेना की अलग-अलग कमानें हैं।

बघेल नोबेल पुरस्कार विजेता बनर्जी से अमेरिका में मिले

रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नोबेल पुरस्कार विजेता अभिजीत बनर्जी से अमेरिका में मुलाकात कर कांग्रेस सरकार द्वारा राज्य के आर्थिक विकास के लिए उठाए गए कदमों की चर्चा की। एक आधिकारिक वक्तव्य के अनुसार अमेरिका की यात्रा पर गए बघेल ने रविवार को मेसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में बनर्जी से मुलाकात की। डेढ़ घंटे की मुलाकात में बघेल ने बनर्जी को छत्तीसगढ़ में शुरू की गई नई परियोजनाओं के बारे में बताया। बघेल के अनुरोध पर बनर्जी इस साल जुलाई में छत्तीसगढ़ का दौरा करने पर सहमत हो गए।

महिला सैन्य अधिकारियों पर कोर्ट का फैसला मोदी सरकार को करारा जवाब

एजेंसी। नई दिल्ली

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने सेना की महिला अधिकारियों को तीन महीने के भीतर स्थाई कमीशन प्रदान करने के उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद सोमवार को दावा किया कि यह नारी शक्ति का विरोध करने वाली मोदी सरकार को करारा जवाब है।

प्रियंका ने ट्वीट कर कहा कि उच्चतम न्यायालय के ऐतिहासिक फैसले ने देश की महिलाओं की उड़ान को नए पंख दिए हैं। महिलाएं सक्षम है सेना में, शौर्य में और जल, थल, नभ में। पूर्वाग्रह से ग्रस्त होकर नारी शक्ति का विरोध करने वाली मोदी सरकार को यह करारा जवाब है। दरअसल, उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को केंद्र सरकार को आदेश दिया कि वह सेना की उन सभी महिला अधिकारियों को तीन महीने के भीतर स्थाई कमीशन प्रदान करे जिन्होंने इसके लिए आवेदन किया है। न्यायालय ने यह भी कहा कि महिलाओं को कमान मुख्यालय पर नियुक्ति दिए जाने पर पूरी तरह रोक नहीं लगाई जा सकती। न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने केंद्र सरकार की उस दलील को खारिज कर दिया जिसमें शारीरिक सीमाओं और सामाजिक चलन का हवाला देते हुए सेना में महिला अधिकारियों को स्थाई कमीशन नहीं देने की बात कही गई थी।

खान घोटाले की गंभीरता से जांच करे राज्य सरकार : पायलट

उदयपुर। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) द्वारा परिवहन विभाग में भ्रष्टाचार के एक बड़े मामले का खुलासा किए जाने के बीच उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने सोमवार को कहा कि राज्य सरकार को पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के शासन में हुए खान घोटाले की और गंभीरता से जांच करनी चाहिए।

उन्होंने कहा भ्रष्टाचार को लेकर हमने हमेशा से ही कतई बर्दाश्त नहीं की बात की है। उल्लेखनीय है कि एसीबी ने राज्य के परिवहन विभाग में दलालों के जरिए वाहन मालिकों को डरा-धमकाकर मासिक बंधी वसूलने के बड़े मामले के खुलासे का दावा करते हुए एक

परिवहन निरीक्षक तथा दलाल को पकड़ लिया। पायलट ने इस बारे में पूछे जाने पर कहा कि मैं शुरू से कहता आया हूं ... हम लोग जब विपक्ष में थे तब भी हम लोगों ने कहा कि जितने भी घोटाले हुए हैं... उदाहरण के तौर पर जब खान घोटाला सामने आया था, तो हम सबने मिलकर विरोध किया था। 45000 करोड़ रुपये का खान घोटाला हुआ। उसके बाद उन खानों को रद्द किया गया। उन्होंने कहा कि लोकायुक्त उस मामले की जांच कर रहे हैं। मैं चाहूंगा कि साल भर हमारी सरकार को बने हुए हो गया है, तो उस घोटाले पर भी हमारी सरकार और लोकायुक्त मिलकर तथा गंभीरता से जांच करे।

वुहान अभियान : एअर इंडिया के चालक दल को प्रधानमंत्री का हस्ताक्षरित प्रशस्तिपत्र मिला

एजेंसी। नई दिल्ली

कोरोना वायरस से प्रभावित चीनी शहर वुहान से 647 भारतीयों के साथ ही मालदीव के सात नागरिकों को सफलतापूर्वक बाहर निकालने के अभियान में शामिल एअर इंडिया की दो उड़ानों के चालक दल के 68 सदस्यों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हस्ताक्षर किया हुआ प्रशस्तिपत्र मिला है। नागर उड्डयन मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने एक कार्यक्रम में चालक दल के प्रत्येक सदस्य को प्रशस्तिपत्र सौंपा। एअर इंडिया ने 31 जनवरी को बी747 विमान की मदद से पहली खेप में 324 भारतीयों को वुहान से निकाला था। दूसरी खेप में एक फरवरी को वुहान से 323 भारतीयों और मालदीव के सात नागरिकों को वापस लाया गया। पुरी ने कहा कि सोमवार का आयोजन कई मामलों में अनोखा है। यह पेशेवराना रवैए की नई ऊंचाई को दर्शाता है। यह उनके लिए अच्छा उदाहरणामानदंड पेश करता है जिनकी प्रकृति भले ही व्यावसायिक है, लेकिन वे देश के लिए समर्पित हैं।

उन्होंने कहा कि एअर इंडिया हमेशा से पहले दर्जे की संपत्ति रहा है। आज इस कंपनी के विमान 42 अंतरराष्ट्रीय और 82 घरेलू जगहों से उड़ान भरते हैं, लेकिन उससे भी महत्वपूर्ण है कि एअर इंडिया गुणवत्ता और उत्कृष्टता को दर्शाता है। पिछले ही शुक्रवार को एअर इंडिया के सीएमडी पद से सेवानिवृत्त हुए अश्विनी लोहानी ने बताया कि जब वुहान अभियान के लिए चालक दल का चयन किया गया, तो उनमें से एक ने भी आपत्ति नहीं की। उन्होंने कहा कि हमें अपनी सेहत की परवाह किए बगैर इस अभियान पर जाने वाले एअर इंडिया के चालक दल के सदस्यों पर गर्व है।

संदिग्ध पशु चोरों की पुलिस से मुठभेड़ एक घायल

नोएडा। ग्रेटर नोएडा में सोमवार तड़के थाना जारचा पुलिस और संदिग्ध पशु चोरों के बीच हुई मुठभेड़ में एक बदमाश के पैर में गोली लगी है। पुलिस उपायुक्त (जोन तृतीय) राजेश कुमार सिंह ने बताया कि रविवार रात जारचा थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि एक कैंटर में सवार कुछ लोग मवेशी चुराने की फिराक में हैं।

चोना बॉर्डर पर जांच के दौरान पुलिस को एक संदिग्ध कैंटर आता दिखाई दिया। जब उसे रुकने का इशारा किया गया, तो कैंटर में सवार तीन-चार आरोपियों ने पुलिस दल पर गोलियां चला दीं। उन्होंने बताया कि जवाबी कार्रवाई में एक आरोपी को दो गोली लगी है। आरोपी की शिनाख्त गाजियाबाद निवासी परवेज उर्फ भूरा के रूप में हुई है। अधिकारी ने बताया कि उसके अन्य साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। उनकी तलाश जारी है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने एक तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। सिंह ने बताया कि पूछताछ के दौरान पता चला है कि मुठभेड़ में घायल आरोपी पर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के विभिन्न थानों में 35 मामले दर्ज हैं। वह कई बार जेल जा चुका है।

सपा अध्यक्ष को धमकी का मामला सदन में हंगामा, नहीं हो सका प्रश्नकाल

सपा सदस्य नरेश उत्तम ने भी सरकार पर नफरत की राजनीति करने का आरोप लगाया, कहा कि अखिलेश की सुरक्षा जानबूझकर हटाई गई

एजेंसी। लखनऊ

समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव की सुरक्षा के मुद्दे पर सोमवार को विधान परिषद में सपा सदस्यों के जोरदार हंगामे की वजह से प्रश्नकाल नहीं हो सका। पूर्वाह्न 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होते ही नेता विपक्ष अहमद हसन ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की सुरक्षा का मुद्दा उठाते हुए कहा कि सरकार विपक्ष को डराने धमकाने की कोशिश कर रही है और इसी मकसद से अखिलेश की सुरक्षा में कटौती की गई है।

सपा सदस्य नरेश उत्तम ने भी सरकार पर नफरत की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि अखिलेश की सुरक्षा जानबूझकर हटाई गई है। सपा सदस्य शतरुद्र प्रकाश ने भी इस मुद्दे पर सरकार को घेरने की कोशिश की। नेता सदन उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा ने नेता विपक्ष से पूछा कि आखिर किस नियम के तहत वह प्रश्नकाल में यह मुद्दा उठा रहे हैं।

इस पर सपा के सभी सदस्य सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए सदन के बीचोबीच आ गए। सभापति रमेश यादव ने उनसे अपने-अपने स्थान पर लौटने का आग्रह किया। हंगामा नहीं थमते देख उन्होंने सदन की कार्यवाही आधे घंटे के लिए स्थगित कर दी। बाद में स्थगन की अवधि दोपहर 12 बजे तक के लिए बढ़ा दी गई। इस तरह प्रश्नकाल नहीं हो सका। गौरतलब है कि गत शनिवार को कन्नौज जिले में सपा के महिला सम्मेलन में पूर्व मुख्यमंत्री और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पहुंचे थे। वह सभा को संबोधित कर रहे थे तभी गोविंद शुक्ला नाम के युवक ने उनसे कोई सवाल किया। इस पर अखिलेश ने उससे कहा तुम भाजपा के आदमी तो नहीं हो? इतना कहने पर उसने जय श्रीराम का नारा लगाया। तब सपा कार्यकर्ताओं ने उसकी पिटाई कर दी थी। सपा इस मुद्दे को अखिलेश की सुरक्षा में खामी से जोड़ रही है।

संक्षिप्त समाचार

सीएए को लेकर प्रधानमंत्री के तानाशाह रवैये की अलोचना की

पुडुचेरी। कांग्रेस नेता संजय दत्त ने सीएए को वापस नहीं लेने पर अडिग रहने के प्रधानमंत्री मोदी के रुख को लेकर सोमवार को उनकी आलोचना करते हुए कहा कि यह उनका तानाशाह रवैया दर्शाता है। अखिल भारतीय कांग्रेस समिति (एआईसीसी) के सचिव ने कहा कि ऐसे समय में जब देश में कई मुद्दे हैं, जिनके समाधान की जरूरत है, प्रधानमंत्री अपनी विभिन्न विफल आर्थिक नीतियों से लोगों का ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहे हैं। तमिलनाडु और पुडुचेरी के लिए एआईसीसी के प्रभारी सचिव दत्त ने कहा कि देश में लाखों लोग सीएए के खिलाफ हैं और उनका (मोदी का) यह कहना कि सीएए पर रुख में कोई बदलाव नहीं होगा, प्रधानमंत्री का तानाशाह रवैया दर्शाता है। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा दबे-कुचलों पर सुनियोजित हमले कर रही है और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के साथ मिलकर काम कर रही पार्टी के रुख से यह स्पष्ट है। उन्होंने कहा कि भाजपा संविधान में प्रदत्त अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्गों के लिए आरक्षण पर भी निशाना साध रही है। उन्होंने सीएए के खिलाफ विधानसभा में प्रस्ताव पारित करने के लिए पुडुचेरी में कांग्रेस सरकार की भी तारीफ की। उप राज्यपाल किरण बेदी पर निशाना साधते हुए दत्त ने कहा कि कार्यभार संभालने के तीन साल बाद पूर्व आईपीएस अधिकारी का योगदान शून्य है। उन्होंने कहा कि बेदी पुडुचेरी पर एक बोझ हैं। कांग्रेस नेता ने कहा, किरण बेदी ने पुडुचेरी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में हस्तक्षेप नहीं किया होता तो राज्य और ऊंचाई पर होता।

महाराष्ट्र सरकार के खिलाफ राज्यव्यापी प्रदर्शन करेगी भाजपा

मुंबई। भाजपा ने राज्य में मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र विकास अघाड़ी सरकार के खिलाफ 25 फरवरी को राज्यव्यापी प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रकांत पाटिल ने सोमवार को कहा कि जनता के मुद्दों को हल करने में विफल रहने और राष्ट्रीय जनसंख्या पंजी (एनपीआर), प्रस्तावित राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) और संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) का विरोध करने पर पार्टी सभी तहसीलों में राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करेगी। पाटिल ने कहा कि विरोध-प्रदर्शन करीब 400 स्थानों पर किया जाएगा। यह महाराष्ट्र सरकार के बजट सत्र के अगले दिन होगा। राज्य विधानसभा का बजट सत्र 24 फरवरी से शुरू हो रहा है। पार्टी को भविष्य में अकेले ही चुनाव लड़ने के लिए तैयार रहने के भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के हालिया बयान पर पाटिल ने कहा कि हमने अपनी रणनीति में बदलाव नहीं किया है। हम कह रहे हैं कि महाराष्ट्र विकास अघाड़ी सरकार अपने ही बोझ और अंदरूनी कलह से गिर जाएगी।

नाबालिग का यौन उत्पीड़न करने वाल श्रमिक गिरफ्तार

इरोड। तमिलनाडु के इरोड जिले के गोबिचेट्टीपालायम में एक नाबालिग लड़की का यौन उत्पीड़न करने वाले 21 वर्षीय एक युवक को पोक्सो अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया है। दिहाड़ी पर काम करने वाले दिनेश और 15 वर्षीय लड़की के बीच प्रेम संबंध था। युवक ने लड़की से शादी का वादा किया था। पुलिस ने बताया कि युवक पर भरोसा कर लड़की उसके साथ एक सुनसान स्थान पर गई जहां लड़के ने उसका यौन उत्पीड़न किया। रविवार को जब वे दोनों फिर मिले तो लड़की ने उससे शादी करने को कहा लेकिन लड़के ने इनकार कर दिया। पुलिस के मुताबिक तब लड़की ने इस बारे में अपने माता-पिता को बताया।

उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में आदमपुर सबसे सर्द

चंडीगढ़। उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में सोमवार को हरियाणा का आदमपुर सबसे सर्द इलाका रहा और पंजाब सहित दोनों राज्यों के कुछ स्थानों पर न्यूनतम तापमान सामान्य से नीचे दर्ज किया गया। मौसम विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि आदमपुर में न्यूनतम तापमान 3.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं, पंजाब के हलवारा में न्यूनतम तापमान 4.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। पंजाब के बठिंडा में पारा 5.8, अमृतसर में 6.6 और गुरदासपुर में न्यूनतम तापमान 7.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। हरियाणा के करनाल में पारा 5.8, नारनौल में 5.9, हिसार में 6.7, सिरसा में 7.7 और रोहतक में 8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो इस मौसम के औसत तापमान से कम है। पंजाब और हरियाणा की साझी राजधानी चंडीगढ़ में न्यूनतम तापमान 9.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

सबरीमला: धार्मिक स्वतंत्रता दायरे के मुद्दों पर सुनवाई शुरू

एजेंसी। नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय की नौ सदस्यीय संविधान पीठ ने सोमवार को धार्मिक स्वतंत्रता के दायरे से संबंधित मुद्दों पर सुनवाई शुरू की। न्यायालय इस मुद्दे पर भी विचार कर रहा है कि क्या कोई व्यक्ति किसी आस्था विशेष से संबंधित नहीं होने के बाद भी उस धर्म की धार्मिक परंपराओं पर सवाल उठाते हुए जनहित याचिका दायर कर सकता है। प्रधान न्यायाधीश एसए बोबडे की अध्यक्षता वाली संविधान पीठ ने धर्म और विभिन्न पंथों से संबंधित मौलिक अधिकारों के बारे में सात सवाल तैयार किए हैं और यह पीठ इन मुद्दों से निबटने के लिए एक न्यायिक नीति भी तैयार करेगी।

केंद्र की ओर से सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता ने बहस शुरू करते हुए संविधान के अंतर्गत धार्मिक रिवाजों और उनके प्रचार के मौलिक अधिकारों के बारे में शीर्ष अदालत के अनेक फैसलों का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि सरकार और न्यायालय को धर्म के पंथनिरपेक्ष हिस्से को नियंत्रित करने का अधिकार है। संविधान पीठ के अन्य सदस्यों में न्यायमूर्ति आर भानुमति, न्यायमूर्ति अशोक भूषण, न्यायमूर्ति एल नागेश्वर राव, न्यायमूर्ति एम एम शांतानागौदर, न्यायमूर्ति एस अब्दुल नजीर, न्यायमूर्ति आर सुभाष रेड्डी, न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति सूर्यकांत शामिल हैं।

मेहता ने कहा कि लोक व्यवस्था, नैतिकता और स्वास्थ्य से संबंधित मामलों में सरकार कानून बना सकती है। इस पर पीठ ने कहा कि मंदिरों में चढ़ावा देने की परंपरा रही है और यह धार्मिक गतिविधि है। मेहता के कथन का संज्ञान लेते हुए पीठ ने टिप्पणी की, लेकिन अगर धन का इस्तेमाल आतंकवाद के लिए और कैसिनो चलाने के लिए होता है, तो यह धर्म का पंथनिरपेक्ष हिस्सा हो जाता है। पीठ ने 10 फरवरी को संविधान के तहत धार्मिक स्वतंत्रता और आस्था से संबंधित मुद्दों से जुड़े सात सवाल तैयार किए थे। इनमें यह सवाल भी शामिल है कि क्या कोई व्यक्ति किसी धर्म या धार्मिक पंथ विशेष का सदस्य नहीं होते हुए भी उस धर्म से जुड़ी धार्मिक आस्थाओं पर जनहित याचिका के माध्यम से सवाल उठा सकता है।

इनमें धार्मिक स्वतंत्रता का दायरा और धार्मिक स्वतंत्रता तथा विभिन्न धार्मिक पंथों की आस्था की स्वतंत्रता के बीच पारस्परिक असर का सवाल भी शामिल है। इसी तरह, संविधान के अनुच्छेद 25 के अंतर्गत धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार और विभिन्न धार्मिक पंथों के अधिकारों के बीच उसकी भूमिका पर भी पीठ विचार करेगी। पीठ धार्मिक परंपराओं के संबंध में न्यायिक समीक्षा की सीमा और अनुच्छेद 25 (2)(बी) में उल्लिखित हिंदुओं के वर्गों से तात्पर्य के बारे में भी विचार करेगी।

पीठ ने ये सवाल उस समय तैयार किए जब कुछ वकीलों ने 14 नवंबर, 2019 को तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ द्वारा भेजे गए सवालों पर आपत्ति करते हुए कहा था कि ये अस्पष्ट हैं। इस पीठ ने सबरीमला मामले के साथ ही मस्जिदों और दरगाहों में महिलाओं के प्रवेश और गैर पारसी व्यक्ति से विवाह करने वाली पारसी महिला को अज्ञारी के पवित्र अग्नि स्थल पर प्रवेश से वंचित करने की परंपरा से जुड़े मुद्दे वृहद पीठ के पास भेजे थे, ताकि धार्मिक स्वतंत्रता से संबंधित मामलों के बारे में एक न्यायिक नीति तैयार की जा सके।

अदालत ने शर्जील इमाम को एक दिन की पुलिस हिरासत में भेजा

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने देशद्रोह के आरोप में गिरफ्तार शर्जील इमाम को संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) के खिलाफ 15 दिसंबर को न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में हिंसक प्रदर्शनों से संबंधित एक मामले में सोमवार को दिल्ली पुलिस की एक दिन की हिरासत में भेज दिया। यह इमाम के खिलाफ देशद्रोह से अलग मामला है। पुलिस ने बताया कि मामले में एक अन्य आरोपी ने खुलासा किया है कि उसे शर्जील के भाषणों ने उकसाया था, जिसके बाद मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट गुरमोहन कौर ने इमाम को हिरासत में भेज दिया। यहां जामिया मिल्लिया इस्लामिया विश्वविद्यालय में कथित तौर पर भड़काऊ भाषण देने के लिए इमाम को 28 जनवरी को बिहार के जहानाबाद से गिरफ्तार किया गया था।

आधुनिक भारत के निर्माता स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती

समाज-सुधारक स्वामी दयानंद सरस्वती का जन्म मोरबी (मुंबई की मोरवी रियासत) के पास काठियावाड़ क्षेत्र जिला राजकोट, गुजरात में 18 फरवरी सन 1824 में एक ब्राह्मण परिवार में हुआ। मूल नक्षत्र में जन्म होने के कारण उनका नाम मूलशंकर रखा गया था। उन्होंने वेदों के प्रकांड विद्वान स्वामी विरजानंद जी से शिक्षा ग्रहण की थी। एक समय की बात है। स्वामी विरजानंद (दंडी स्वामी) की पाठशाला में कई शिष्य आते, कुछ समय तक रहते मगर उनके क्रोध, उनकी प्रताड़ना को सहन न कर सकने के कारण भाग जाते। कोई-कोई शिष्य ऐसा निकलता, जो उनके पास पूरा समय रहकर पूरी शिक्षा पा सकता। यह दंडी स्वामी (स्वामी विरजानंद) की एक बड़ी कमजोरी थी।

दयानंद सरस्वती को भी उनसे कई बार दंड मिला, मगर वह दृढ़ निश्चयी थे अत: पूरी शिक्षा प्राप्त करने का संकल्प किए, डटे रहे। एक दिन दंडी स्वामी को क्रोध आया और उन्होंने अपने हाथ के सहारे ली हुई छड़ी से दयानंद की खूब पिटाई करते हुए उसकी खूब भर्त्सना कर दी। मूर्ख, नालायक, धूर्त पता नहीं क्या-क्या कह कहते चले गए। दयानंद के हाथ में चोट लग गई, काफी दर्द हो रहा था, मगर दयानंद ने बिलकुल भी बुरा नहीं माना बल्कि उठकर गुरुजी के हाथ को अपने हाथ में ले लिया और सहलाते हुए बोले, 'आपके कोमल हाथों को कष्ट हुआ होगा। इसके लिए मुझे खेद है।' दंडी स्वामी ने दयानंद का हाथ झटकते हुए कहा, 'पहले तो मूर्खता करता है, फिर चमचागिरी। यह मुझे बिलकुल भी पसंद नहीं।' पाठशाला के सब विद्यार्थियों ने यह दृश्य देखा। उनमें एक नयनसुख था, जो गुरुजी का सबसे चहेता विद्यार्थी था। नयनसुख को दयानंद से सहानुभूति हो आई, वह उठा और गुरुजी के पास गया तथा बड़े ही संयम से बोला, 'गुरुजी! यह तो आप भी जानते हैं कि दयानंद मेधावी छात्र है, परिश्रम भी बहुत करता है।'

दंडी स्वामी को अपनी गलती का अहसास हो चुका था। अब उन्होंने दयानंद को अपने करीब बुलाया। उसके कंधे पर हाथ रखकर बोले, 'भविष्य में हम तुम्हारा पूरा ध्यान रखेंगे और तुम्हें पूरा सम्मान देंगे।' जैसे ही छुट्टी हुई, दयानंद ने नयनसुख के पास जाकर कहा, 'मेरी सिफारिश करके तुमने अच्छा नहीं किया, गुरुजी तो हमारे हितैषी हैं। दंड देते हैं तो हमारी भलाई के लिए ही। हम कहीं बिगड़ न जाएं, उनको यही चिंता रहती है।' धर्म सुधार के लिए अग्रणी रहे दयानंद सरस्वती ने 1875 में मुंबई में आर्य समाज की स्थापना की थी और पाखंड खंडिनी पताका फहराकर कई उल्लेखनीय कार्य किए। यही दयानंद आगे चलकर महर्षि दयानंद बने और वैदिक धर्म की स्थापना के लिए 'आर्य समाज' के संस्थापन के रूप में विश्वविख्यात हुए। आर्य समाज की स्थापना के साथ ही भारत में डूब चुकी वैदिक परंपराओं को पुनर्स्थापित करके विश्व में हिंदू धर्म की पहचान करवाई। उन्होंने हिंदी में ग्रंथ रचना आरंभ की तथा पहले के संस्कृत में लिखित ग्रंथों का हिंदी में अनुवाद भी किया। महर्षि दयानंद सरस्वती का भारतीय स्वतंत्रता अभियान में भी बहुत बड़ा योगदान था।

> वेदों का प्रचार करने के लिए दयानन्द सरस्वती ने पूरे देश का दौरा करके पंडित और विद्वानों को वेदों की महत्ता के बारे में समझाया। संस्कृत भाषा में उन्हें अगाध ज्ञान होने के कारण स्वामीजी संस्कृत को एक धारावाहिक रूप में बोलते थे। उन्होंने ईसाई और मुस्लिम धर्मग्रंथों पर काफी मंथन करने के बाद अकेले ही तीन मोर्चों पर अपना संघर्ष आरंभ किया, जिसमें उन्हें अपमान, कलंक और कई कष्टों को झेलना पड़ा।

वेदों का प्रचार करने के लिए उन्होंने पूरे देश का दौरा करके पंडित और विद्वानों को वेदों की महत्ता के बारे में समझाया। संस्कृत भाषा में उन्हें अगाध ज्ञान होने के कारण स्वामीजी संस्कृत को एक धारावाहिक रूप में बोलते थे। उन्होंने ईसाई और मुस्लिम धर्मग्रंथों पर काफी मंथन करने के बाद अकेले ही तीन मोर्चों पर अपना संघर्ष आरंभ किया, जिसमें उन्हें अपमान, कलंक और कई कष्टों को झेलना पड़ा। दयानंद के ज्ञान का कोई जवाब नहीं था। वे जो कुछ कह रहे थे, उसका उत्तर किसी भी धर्मगुरुओं के पास नहीं था। 'भारत, भारतीयों का है' यह उनके प्रमुख उद्गार है। स्वामी जी के नेतृत्व में ही 1857 के स्वतंत्रता संग्राम क्रांति की संपूर्ण योजना तैयार की गई थी और वही उसके प्रमुख सूत्रधार थे। 'भारत, भारतीयों का है' यह अंग्रेजों के अत्याचारी शासन से तंग आ चुके भारत में कहने का साहस भी सिर्फ दयानंद में ही था। उन्होंने अपने प्रवचनों के माध्यम से भारतवासियों को राष्ट्रीयता का उपदेश दिया और भारतीयों को देश पर मर मिटने के लिए प्रेरित करते रहे।

एक बार औपचारिक बातों के दौरान अंग्रेज सरकार द्वारा स्वामी जी के सामने एक बात रखी गई कि आप अपने व्याख्यान के प्रारंभ में जो ईश्वर की प्रार्थना करते हैं, क्या उसमें अंग्रेजी सरकार के कल्याण की भी प्रार्थना कर सकेंगे। तो स्वामी दयानंद ने बड़ी निर्भीकता के साथ जवाब दिया। 'मैं ऐसी किसी भी बात को स्वीकार नहीं कर सकता। मेरी यह स्पष्ट मान्यता है कि मैं अपने देशवासियों की निर्बाध प्रगति तथा हिंदुस्तान को सम्माननीय स्थान प्रदान कराने के लिए परमात्मा के समक्ष प्रतिदिन यही प्रार्थना करता हूं कि मेरे देशवासी विदेशी सत्ता के चुंगल से शीघ्र मुक्त हों।' और उनके इस तीखे उत्तर से तिलमिलाई अंग्रेजी सरकार द्वारा उन्हें समाप्त करने के लिए तरह-तरह के षड्यंत्र रचे जाने लगे। स्वामी जी की देहांत सन 1883 को दीपावली के दिन संध्या के समय हुआ।

उल्लेखनीय कार्य

- आर्य समाज के संस्थापक तथा समाज-सुधारक।
- स्वामी जी ने धर्म परिवर्तन कर चुके लोगों को पुन: हिंदू बनने की प्रेरणा देकर शुद्धि आंदोलन चलाया।
- स्वामी दयानंद ने हिंदी भाषा में सत्यार्थ प्रकाश पुस्तक तथा अनेक वेदभाष्यों की रचना की।
- सन 1886 में लाहौर में स्वामी दयानंद के अनुयायी लाला हंसराज ने दयानंद एंग्लो वैदिक कॉलेज की स्थापना की थी।
- सन 1901 में स्वामी श्रद्धानंद ने कांगड़ी में गुरुकुल विद्यालय की स्थापना की।

प्रमुख लोगों के कुछ उद्गार

- लोकमान्य तिलक: स्वराज्य के प्रथम संदेशवाहक स्वामी दयानंद।
- सुभाषचंद्र बोस: आधुनिक भारत के निर्माता दयानंद।
- डॉ. भगवानदास: स्वामी दयानन्द हिंदू पुनर्जागरण के मुख्य निर्माता।
- एनी बेसेंट: दयानन्द पहले व्यक्ति थे, जिन्होंने भारत भारतीयों के लिए की घोषणा की।
- सरदार पटेल- भारत की स्वतंत्रता की नींव स्वामी दयानन्द ने डाली।

अदृश्य भक्त करता है रोज शिव पूजा, कौन है वो? रहस्य अब भी बरकरार

धार्मिक दृष्टि से भारत विचित्रताओं का देश है। भगवान शिव मंदिरों के अनेक रहस्य, किवदंतियां, कथाएं देखने सुनने को मिलती हैं। भारत में हमें शिव भगवान शिव के कई मंदिर देखने को मिलते हैं। केदारनाथ, सोमनाथ, काशी विश्वनाथ, अमरनाथ, लिंगराज आदि शिव मंदिरों पर रोजाना अधिक भीड़ देखने को मिलती है। प्रत्येक मंदिर अपने-अपने इतिहास के लिए देशभर में प्रसिद्ध है, लेकिन भगवान शिव के कुछ ऐसे मंदिर भी है, जिनके बारे में लोगों को पता नहीं होगा। आज हम हमको ऐसे ही एक मंदिर के बताने जा रहे हैं, जिसकी खासियत यह है कि यहां भोलेनाथ का जलाभिषेक साल के बारहों मास चौबीसों घंटे होता है और इसे कोई और नहीं स्वयं गंगा जी द्वारा किया जाता है।

> घने जंगलों में ईसुरा पहाड़ की गुफा में बने इस शिवमंदिर में पट खुलते ही पुजारी को शिवलिंग का 21 मुखी, 11 मुखी 7 मुखी बेलपत्रों और चावल, फूलों से अभिषेक हुआ प्रतिदिन मिलता है। प्राकृतिक सौंदर्य के बीच बसे ईश्वरा महादेव का रहस्य वर्षों बाद भी नहीं सुलझ सका है।

इस बार शिवरात्रि एवं सावन के महीने में आपको बताते हैं एक ऐसे रहस्यमयी शिव मंदिर के बारे में जहां प्रतिदिन कोई अदृश्य भक्त तड़के में आकर शिव का अभिषेक करता है। लोगों को अपनी आंखों पर यकीन ही नहीं होता कि ऐसे कैसे होता है। इस भक्त को न तो किसी ने देखा और न कभी महसूस किया। वहां के लोग आज तक इस रहस्य को कोशिश करने पर भी जान नहीं पाए। इस चमत्कार को देखने लोग दूर-दूर से यहां आते हैं। आश्चर्यचित कर देने वाला यह शिव मंदिर मध्य प्रदेश राज्य के मुरैना जिले में जिला मुख्यालय मुरैना से करीब 60 किमी दूरी पर पहाड़गढ़ में स्थित है। यहां अदृश्य शिव भक्त ब्रह्म मुहूर्त में शिव की आराधना करता है लेकिन ऐसा सिर्फ सावन में नहीं होती बल्कि पूरे साल होती है। घने जंगलों में ईसुरा पहाड़ की गुफा में बने इस शिवमंदिर में पट खुलते ही पुजारी को शिवलिंग का 21 मुखी, 11 मुखी 7 मुखी बेलपत्रों और चावल, फूलों से अभिषेक हुआ प्रतिदिन मिलता है। प्राकृतिक सौंदर्य के बीच बसे ईश्वरा महादेव का रहस्य वर्षों बाद भी नहीं सुलझ सका है। ऐसा बताया जा रहा है कि ईश्वरा महादेव मंदिर पर सुबह चार बजे कोई अदृश्य शक्ति पूजा करती है। इसे जानने के लिए कई प्रयास किए गए, लेकिन बार-बार रहस्य जानने की ये कोशिश विफल होती जा रही है।

यहां गुफा नुमा पहाड़ के नीचे शिवलिंग पर प्राकृतिक झरने से शिवलिंग के शीर्ष पर जलाभिषेक हो रहा है और ब्रह्म मुहूर्त में कोई सिद्ध शक्ति उपासना करती है। पहाडगढ़ के जंगलों में पहाड़ों के बीच बना ईश्वरा महादेव का ये सिद्ध मंदिर तो शिव भक्तों के लिए आस्था का केंद्र तो बना ही हुआ है। इसके अलावा भी इस जगह कुछ ऐसा है, जो लोगों को यहां आने के लिए प्रेरित करता है। बारिश के मौसम में यहां प्राकृतिक छटा देखने लायक होती है, इसलिए यह धार्मिक स्थल के साथ अच्छा पिकनिक स्पॉट भी माना जाता है।

ग्रामीण कहते हैं कि एक सिद्ध बाबा ने इन पहाड़ों के बीच शिवलिंग स्थापित कर तपस्या की थी। तभी से शिवलिंग के शीर्ष पर प्राकृतिक झरना अविरल जलाभिषेक कर रहा है। जब भी ब्रह्म मुहूर्त में पुजारी मंदिर के पट खोलते हैं तो भौचक्के रह जाते हैं क्योंकि पट खोलते ही एक ऐसा नजारा देखने को मिलता है, जो वहां मौजूद हर किसी के होश उड़ा देता है। हर रोज पुजारी के पट खोलने से पहले शिव शीर्ष पर 21 मुखी व 11 मुखी बेल पत्र, चावल और फूल चढ़े हुए मिलते हैं। लोगों का कहना है कि इस मंदिर के गर्भ गृह में रहस्यमयी पूजा को जानने के लिए किसी ने शिवलिंग के ऊपर हाथ रख लिया था, लेकिन तभी अचानक तेज आंधी चली और उसका हाथ कुछ देर के लिए हटा और अदृश्य भक्त शिव का पूजन कर गया और जिसने हाथ रखा था वो कोढ़ी हो गया। यहां शिवलिंग पर ब्रह्म मुहूर्त में बेलपत्र कौन चढ़ाता है इसका रहस्य जानने के लिए कई कोशिशें की गईं, जिसमें लगातार असफलता ही हाथ लग रही है। इसलिए वहां के संत-महात्माओं ने एक ठोक निर्णय लेते हुए किसी भी हाल में रहस्य को जानने की ठानी। संत महात्माओं ने मंदिर के अंदर ही अपना ढेरा जमा लिया। वहां मौजूद होने के बाद भी अबतक वो रहस्य नहीं जान पाए हैं क्योंकि हर रोज ब्रह्म मुहुर्त होने से कुछ समय पहले ही उनकी झपकी लग जाती है और इसी मौके की नजाकत को देखते हुए पल भर में ही अनजानी शक्ति शिवलिंग का विधिवत पूजा करके, कहीं गायब हो जाती है और एक बार फिर रहस्य, रहस्य ही रह जाता है। ऐसे में लोगों का कहना है कि लंका के राजा विभीषण को सप्त चिरंजीवियों में से एक माना गया है और इस शिवलिंग की स्थापना भी उन्होंने ही कराई थी। इसलिए माना जाता है कि वही आज भी यहां पूजा करने आते हैं।

पहाडगढ़ से 12 मील की दूरी पर 86 गुफाओं की श्रृंखला भी देखी जा सकती है। इन गुफाओं को भोपाल की भीमबेटका गुफाओं का समकालीन माना जाता है। सभ्यता के प्रारंभ में लोग इन गुफाओं में आश्रय लेते थे। गुफाओं में पुरुष, महिला, चिड़िया, पशु, शिकार और नृत्य से संबंधित अनेक चित्र देखे जा सकते हैं। यह चित्र बताते हैं कि प्रागैतिहासिक काल में भी मनुष्य की कला चंबल घाटी में जीवंत थी।

डॉ. प्रभात कुमार सिंघल

घर में मंगल कलश रखने के तीन फायदे

> कलश की स्थापना गृहप्रवेश, नवरात्रि पूजन, दीपावली पर लक्ष्मी पूजन, यज्ञ-अनुष्ठान और सभी तरह के मांगलिक कार्यों के शुभारंभ आदि के अवसर की जाती है। आओ जानते हैं इसकी पूजा घर में स्थापना करने के क्या है तीन फायदे।

1. अमृत का घड़ा : यह मंगल-कलश समुद्र मंथन का भी प्रतीक है। सुख और समृद्धि के प्रतीक कलश का शाब्दिक अर्थ है, घड़ा। जल को हिंदू धर्म में पवित्र माना गया है। अत: पूजा घर में इसे रखा जाता है। इससे पूजा सफल होती है। यह कलश उसी तरह निर्मित है जिस तरह की अमृत मंथन के दौरान मदरांचल को मथकर अमृत निकाला था। जैसे जटाओं से युक्त नारियल मदरांचल पर्वत है। कलश विष्णु के समाय और उसमें भरा जल क्षीरसागर के समान है। उस पर बंधा सूत वासुकि नाग है, जिससे मंथन किया गया था। यजमान और पुरोहित सुर और असुरों की तरह हैं या कहें कि मंथनकर्ता हैं। पूजा के समय इसी तरह का मंत्र पढ़ा जाता है।

2. ईशान कोण में जल की स्थापना : वास्तु शास्त्र के अनुसार ईशान कोण में जल की स्थापना करने से घर में सुख, शांति और समृद्धि बनी रहती है। अत: मंगल कलश के रूप में जल की स्थापना करें। घर का ईशान कोण हमेशा खाली रखें और वहां पर मंगल कलश की स्थापना करें।

3. वातावरण बना रहता है शुद्ध और सकारात्मक : ऐसा कहते हैं कि मंगल कलश में तांबे के पात्र में जल भरा रहता है, जिससे विद्युत चुंबकीय ऊर्जा उत्पन्न होती है। नारियल में भी जल भरा रहा है। दोनों के सम्मिलन से ब्रह्मांडीय ऊर्जा के जैसा वातावरण निर्मित होता है, जो वातावरण को दिव्य बनाती है। इसमें जो कच्चा सूत बांधा जाता है वह ऊर्जा को बांधे रखकर वर्तुलाकर वलय बनाता है। इस तरह यह एक प्रकार से सकारात्मक और शांतिदायक ऊर्जा का निर्माण करता है, जो धीरे धीरे संपूर्ण घर में व्याप्त हो जाती है।

कैसे रखा जाता मंगल कलश : ईशान भूमि पर रोली, कुंकुम से अष्टदल कमल की आकृति बनाकर उस पर यह मंगल कलश रखा जाता है। एक कांस्य या ताम्र कलश में जल भरकल उसमें कुछ आम के पत्ते डालकर उसके मुख पर नारियल रखा होता है। कलश पर रोली, स्वास्तिक का चिन्ह बनाकर, उसके गले पर मौली (नाड़ा) बांधी जाती है।

न्याय व्यवस्था की विडंबना

आकार पटेल
(लेखक एवं स्तंभकार)

मुद्दा

भारत का सर्वोच्च न्यायालय स्वत: संज्ञान लेते हुए शाहीन बाग के विरोध प्रदर्शन के दौरान एक नवजात की मृत्यु के मामले की सुनवाई करना चाहता है। न्यायालय इस प्रदर्शन द्वारा यातायात बाधित होने के मामले की भी अलग से सुनवाई कर रहा है। सर्वोच्च न्यायालय ने पुलिस कार्रवाई में 25 प्रदर्शनकारियों की मौत के मामले की सुनवाई नहीं की है। उसने उस मामले को भी नहीं सुना, जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार ने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के खिलाफ प्रदर्शनकारियों की संपत्ति को गैरकानूनी ढंग से जब्त करना शुरू कर दिया। उसने उस मामले में भी हस्तक्षेप नहीं किया, जिसमें बीदर के एक स्कूल में मंचित नाटक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आलोचना की गई थी और इस वजह से पुलिस ने बच्चों से बार-बार पूछताछ की।

सर्वोच्च न्यायालय ने कश्मीरी नेताओं को बगैर किसी आरोप अथवा सुनवाई के बंद किए जाने के मामले पर भी सुनवाई नहीं की। उसने कश्मीरियों को इंटरनेट के इस्तेमाल का अधिकार भी नहीं दिया, हालांकि जनवरी में अदालत ने इस बारे में कई सदाशयी बातें कही भी थीं। अदालत ने सीएए पर रोक भी नहीं लगायी, जबकि जजों को यह बताया गया था कि ऐसा अंदेशा है कि इसने एक गंभीर आंदोलन और अशांति पैदा कर दी है। उसने असम के जेल शिविरों में पड़े उन एक हजार लोगों को भी न्याय नहीं दिया, जिन्हें बगैर अपराध के ही जेल में रखा गया है, जिन्हें परिजनों से अलग कर दिया गया है और जिनके पास इस स्थिति से उबरने का कोई रास्ता भी नहीं है। सर्वोच्च न्यायालय ने तब भी कोई हस्तक्षेप नहीं किया, जब कुछ दिन पहले सरकार ने यह घोषणा की कि इन शिविरों के सभी गैर-मुस्लिमों को छोड़ दिया जाएगा और केवल मुस्लिम ही इन जेलों में बचे रहेंगे।

उस मामले की भी सुनवाई नहीं हुई कि असम की राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) से बाहर रह गए 19 लाख लोगों में मुस्लिमों को अपनी नागरिकता साबित करने का मौका कब दिया जाएगा। असम एनआरसी की प्रक्रिया की गंभीर अनियमितताओं की भी सुनवाई नहीं हुई, जिसमें यह भी शामिल है कि जिन गणकों ने सबसे ज्यादा लोगों को गैरकानूनी करार दिया, उन्हें सरकार की ओर से दो वर्षों का सेवा विस्तार दिया गया। अदालत ने उन लोगों के मामले भी नहीं सुने, जिन्हें कागजात में सिर्फ वर्तनी की गलतियों और तिथियों की भिन्नताओं जैसी वजहों के लिए भी विदेशी करार दिया गया। अदालत ने उस जमीन को ले लिया, जिस पर बाबरी मस्जिद थी और उसे उन लोगों को दे दिया, जिन्होंने मस्जिद ढाह दी थी, लेकिन इसने उन लोगों पर कोई कड़ाई नहीं की, जिन पर मस्जिद तोड़ने के आरोप लगे। एनआरसी और एनपीआर को गैरकानूनी तरीके से एक साथ संबद्ध कर दिया गया है, लेकिन सर्वोच्च न्यायालय ने इसे सुनवाई के लायक भी नहीं माना। मैं ऐसे मामलों की सूची और भी बढ़ा सकता हूं, मगर अभी यहीं रुक जाना चाहूंगा. तथ्य यह है कि सर्वोच्च न्यायालय को भारतीय मुसलमानों के विरुद्ध पक्षपाती एवं पूर्वाग्रही समझा जाता है।

> सर्वोच्च न्यायालय के जजों की तादाद 1950 में आठ थी, जो आज 33 तक पहुंच चुकी है। मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता में तीन जजों की एक पीठ के अतिरिक्त 13-14 खंडपीठें दो जजों की होती हैं, जो रोजाना नियमित रूप से सुनवाई किया करती हैं। किसी भी अन्य सर्वोच्च न्यायालय में दो जजों की ऐसी पीठों के लिए अदालतें नहीं हैं।

यह इसके व्यवहार में भी दृष्टिगोचर होता है। एक ऐसे समय में जब दुनिया अचंभे में है कि भारत अपने ही नागरिकों के साथ क्या कर रहा है, जब लाखों लोग अपने वजूद के लिए सड़कों पर हैं और जब यहां एक सैद्धांतिक एवं खुले तौर पर पूर्वाग्रही सरकार है, यह अदालत के लिए भी खतरनाक है कि वह बहुसंख्यकवाद के रास्ते पर ही चलना जारी रखे। कानून का शासन पर चलने की भारत की वह शोहरत, जिसके अंतर्गत अल्पसंख्यकों का संरक्षण किया जाता है, मोदी सरकार द्वारा तार-तार की जा चुकी है। इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी कि यूरोपीय संसद के बहुमत सदस्यों द्वारा एक ऐसा प्रस्ताव लाया जाएगा, जिसमें भारत के एक कानून की निंदा की जाएगी। मगर जब चंद दिनों बाद ही विदेश मंत्री एस जयशंकर ब्रसेल्स पहुंचेंगे, तो उनका सामना इन्हीं सब चीजों से होगा। इसकी भी कल्पना नहीं की जा सकती थी कि अमेरिकी कांग्रेस के 59 सांसद एक ऐसे प्रस्ताव का समर्थन करेंगे, जो उमर अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती की रिहाई और कश्मीरियों के लिए इंटरनेट की सुविधा बहाल करने की मांग करेगा। मगर यही सब हुआ है.

सर्वोच्च न्यायालय के जजों की तादाद 1950 में आठ थी, जो आज 33 तक पहुंच चुकी है। मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता में तीन जजों की एक पीठ के अतिरिक्त 13-14 खंडपीठें दो जजों की होती हैं, जो रोजाना नियमित रूप से सुनवाई किया करती हैं। किसी भी अन्य सर्वोच्च न्यायालय में दो जजों की ऐसी पीठों के लिए अदालतें नहीं हैं। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में, जिसके आधार पर ही भारत की अदालतों का स्वरूप निर्धारित किया गया है, 12 जजों की सिर्फ एक अदालत है। लेकिन, क्या इतनी अदालतों से कोई न्याय निकल रहा है? इस सवाल का जवाब उन्हीं लोगों की ओर से आना चाहिए, जिनके साथ यह राज्य आज क्रूरतापूर्ण बरताव कर रहा है। क्या भारत के मुसलमान यह सोचते हैं कि उन्हें इस मुल्क से और खासकर यहां की सर्वोच्च न्यायालय से इंसाफ मिल रहा है? उनकी ओर से मैं नहीं बोल सकता, पर यदि मुझे एक अनुमान लगाना ही हो, तो मेरा जवाब एक अत्यंत दृढ़ न में ही होगा।

(यह लेखक का निजी विचार है।)

डुप्लेसिस ने दक्षिण अफ्रीका टीम की कप्तानी छोड़ी

एजेंसी। जोहानिसबर्ग

सीनियर बल्लेबाज फाफ डुप्लेसिस ने सोमवार को दक्षिण अफ्रीका की टेस्ट और टी-20 टीम की कप्तानी तुरंत प्रभाव से छोड़ दी। डुप्लेसिस ने कहा है कि टीम को नई पीढ़ी के नेतृत्वकर्ताओं की जरूरत है। इंग्लैंड के खिलाफ हाल में संपन्न एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में डुप्लेसिस की जगह डिकाक को कप्तान नियुक्त किया गया था। डुप्लेसिस ने कहा कि उन्होंने यह फैसला इसलिए किया, जिससे कि दक्षिण अफ्रीका को नए युग की शुरुआत करने में मदद मिले।

डुप्लेसिस ने बयान में कहा कि अगर सभी चीजें सही होती, तो मैं बाकी सत्र में टेस्ट मैचों और टी-20 विश्वकप में टीम की अगुआई करना पसंद करता। उन्होंने कहा कि लेकिन कभी कभी नेतृत्वकर्ता के लिए सबसे महत्वपूर्ण यह होता है कि वह स्वार्थी नहीं हो। मैं स्वस्थ, फिट, उर्जावान और प्रेरित हूं और निश्चित तौर पर खुद को टीम के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए देखता हूं। डुप्लेसिस को इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला से आराम दिया गया था। इस श्रृंखला को दक्षिण अफ्रीका ने 1-2 से गंवाया। डुप्लेसिस का यह फैसला उस समय आया है जब दक्षिण अफ्रीका को शुक्रवार से यहां आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला और फिर तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला खेलनी है।

काफी महत्वपूर्ण रहा अनुभव

डुप्लेसिस ने कहा कि पिछले कुछ हफ्तों के आराम के कारण खेल से दूर रहने से मुझे इस बारे में सोचने का मौका मिला कि खेल के तीनों प्रारूपों में देश का प्रतिनिधित्व और नेतृत्व करना कितने सम्मान की बात रही। उन्होंने कहा कि यह कभी कभी शानदार, कभी मुश्किल और कभी सुनसान राह रही। लेकिन यह अनुभवी काफी महत्वपूर्ण रहा, जिसने मुझे वह व्यक्ति बनाया जिस पर आज मुझे गर्व है। डुप्लेसिस ने इसे अपने सबसे मुश्किल फैसलों में से एक बताया, लेकिन कहा कि वह बदलाव के इस दौरान में डिकाक की मदद करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। डुप्लेसिस ने एबी डिविलियर्स के हटने के बाद अगस्त 2017 में तीनों प्रारूपों में दक्षिण अफ्रीका की कप्तानी की जिम्मेदारी संभाली थी। उनकी अगुआई में 2019 विश्वकप में टीम का प्रदर्शन काफी खराब रही और टीम ग्रुप चरण से ही बाहर हो गई। डुप्लेसिस को हालांकि उम्मीद है कि उन्हें आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन टी-20 मैचों की श्रृंखला के लिए टीम में जगह मिलेगी। उन्होंने संकेत दिए कि वह खेल के सभी प्रारूपों में चयन के लिए उपलब्ध हैं।

दक्षिण अफ्रीकी टी-20 टीम में डुप्लेसिस और रबादा की वापसी

जोहानिसबर्ग। पूर्व कप्तान फाफ डु प्लेसिस और तेज गेंदबाज कागिसो रबादा ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ शुक्रवार को शुरू हो रही तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला के लिए दक्षिण अफ्रीकी टीम में वापसी की।

सोमवार को कप्तानी छोड़ने की घोषणा करने वाले डु प्लेसिस को क्विंटन डिकाक की अगुआई वाली 16 सदस्यीय टीम में जगह दी गई है। डु प्लेसिस और रबादा दोनों को इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के बाद हुई एकदिवसीय और टी-20 श्रृंखला से आराम दिया गया था। आस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला का पहला मैच 21 फरवरी को जोहानिसबर्ग में होगा।

संक्षिप्त समाचार

कोहली टी-20 रैंकिंग में 10वें स्थान पर खिसके

दुबई। भारतीय कप्तान विराट कोहली आईसीसी की सोमवार को जारी नवीनतम टी-20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में 10वें स्थान पर खिसक गए, लेकिन लोकेश राहुल और रोहित शर्मा क्रमश: दूसरे और 11वें स्थान पर बकरार हैं। कोहली (673 अंक) को एक स्थान का नुकसान उठाना पड़ा है, क्योंकि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला में इंग्लैंड की 2-1 की जीत के दौरान दो अर्धशतक की मदद से 136 रन बनाने वाले कप्तान इयोन मोर्गन कुल 687 अंक के साथ नौवें स्थान पर पहुंच गए हैं। पिंडली की चोट से उबर रहे रोहित बल्लेबाजी रैंकिंग में 662 अंक के साथ 11वें स्थान पर हैं। पाकिस्तान के बाबर आजम इस सूची में शीर्ष पर चल रहे हैं। आजम के 879 अंक हैं। राहुल 823 अंक के साथ दूसरे स्थान पर चल रहे हैं। गेंदबाजी सूची में भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शेल्डन जैकसन के साथ संयुक्त 12वें स्थान पर हैं। दक्षिण अफ्रीका के बाएं हाथ के स्पिनर तबरेज शम्सी नौ स्थान की छलांग के साथ शीर्ष 10 में शामिल हो गए हैं। वह आठवें स्थान पर हैं। इंग्लैंड के स्पिनर आदिल राशिद दक्षिण अफ्रीका के एंडिले फेहलुकवायो को पछाड़कर छठे स्थान पर पहुंच गए हैं।

एशियाई चैंपियनशिप से ओलंपिक तैयारियों का पता चलेगा

नई दिल्ली। ओलंपिक टिकट हासिल करने वाले विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता भारतीय पहलवान रवि कुमार दाहिया ने कहा कि इस सप्ताह शुरू हो रही एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप से वह ओलंपिक की तैयारियों का आकलन करेंगे। एशियाई चैंपियनशिप का आयोजन 18 से 23 फरवरी तक यहां होगा, जिसमें ईरान, कोरिया, जापान और मंगोलिया जैसे देशों के शीर्ष पहलवान भाग लेंगे। दाहिया ने कहा कि शीर्ष खिलाड़ियों के खिलाफ खेलने से उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा। दाहिया ने कहा कि एशियाई चैंपियनशिप की अच्छी बात यह है कि इसका आयोजन दिल्ली में हो रहा है। पिछले साल मैं इस प्रतियोगिता में पदक जीतने में नाकाम रहा था। ऐसे में इस बार मेरा लक्ष्य यहां स्वर्ण पदक जीतकर ओलंपिक की तैयारियों को मजबूत करना होगा। उन्होंने कहा कि इस टूर्नामेंट से मुझे अपनी तैयारियों के बारे में अंदाजा मिलेगा। जाहिर है ओलंपिक में मैं पदक जीतना चाहता हूं और मेरा लक्ष्य स्वर्ण जीतने का होगा। रोम रैंकिंग सीरीज में 61 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण जीतने वाला 23 साल का यह खिलाड़ी एशियाई चैम्पियनशिप में 57 किग्रा फ्रीस्टाइल में चुनौती पेश करेगा।

एशियाई चैंपियनशिप में हिस्सा नहीं लेंगे चीनी पहलवान

नई दिल्ली। चीन के पहलवान मंगलवार से यहां शुरू हो रही एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में हिस्सा नहीं लेंगे क्योंकि उनके देश में नोवेल कोरोना वायरस संक्रमण के फैलने के कारण भारत सरकार ने उन्हें वीजा जारी नहीं किए हैं। राष्ट्रीय महासंघ के एक शीर्ष अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के सहायक सचिव विनोद तोमर ने कहा कि सरकार ने चीन के 40 सदस्यीय दल को वीजा देने से इनकार कर दिया है। तोमर ने कहा कि हमें पता चला है कि सरकार ने चीन के दल को वीजा जारी नहीं किया है और इसलिए वे चैंपियनशिप में हिस्सा नहीं ले रहे। उन्होंने कहा कि दुनिया कोरोना वायरस के प्रकोप से जूझ रही है और इसलिए अब खिलाड़ियों का स्वास्थ्य मुख्य चिंता है। यह समझा जा सकता है कि सरकार ने उन्हें क्योंकि वीजा जारी नहीं किया। भारत सरकार ने इस संक्रमण के फैलने के कारण चीन के नागरिकों के लिए ई-वीजा भी रद्द कर दिए थे। इस संक्रमण से अब तक 1500 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है।

भारतीय ग्रैंडमास्टर विदित की प्राग शतरंज टूर्नामेंट में बढ़त जारी

प्राग। भारतीय ग्रैंडमास्टर विदित गुजराती ने पांचवें दौर में दुनिया के शीर्ष जूनियर खिलाड़ी अलीरेजा फिरौजा को हारकर प्राग शतरंज महोत्सव के मास्टर्स वर्ग की तालिका में एक अंक के अंतर से एकल बढ़त कायम रखी। 25 साल के इस खिलाड़ी ने सफेद मोहरों से खेलते हुए ईरान के फिरौजा को 24 चालों में शिकस्त दी, जिससे उनके चार अंक हो गए। इसमें खेल रहे 10 खिलाड़ियों में एक अन्य भारतीय पी हरिकृष्णा ने पांचवें दौर में रूस के निकिता वितियुगोव से 59 चालों के बाद ड्रा खेला। इस ड्रा के बाद उनके दो अंक हो गए। छठे दौर में गुजराती का सामना वितियुगोव से होगा, जबकि हरिकृष्णा डेविड एंटोन से भिड़ेंगे।

कोनेरू हम्पी बनीं केन्र्स कप चैंपियन

सेंट लुइस (अमेरिका)। विश्व रैपिड चैंपियन कोनेरू हम्पी ने एक अन्य भारतीय खिलाड़ी द्रोणावल्ली हरिका को केन्र्स कप शतरंज के नौवें और आखिरी दौर में ड्रा पर रोक कर पिछले दो महीने में अपना दूसरा खिताब हासिल किया। पिछले साल दिसंबर में विश्व रैपिड चैंपियन बनी हम्पी इस टूर्नामेंट में छह अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर रही। इस कामयाबी में उन्हें पांच ईएलओ रेटिंग अंक मिलेंगे, जिससे वह विश्व रैंकिंग में दूसरे पायदान पर पहुंच जाएंगी। भारतीय ग्रैंडमास्टर हम्पी ने कहा कि मैं इतना चुनौतीपूर्ण टूर्नामेंट जीतकर बहुत खुश हूं। इससे मुझे यह भी एहसास होता है कि विश्व रैपिड खिताब जीतना मेरे लिए कोई तुक्का नहीं था। बत्तीस साल की इस भारतीय खिलाड़ी को चैंपियन बनने के लिए आखिरी दौर में सिर्फ ड्रा की जरूरत थी। उन्हें रविवार रात को खेले गए मुकाबले में हरिका के खिलाफ ऐसा करने में कोई परेशानी नहीं हुई। इस जीत से हम्पी को पुरस्कार राशि के तौर पर 45,000 डालर मिले। विश्व चैंपियन वेंजुन जू 5.5 अंक के साथ दूसरे पायदान पर रही। हरिका 4.5 अंक के साथ संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर रही।

टीम के पास टी-20 विश्वकप जीतने का दमखम : हरमनप्रीत

मिताली राज और झूलन गोस्वामी की कमी खलेगी

एजेंसी। सिडनी

मिताली राज और झूलन गोस्वामी जैसे दिग्गज खिलाड़ियों के हटने से खाली हुई जगह को भरना आसान नहीं, लेकिन भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने सोमवार को कहा कि उनकी युवा टीम इससे आगे बढ़ गई है और इस सप्ताह शुरू हो रहे आईसीसी महिला टी-20 विश्वकप में वे मजबूत दावेदार होंगे। मिताली ने पिछले साल टी-20 प्रारूप से संन्यास की घोषणा की थी, जबकि झूलन ने 2018 सत्र के बाद इस प्रारूप में नहीं खेला है। आस्ट्रेलिया में खेले जाने वाले टी-20 विश्वकप के लिए गई भारतीय टीम की औसत उम्र 22.8 साल है।

हरमनप्रीत ने यहां तारोंगा चिड़ियाघर में कप्तानों के लिए रखे गए मीडिया कार्यक्रम में कहा कि हमें उनके अनुभव की कमी खलती है, लेकिन इन युवा खिलाड़ियों ने अपना कौशल और क्षमता दिखाई है। आईसीसी महिला टी-20 विश्वकप का आगाज भारत और गत चैंपियन एवं मेजबान ऑस्ट्रेलिया के बीच 21 फरवरी को एडिलेड में होने वाले मैच के साथ होगा। भारतीय कप्तान ने कहा कि दो साल पहले मैं टीम में सबसे युवा खिलाड़ियों में से एक थी, लेकिन अब सबसे अनुभवी खिलाड़ी हूं। उन्होंने कहा कि मेरी टीम के खिलाड़ी कभी यह जाहिर नहीं होने देते कि वे युवा है। वे वैसा प्रदर्शन कर रहे जैसा हमें उम्मीद है। टीम लय में है और हम यह दिखाने की कोशिश कर रहे हैं कि थोड़ी जिम्मेदारी से क्या कर सकते हैं। एकदिवसीय विश्व कप खिताब जीतने से मामूली अंतर से चूकने वाली भारतीय महिला टीम की कप्तान ने कहा कि वह टी-20 विश्वकप को जीत कर एकदिवसीय विश्वकप की कमी को पूरा करना चाहती है। भारतीय महिला टीम 2017 में एकदिवसीय विश्वकप खिताब के काफी करीब पहुंच कर फाइनल में मेजबान इंग्लैंड से नौ रन से हार गई थी।

रोजाना मजबूत हो रही है हमारी टीम

हरमनप्रीत ने कहा कि भारतीय टीम पिछले तीन वर्षों के अनुभव का पूरा इस्तेमाल करने की कोशिश करेगी। उन्होंने कहा कि हमारी टीम दिन-प्रतिदिन मजबूत हो रही है, हर कोई सकारात्मक है। भारतीय कप्तान ने कहा कि अगर हम जीतते हैं, तो यह बड़ी उपलब्धि होगी, 2017 में हमें जो प्रतिक्रिया मिली उससे मैं आश्चर्यचकित थी। मेरे अभिभावकों ने इस बारे में मुझे नहीं बताया था, क्योंकि वे नहीं चाहते थे कि हम पर किसी तरह का दबाव आए। हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि अगर हम विश्वकप जीतते हैं, तो इसमें कोई शक नहीं कि चीजें बदलेंगी। इस टूर्नामेंट से खिलाड़ियों का आत्मविश्वास काफी बढ़ेगा। हरमनप्रीत ने कहा कि अगर हमें महिला आईपीएल मिलता है, तो हमारे लिए यह काफी अच्छा होगा। हम विश्वकप जीतते हैं, तो टीम के तौर पर यह बहुत बड़ी बात होगी, इसलिए हम अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करेंगे।

वॉ ने दिन-रात्रि टेस्ट खेलने के लिए तैयार होने पर भारत को सराहा

अमनप्रीत सिंह। बर्लिन

आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान स्टीव वॉ ने मौजूदा दौर के दिग्गज क्रिकेटरों से दिन-रात्रि टेस्ट को अपनाने की मांग करते हुए आस्ट्रेलिया दौरे पर गुलाबी गेंद से टेस्ट खेलने की चुनौती को स्वीकार करने के लिए भारतीय टीम की तारीफ की। भारत ने पिछले साल नवंबर में बांग्लादेश के खिलाफ कोलकाता में अपना पहला दिन-रात्रि टेस्ट खेला था। टीम ने इस मैच में काफी समय बाकी रहते हुए आसान जीत दर्ज की थी। बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली ने रविवार को इस बात की पुष्टि की कि भारतीय टीम आस्ट्रेलिया दौरे पर दिन-रात्रि टेस्ट खेलेगी।

वॉ ने कहा कि आस्ट्रेलिया में दिन-रात्रि टेस्ट खेलने का अनुभव यादगार होगा। उन्होंने कहा कि यह शानदार मौका होगा, आस्ट्रेलिया में दिन-रात्रि टेस्ट खेलने का अनुभव हमेशा यादगार रहेगा। इसमें यहां शानदार माहौल रहता है। यह नई तरह की चुनौती है और मैं चहूंगा की मौजूदा दौर के बड़े खिलाड़ी इसे स्वीकार करें। लारेस अकादमी के सदस्य वॉ ने कहा कि दिन-रात्रि का टेस्ट इस खेल के लिए अच्छा है। उन्होंने कहा कि अगर आप दिन-रात्रि क्रिकेट में शतक लगाते हैं या पांच विकेट लेते हैं, तो यह इतिहास का हिस्सा होगा। यह इस पर निर्भर करता है कि आप इस चुनौती को कैसे स्वीकार करते हैं। मैं इस बात को लेकर आश्वस्त हूं कि भारतीय टीम इसे चुनौती के तौर पर देखेगी। यह विश्व क्रिकेट के लिए अच्छा है और खुश हूं कि भारत ने इसके लिए हामी भरी। भारतीय तेज गेंदबाजों ने पिछले कुछ समय में शानदार गेंदबाजी की है, जिससे टीम ने विदेशों में अच्छा प्रदर्शन किया। वॉ से जब भारतीय तेज आक्रमण के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि अपनी घरेलू परिस्थितियों में दोनों टीमें सबसे मजबूत है। वॉ ने कहा, भारत में जब क्रिकेट खेला जाता है, तो उनकी गेंदबाजी दुनिया में सबसे सर्वश्रेष्ठ रहती है, लेकिन आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज आस्ट्रेलिया में खतरनाक है। भारतीय टीम जब आस्ट्रेलिया के दौरे पर आएगी तब घरेलू टीम का पलड़ा थोड़ा भारी रहेगा। लेकिन दोनों टीमों को पता है कि उनके पास 20 विकेट चटकाने की क्षमता है।

भारत के न्यूजीलैंड दौरे के अंत तक नए चयनकर्ता चुन लिए जाएंगे

नई दिल्ली। बीसीसीआई की क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) के सदस्य मदनलाल ने कहा कि अगले महीने की शुरुआत में भारत के न्यूजीलैंड दौरे के अंत तक दो नए चयनकर्ता चुन लिए जाएंगे। भारत के पूर्व क्रिकेट रुद्र प्रताप सिंह और सुलक्षणा नाईक सीएसी के अन्य सदस्य हैं। इस समिति को सीनियर चयन समिति के अध्यक्ष एमएसके प्रसाद और उनके साथी सदस्य गगन खोड़ा के विकल्प ढूंढने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रसाद और खोड़ा का कार्यकाल खत्म हो गया है।

मदनलाल ने कहा कि हमें 44 आवेदकों की सूची मिली है और न्यूजीलैंड दौरे के अंत तक दो चयनकर्ताओं की नियुक्ति हो जानी चाहिए। भारत के न्यूजीलैंड दौरे का अंतिम चरण शुक्रवार से दो टेस्ट की श्रृंखला के साथ शुरू होगा। यह दौरा पांच मार्च को खत्म होगा। राष्ट्रीय चयन समिति में देवांग गांधी, जतिन परांजपे और सरनदीप सिंह भी शामिल हैं। इन सभी का एक-एक साल का कार्यकाल और बचा है। मदनलाल ने कहा कि इन आवेदकों में से कितनों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा इस पर अभी फैसला नहीं किया गया है। आवेदकों में पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज अजित अगरकर और वेंकटेश प्रसाद भी शामिल हैं। मदनलाल ने कहा कि इस सूची में बड़े नाम शामिल हैं, लेकिन यही सब कुछ नहीं है। हमें काम के लिए सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति को चुनना है और हमारा ध्यान इसी पर है।

'भारत के खिलाफ मुकाबले से ओलंपिक की अच्छी तैयारी होगी'

भुवनेश्वर। आस्ट्रेलियाई हॉकी टीम के कप्तान अरान जालेवस्की ने कहा कि एफआईएच प्रो लीग में भारत जैसे मजबूत प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ आगामी मुकाबलों से उनकी टीम को टोक्यो ओलंपिक की तैयारी करने में मदद मिलेगी।

आस्ट्रेलिया ने दूसरे एफआईएच प्रो लीग में विश्व चैंपियन बेल्जियम से हारकर अपने अभियान की निराशाजनक शुरुआत की। विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज इस टीम ने हालांकि ग्रेट ब्रिटेन पर जीत के साथ वापसी की। टीम का सामना अब शुक्रवार और शनिवार को यहां भारत के खिलाफ होगा। रविवार रात को यहां पहुंचने के बाद तीन बार विश्व चैंपियन रही टीम के कप्तान ने माना कि विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज भारतीय टीम को घरेलू मैदान में हराना चुनौतीपूर्ण होगा।

मनप्रीत ने एफआईएच पुरस्कार को दिवंगत पिता को किया समर्पित

एजेंसी। नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) का साल (2019) के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीतने वाले भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान मनप्रीत सिंह ने इसे अपने दिवंगत पिता के नाम करते हुए कहा कि इस खिताब से उनकी जिम्मेदारी काफी बढ़ गई है। मनप्रीत गुरुवार को इस पुरस्कार को जीतने वाले पहले भारतीय बने, जिससे उनके लिए 2019 सत्र यादगार रहा जहां उनकी अगुआई में टीम ने ओलंपिक में भी जगह बनाई। मिडफील्डर मनप्रीत इस तरह 1999 में पुरस्कार शुरू होने के बाद इसे जीतने वाले पहले भारतीय बने।

इस पुरस्कार की दौड़ में 27 साल के भारतीय खिलाड़ी ने बेल्जियम के आर्थर वान डोरेन और अर्जेंटीना के लुकास विला को पछाड़ा जो क्रमश: दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। राष्ट्रीय संघों, मीडिया, प्रशंसकों और खिलाड़ियों के संयुक्त मतों में मनप्रीत को 35.2 प्रतिशत मत मिले। मनप्रीत ने कहा कि मैं अपने परिवार और दोस्तों का शुक्रिया करना चाहूंगा, जिन्होंने हमेशा मेरा समर्थन किया। वे मुझे पूरे कॅरियर में प्रेरित करते रहे हैं। जाहिर है मैं अपने पिता को नहीं भूल सकता, अगर वह आज जिंदा होते तो मुझ पर गर्व कर रहे होते। यह पुरस्कार उनके उस समर्थन और सामर्थ के लिए है, जो उन्होंने हमेशा मुझे दिया। मनप्रीत ने कहा कि इस पुरस्कार के मिलने से आगामी एफआईएच हॉकी प्रो लीग मैचों और तोक्यो ओलंपिक से पहले उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि मेरे लिए एफआईएच साल का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी 2019 का पुरस्कार जीतना फख्र की बात है। इसने एफआईएच के आगामी मुकाबलों और 2020 टोक्यो ओलंपिक के लिए मेरा आत्मविश्वास बढ़ा दिया है।

भारतीय कप्तान ने कहा कि पुरस्कार जीतने वाला पहला भारतीय बनने की अनुभूति शानदार है, लेकिन इससे मेरी जिम्मेदारी और बढ़ गई है। मुझे टीम को अच्छा करने में लगातार मदद करनी होगी। मनप्रीत के आलवा मिडफील्डर विवेक सागर प्रसाद को 2019 का साल का उभरता हुआ पुरुष हॉकी खिलाड़ी चुना गया, जबकि लालरेमसियामी को उभरती हुई महिला खिलाड़ी चुना गया।

भारतीय क्रिकेटरों को अनुभव साझा करने में कोई परेशानी नहीं : सोढ़ी

कुशान सरकार। वेलिंगटन

न्यूजीलैंड के स्पिनर ईश सोढ़ी की नजरों में भारतीय क्रिकेटरों के लिए काफी सम्मान है, क्योंकि जब कोई मदद मांगता है, तो ये खिलाड़ी अपना अनुभव साझा करने में झिझकते नहीं है। लुधियाना में जन्में 27 साल के इस कलाई के स्पिनर ने कहा कि वह रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जड़ेजा और युजवेंद्र चहल को अपना दोस्त मानते है। सोढ़ी ने एक साक्षात्कार में कहा कि इन खिलाड़ियों के प्रति आपका सम्मान तब और बढ़ जाता है जब आप उनसे कोई सलाह मांगते है। वे मदद करने में पीछे नहीं हटते और अपने अनुभवों को साझा करने में उन्हें कोई परेशानी नहीं होती।

उन्होंने कहा कि चहल शानदार व्यक्ति हैं। वह पूरी तरह से अलग गेंदबाज हैं, वह बड़ा दिल वाला हैं। इन खिलाड़ियों के साथ समय बिताना और उनके अनुभवों को सुनना बहुत अच्छा है। सोढ़ी ने कहा वह अश्विन की गेंदबाजी में विविधता और जडेजा के काम करने के तरीके से प्रभावित है। न्यूजीलैंड के 17 टेस्ट, 32 एकदिवसीय और 45 टी-20 खेलने वाले इस खिलाड़ी ने कहा कि मैं किसी दिन जड़ेजा से उनके अभ्यास के तरीके के बारे में पूछ रहा था। अश्विन से कैरम बाल और आफ स्पिनर होने के बाद भी इतने प्रभावी तरीके से गुगली करने के बारे में पूछ रहा था। सोढ़ी सिर्फ भारतीय स्पिनरों से ही बात नहीं करते, बल्कि वह ऋषभ पंत जैसे बड़े शाट खेलने वाले खिलाड़ियों से यह समझने की कोशिश करते है कि ऐसे बल्लेबाज किस मानसिकता के साथ स्पिनरों का सामना करते है।

सोढ़ी ने कहा कि ऋषभ स्पिनरों के खिलाफ सबसे आक्रामक बल्लेबाजों में से एक है। मैं उनसे पूछूंगा कि किस लेंथ की गेंद पर प्रहार करना सबसे मुश्किल होता है। स्पिनरों के खिलाफ आक्रमण करने के मामले में मैंने उसके इतना पहुंच किसी और बल्लेबाज का नहीं देखा है। भारतीय कप्तान विराट कोहली कई बार लेग स्पिनर की गेंद पर आउट हुए है फिर भी सोढ़ी को इस खिलाड़ी में कोई कमजोरी नहीं दिखती। उन्होंने कहा कि यह सच है कि लेग स्पिनरों ने उन्हें कई बार आउट किया है, लेकिन उन्होंने ऐसे गेंदबाजों के खिलाफ काफी रन भी बनाए है। विराट ऐसे बल्लेबाज हैं, जिन पर आपको लगातार आक्रमण करने की जरूरत है वरना वह आपको दबाव में डाल देंगे। आपको उनके खिलाफ योजनाओं के साथ आना होता है और उनके खिलाफ गेंदबाजी करते हुए वास्तव में आपको साहसी होना चाहिए।

सोढ़ी महज 27 साल के है, लेकिन वह आईपीएल की टीम राजस्थान रायल्स के साथ स्पिन सलाहकार की नई भूमिका में दिखेंगे। उन्होंने कहा कि यह चुनौतीपूर्ण भूमिका है और मैं इसका इंतजार कर रहा हूं। मेरी मुख्य भूमिका स्पिन सलाहकार की होगी, जहां स्पिनरों के लिए योजना बनाना होगा। मैं उन्हें उन कुछ विदेशी खिलाड़ियों के बारे में सलाह देने की कोशिश करूंगा, जिनका उन्होंने पहले कभी सामना नहीं किया है। सोढ़ी को हालांकि भारत के खिलाफ 21 फरवरी से शुरू हो रहे पहले टेस्ट मैच के लिए चुनी गई 13 सदस्यीय टीम में जगह नहीं मिली है, लेकिन उन्होंने वेलिंगटन के बेसिन रिजर्व में खेले जाने वाले इस मुकाबले के लिए स्पिनरों को विकेट के सामने गेंदबाजी करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि स्पिनरों को विकेट के सामने गेंदबाजी करनी होगी। न्यूजीलैंड में जो गेंदबाज गेंद को बल्लेबाजों से दूर की तरफ स्पिन कराते है उनके लिए भी पगबाधा का मौका होता है। आपको भारतीय बल्लेबाजों के खिलाफ चतुराई से क्षेत्ररक्षण के लिए खिलाड़ियों को तैनात करना होगा।

सैनी ने कहा, भारतीय टीम का हिस्सा होना जीवन बदलने वाला लम्हा

वेलिंगटन। तेज गेंदबाज नवदीप सैनी ने कहा कि भारत का प्रतिनिधित्व करना उनके लिए जीवन बदलने वाला लम्हा था और न्यूजीलैंड के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला के लिए पहली बार टेस्ट टीम में जगह मिलने के बाद वह शीर्ष स्तर पर खेलने के सपने को जारी रखना चाहेंगे। अब तक सीमित ओवरों के अंतरराष्ट्रीय मैचों में 18 विकेट चटकाने वाले सैनी ने बीसीसीआई टीवी पर डाले गए वीडियो में सीनियर तेज गेंदबाज शमी से कहा, मैं जिस भी स्तर पर पहुंच पाया हूं, उससे मैं खुश हूं। इस स्तर पर पहुंचना सभी का सपना होता है। यह मेरा भी सपना था, जो अब पूरा हो गया है। मैं इसे आगे बढ़ाना चाहता हूं। जब मुझे भारतीय टीम में चुना गया, तो यह मेरे लिए सपना साकार होने की तरह था। मैंने स्थानीय स्तर पर खेलना शुरू किया और फिर रणजी तक पहुंचा। वहां से मैं भारतीय टीम का हिस्सा बना, यह मेरे लिए जीवन बदलने वाला लम्हा रहा। पिछले साल विंडीज के खिलाफ टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में पदार्पण करने वाले सैनी से जब यह पूछा गया कि वह उभरते हुए खिलाड़ियों की मदद कैसे कर रहे हैं, जो उन्होंने कहा कि मैं अकादमी में सभी उभरते हुए खिलाड़ियों की मदद करता हूं।

सकारात्मकता और जुनून से टीम को टी-20 विश्व चैंपियन बना सकता हूं : शार्दुल

एजेंसी। मुंबई

न्यूजीलैंड में काफी रन लुटाने वाले तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर ने सोमवार को आत्मविश्वास जताते हुए कहा कि वह अपनी गल्तियों से सीखेंगे और जुनून के साथ भारत को टी-20 विश्वकप का चैंपियन बनाने के जिए मेहनत करेंगे। शार्दुल न्यूजीलैंड के खिलाफ हाल में खत्म हुई एकदिवसीय श्रृंखला में काफी महंगे साबित हुए और खराब गेंदबाजी के लिए उनकी काफी आलोचना भी हुई। उनका ध्यान अब आस्ट्रेलिया में होने वाले टी-20 विश्वकप पर है।

उन्होंने यहां कहा, जाहिर है मेरा ध्यान विश्वकप पर है। मैं जिस सकारात्मकता से मुकाबले में जाता हूं और जो मेरा आत्मविश्वास एवं जुनून है उससे मैं टीम को विश्व चैंपियन बनाने में या अच्छे प्रदर्शन में मदद कर सकता हूं। अंतरराष्ट्रीय टी-20 में 15 मैचों में 21 विकेट लेने वाले शार्दुल की कोशिश मार्च के आखिरी में शुरू हो रहे आईपीएल से लय हासिल करने पर है। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से, आईपीएल महत्वपूर्ण है और आईपीएल से हमें जो लय मिलेगी वह महत्वपूर्ण होगी। श्रीलंका के खिलाफ टी-20 श्रृंखला है और हम आईपीएल के बाद जिम्बाब्वे जा रहे हैं। टी-20 विश्वकप से पहले हम एशिया कप में भी खेलेंगे। चेन्नई सुपर किंग्स के इस खिलाड़ी ने कहा कि इसलिए आईपीएल से हमें जो लय मिलेगी वह महत्वपूर्ण होगी और उसे आगे जारी रखना होगा।

कोरोना वायरस : बीजिंग में नहीं होगा जेम्स बांड की अगली फिल्म का प्रीमियर

लास एंजिलिस (भाषा)। कोरोना वायरस के खतरे को देखते हुए जेम्स बांड शृंखला की आगामी फिल्म नो टाइम टू डाई का बीजिंग में होने वाला प्रीमियर और चीन के अन्य शहरों में प्रदर्शन रोक दिया गया है। डेडलाइन वेब पत्रिका के अनुसार मुख्य अदाकार डेनियल क्रेग और फिल्म से जुड़े अन्य लोग अप्रैल में चीन में होने वाली स्क्रीनिंग और उसके बाद पब्लिसिटी टूर में हिस्सा नहीं लेंगे। विश्व के दूसरे सबसे बड़े बॉक्स ऑफिस बाजार चीन में कोरोना वायरस के खतरे को देखते हुए अनिश्चितकाल के लिए सिनेमाघर बंद हैं जिसके कारण मनोरंजन उद्योग को भारी नुकसान हुआ है। सिनेमा व्यवसाय के सामान्य होने की स्थिति अभी साफ नहीं है। क्रेग जेम्स बांड शृंखला की इस फिल्म में पांचवीं और अंतिम बार ब्रिटिश जासूस की भूमिका में नजर आएंगे। नो टाइम टू डाई का निर्देशन कैरी जोजी फूकुंगा ने किया है। ब्रिटेन में यह फिल्म आठ अप्रैल को और उत्तरी अमेरिका में 10 अप्रैल को रिलीज होगी।

'सिंगल्स के क्षेत्र में आज हैं असीम संभावनाएं'

संगीतकार और गायक **नकाश अजीज** ने पायनियर संवाददाता **शालिनी सक्सेना** के साथ एक विशेष बातचीत में अपने नवीनतम सिंगल, अब तक की अपनी यात्रा और भावी परियोजनाओं सहित अन्य विषयों पर अपने विचार रखे। प्रस्तुत है प्रमुख अंश-

n 'सुपरस्टार' वाले गाने के बारे में कुछ बताइए...

मिथुन के पिता नरेश शर्मा ने मुझसे इस गाने को लेकर संपर्क किया। मैं उनके साथ काम करने को उत्सुक था। वो लक्ष्मीकांत प्यारे लाल की जोड़ी के साथ बॉलिवुड में काम कर चुके थे। बॉलिवुड में भी लोग उनके काम की प्रशंसा करते हैं। संगीत को लेकर वो अत्यंत संवेदनशील हैं। मैंने उनके पास जाकर ये गाना रिकॉर्ड करवाया। ये गाना उन्होंने आनंद बी शेषाद्रि के साथ मिलकर लिखा था। मुझे ये अवसर मिला तो मैंने इसे तुरंत लपक लिया। अच्छी बात ये थी कि मुझे अपने ढंग से काम करने दिया गया। और मुझे इस गाने को गाने में विषेष आनंद आया।

n अधिकांश पार्श्वगायक अब स्वतंत्र गाने गाना क्यों पसंद करते हैं?

भारत में सिंगल का कल्चर नहीं था। यहां तो एलबम बना करते थे। संगीत से जुड़ी कंपनियां किसी एक कलाकार में अधिक निवेष करने से हिचकती हैं। अपवाद स्वरूप सोनी बादशाह और टी सीरीज़ गुरू रंधावा से जुड़ी है। वैसे देखा जाए तो सिंगल्स से गायक अपनी अभिव्यक्ति कर सकता है और साथ ही कुछ नए प्रयोग भी कर सकता है। वैसे जब कोई गायक फिल्म में गाता है तो वो गाना कहानी के साथ चलने वाला होता है। वैसे मैं तो कुछ गानों को छोड़ दूं तो किसी न किसी मूवी को प्रमोट करने के लिए ही गाता हूं। सिंगल्स गाने के क्षेत्र में असीम संभावनाएं हैं। आप गाने को 10000 या 50 लाख जैसा चाहें बजट से बना सकते हैं।

n वैसे अतीत में गायक फिल्मों में ही गाते थे। तो क्या अब बॉलिवुड गायकों को रोकता है जो वे दूसरे माध्यमों की ओर देख रहे हैं?

वास्तव में यदि आप देखें तो वर्तमान में काम काफी ज्यादा हो गया है। केवल नेटफ्लिक्स के लिए ही 10 नई फिल्में बनाई जा रही हैं। इसी प्रकार से अन्य प्लेटफॉर्म्स भी हैं। इसके बाद बॉलिवुड का नंबर आता है। फिर टीवी शोज़ भी हैं, इसके साथ ही यूट्यूब है। आजकल प्रत्येक व्यक्ति को अवसर मिल रहे हैं। मुझे नहीं लगता कि हमे किसी प्रकार से रोका जा रहा है। मुझे बॉलिवुड की फिल्में भी मिल रही हैं। यदि मैं आज कोई गाना गाता हूं तो वो अनेक प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध हो जाता है। लोग बॉलिवुड की नजर में आने के लिए भी अन्य माध्यमों पर काम करते हैं। बॉलिवुड के लोग भी अन्य माध्यमों पर काम कर रहे हैं क्योंकि वहां उनके प्रषंसक पहले से उपस्थित रहते हैं।

n जब आपने सेल्फी वाला गाना गाया तो आपको पता था कि ये इतना सफल होगा?

मैं ऐसे गानों को शताब्दी गाना मानता हूं जो सौ साल तक सुने जा सकते हैं। उदाहरण के लिए एक दो तीन वाला गाना। पार्टीज़ में ये गाया जाता है। आज जो बच्चे 12-13 साल के हैं कल वे 39-40 के होंगे और तब उनके लिए प्रीतम दा और विषाल शेखर के साथ मेरे द्वारा गाए गाने एक-दो-तीन जैसे लगेंगे।

n ऐसे गाने किसी कारण से लोकप्रिय हो जाते हैं?

मैं आपको बता सकता हूं कि जब मैंने सेल्फी वाला गाना गाया था तो ये बहुत उत्साह से गाया गया था। इसे हमनें मिलकर बहुत परिश्रम और मस्तिष्क का प्रयोग करते हुए ही बनाया था। आपको ऐसे कलाकार मिल जाएंगे जो इसे गंभीर संगीत में नहीं शामिल करेंगे। लेकिन मेरा मानना है कि आप संगीत को कभी गंभीर नहीं बता सकते। मुझे ये गाना गाने में अत्यंत आनंद आया। ये किसी बड़े बजट की फिल्म के लिए था। मुझे इसे गाने में काफी मजा आया। मैं जब भी गाता हूं तो अपना शतप्रतिशत देने का प्रयास करता हूं।

n क्या आप मानते हैं कि लोग अब केवल लाउड गाने ही पसंद करते हैं?

आज लोगों को रोमांटिक गाने प्रिय हैं। आज मजनुओं की संख्या बढ़ गई है। जब वे किसी पार्टी में होते हैं तो उन्हें मेरे गाने अच्छे लगते हैं।

n इस साल आपकी अन्य योजनाएं क्या हैं?

मैं एक लघु फिल्म बनाकर महोत्सवों में भेजना चाहता हूं। इसके कलाकारों के लिए वर्कषॉप्स चल रही हैं। मुझे एक अच्छा निर्देषक भी मिल गया है। मुझे फिल्म बनाना पसंद है और मैं ऐसे लोगों को प्रमोट करना पसंद करता हूं जो बहाव के विरुद्ध कुछ अलग कहना या दिखाना चाहते हैं। जहां तक संगीत की बात है तो फिल्मों में संगीत की आवश्यकता होती है कुछ सिंगल्स भी गाने की योजना है। मेरा मित्र सरगम और मैं एक प्रोडक्षन हाउस 'मोठ म्यूज़िक रिकॉर्ड्स' चलाते हैं। हम ऐसे कलाकारों का सहयोग चाह रहे हैं जो अद्भुत चीजें करते हों।

लव स्टोरी का एक अलग फ्लेवर ?

फिल्म- लव आज कल
कलाकार- कार्तिक आर्यन, सारा अली खान और रणदीप हुड्डा
रेटिंग- 5/10

जब आप किसी फिल्म को देखने जाते हैं तो हम चाहते हैं कि वो जटिल न हो। लड़का लड़की से मिलता है, उनमें प्यार हो जाता है, कुछ रुकावटें आती हैं लेकिन अंत भला तो सब भला। हो सकता है कि विगत वर्षों के दौरान यष चोपड़ा की फिल्मों के साथ ही बॉबी, लव इन षिमला और तीसरी मंज़िल जैसी फिल्मों ने हमारे मस्तिष्क को खराब कर दिया हो और अब हमारे दिमाग में लव स्टोरी की वो कल्पना बस गई है जो आजकल के लव से काफी अलग है।

यहां हम निर्देषक इम्तियाज़ अली से सहमत हैं कि आजकल के संबंध इतने अधिक जटिल हो चले हैं क्योंकि हम इन्हें काफी गंभीरता से लेने लगे हैं। लेकिन कुछ भी कहें रील और रियल में अंतर तो होता ही है। वैलेंटाइन डे पर रिलीज़ होने वाली फिल्म होने के बावजूद ये लव शब्द को संबोधित नहीं करती। क्या ये जटिल है उदाहरण के लिए दो लोग साथ रहना चाहते हैं लेकिन वे साथ नहीं होते। एक मां अपना जीवन अपनी बेटी के जीवन के माध्यम से जीना चाहती है। एक लड़का एक उलझी लड़की के साथ उलझा हुआ संबंध चाह सकता है? ऐसी ही तमाम विसंगतियों से भी है ये फिल्म।

इस तथाकथित आधुनिक प्यार के बीच एक और लव स्टोरी है लेकिन दुखांत होने के बावजूद ये कहानी फिर भी अच्छी लगती है। लेकिन ये प्रासंगिक तो है। रणदीप हुड्डा और आरुषि के चरित्र राज और लीना के प्यार की कहानी पृष्ठभूमि में है लेकिन फिर भी उसमें थोड़ा बहुत प्यार तो दिखता है।

दुनिया में लाखों लोग सुखी वैवाहिक जीवन नहीं जी पाते क्योंकि उनके विकल्प और निर्णय गलत साबित होते हैं। उन्हें तब अहसास होता है कि उनका बहुमूल्य समय निकल चुका होता है।

अब आते हैं आधुनिक पीढ़ी के ज़ेन ज़ेड के प्यार पर। लुकाचुप्पी और सोनू की टीटू की स्वीटी जैसी फिल्म जिसमें आर्यन ने अच्छी भूमिका की थी। लेकिन लव आज कल में उनका रोल उनके लिए अनुकूल नहीं दिखता। अब वो सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं तो इसका ये अर्थ तो नहीं है कि वो लड़कियों के पीछे भागें और असहज दिखाई देते रहें। सारा अली खान ने 2018 में केदारनाथ से फिल्मों में पदार्पण किया था लेकिन उन्होंने ज़ो का अपना चरित्र अच्छे ढंग से निभाया है। लेकिन उनके अच्छे काम का कुछ श्रेय निर्देषक इम्तियाज़ अली को भी जाना चाहिये। वो ऐसी लड़की बनी हैं जो अपने कॅरियर को ही सबकुछ समझती हैं। विरोधाभासी भावनाओं से जूझती लड़की का चरित्र निभाने में वो काफी हद तक सफल रही हैं।

यदि आप पारंपरिक लव स्टोरी देखना चाहते हैं तो आपको लव आज कल से निराषा ही हाथ लगने वाली है। लेकिन लव स्टोरी तो लव स्टोरी ही होती है जिसमें किसी को कुछ मिलता है और किसी को कुछ खोना पड़ता है।

क्वीन ऑफ काटवे फिल्म की बाल कलाकार वलिग्वा का निधन

भाषा। लॉस एंजिलिस

फिल्म क्वीन ऑफ काटवे की बाल कलाकार निकिता पर्ल वलिग्वा का 15 साल की उम्र में निधन हो गया। डेडलाइन वेब पत्रिका ने युगांडा मीडिया के हवाले से कहा कि वलिग्वा को ब्रेन ट्यूमर था। युगांडा की प्रतिभाशाली शतरंज खिलाड़ी फिओना मुटेसी के जीवन पर आधारित 2016 में आई फिल्म क्वीन ऑफ काटवे का निर्देशन भारतीय-अमेरिकी निर्देशक मीरा नायर ने किया था।

नायर ने सोमवार को बाल कलाकार वलिग्वा की मौत पर दुख प्रकट किया। उन्होंने ट्विटर पर लिखा, अलविदा प्रिय निकिता। इतनी जल्दी, इतनी कम उम्र में तुम्हारे जाने से दिल टूट गया। तुमने इतना संघर्ष किया लेकिन इस रोग का उपचार संभव नहीं था। तुम्हारी ज्योति क्वीन ऑफ काटवे के जरिए जलती रहेगी। वलिग्वा के ब्रेन ट्यूमर का पता 2016 में चला था और भारत में उसका उपचार किया गया था। एक साल बाद उसकी हालत में सुधार हुआ, लेकिन 2019 में रोग फिर से उभर गया था।

कबीर सिंह वाला चरित्र निभाना चाहते हैं वरुण धवन



वरुण धवन की पिछली फिल्म स्ट्रीट डांसर 3डी को दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिला। डायरेक्टर रेमो डिसूजा की इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी ठीक-ठाक कमाई की। अब वरुण के पास इस साल भी कई इंट्रेस्टिंग प्रॉजेक्ट्स हैं। हाल ही में वह 65वें ऐमजॉन फिल्म मफेयर अवॉर्ड्स 2020 में नजर आए जहां उन्होंने अपकमिंग प्रॉजेक्ट्स पर बात की। वरुण ने न सिर्फ इवेंट को होस्ट किया बल्कि मां तुझे सलाम ऐक्ट पर पावर पैक्ड परफॉर्मेंस से दर्शकों का दिल जीत लिया। बेस्ट ऐक्टर के अवॉर्ड पर वरुण ने कहा कि वह गली बॉय के लिए रणवीर सिंह और कबीर सिंह के लिए शाहिद कपूर के बारे में सोच रहे थे। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह भी कबीर सिंह जैसा कैरक्टर प्ले करना चाहेंगे तो वरुण ने कहा कि यह अलग कैरक्टर है और मौका मिला तो क्यों नहीं करेंगे। यह स्क्रिप्ट और डायरेक्टर पर निर्भर करता है। भविष्य की योजनाओं पर बात करते हुए वरुण ने कहाकि कुली नं 1 आ रही है। इसके बाद एक फिल्म शशांक खेतान के साथ है। फिर एक फिल्म श्रीराम राघवन के साथ कर रहा हूं। राघवन की फिल्म के बारे में ज्यादा बोल नहीं सकता क्योंकि वह सब्जेक्ट को लेकर काफी सीक्रेट रहते हैं। मैं उनके साथ काम करने को लेकर बेहद रोमांचित हूं। बता दें इससे पहले वरुण ने राघवन के साथ फिल्म बदलापुर में काम किया था। इस क्राइम ड्रामा में राधिका आप्टे, हुमा कुरैशी और नवाजुद्दीन सिद्दीकी जैसे ऐक्टर्स भी अहम किरदारों में थे। फिल्म में वरुण की ऐक्टिंग की काफी तारीफ हुई थी और यह उनके करियर में टर्निंग पॉइंट साबित हुई थी। बदलापुर में वरुण बिल्कुल अलग अवतार में दिखे थे। वहीं दूसरी ओर सारा और वरुण कुली नं 1 के लिए गोवा में एक रोमांटिक नंबर शूट क रहे हैं। बताया जा रहा है कि गोवा के बीच और चर्च की लोकेशन्स गाने के लिए पर्फेक्ट हैं। यह फिल्म 1 मई 2020 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

करीना ने बॉलीवुड में 20 साल के अपने कॅरियर को एक संपन्न सफर कहा

भाषा। मुंबई

फिल्मों में करीब 20 साल पूरे कर चुकी अदाकारा करीना कपूर खान ने कहा है कि बॉलीवुड में उनके लंबे करियर का श्रेय उनके प्रशंसकों को जाता है और वह पूरी जिंदगी काम करना चाहती हैं क्योंकि अभिनेत्रियों का करियर सीमित माना जाता है।

जेपी दत्ता की 2000 में आई फिल्म रिफ्यूजी से बॉलीवुड में अपनी फिल्मी पारी का आगाज करने वाली करीना (39) ने कहा कि अब भी उनका करियर शानदार चल रहा है और उन्हें ऐसी फिल्मों में काम करने का मौका मिल रहा ,जिसे वह हमेशा से करना चाहती थी। करीना ने पीटीआई-भाषा से कहा, यह (सफर) काफी सम्पन्न रहा और मैं काफी खुश हूं कि मैं अब वह कर सकती हूं जो मैं करना चाहती हूं। मैं यकीनन पूरी जिंदगी काम करना चाहती हूं क्योंकि यह मुश्किल है। दरअसल, लोगों का कहना है कि अभिनेत्रियों का करियर सीमित होता है। उन्होंने कहा, दो दशक बाद शादीशुदा और एक बच्चे की मां होने के बावजूद जो प्यार और समर्थन मुझे प्रशंसकों से मिलता है, वह कमाल का है। यह मेरे लंबे करियर का कारण है। मेरे प्रशंसकों ने हमेशा मेरा समर्थन किया है और इसी वजह से आज मैं इस मुकाम पर हूं। करीना ने अपने 20 साल के करियर में चमेली , अशोका , ओमकारा , जब वी मेट जैसी फिल्मों में यादगार भूमिकाएं निभाई हैं। करीना ने अपने पति सैफ अली खान की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा उनका साथ दिया है। उन्होंने कहा, उन्होंने (सैफ) मुझसे कभी नहीं पूछा कि मैं कौन सी फिल्म कर रही हूं लेकिन उन्होंने हमेशा मेरा साथ दिया है। हम उनके काम के बारे में काफी बात करते हैं लेकिन वह कभी मुझसे नहीं पूछते कि मैं कौन सी फिल्म कर रही हूं। वह मुझसे बस यह पूछते हैं कि मैं घर कब आउंगी क्योंकि उन्हें मेरे साथ समय बिताना होता है लेकिन इसके अलावा कोई औपचारिकताएं नहीं है। करीना इन दिनों आमिर खान के साथ फिल्म लाल सिंह चड्ढा की शूटिंग में व्यस्त हैं। यह टॉम हैंक्स की फॉरेस्ट गंप का हिंदी रिमीक है। करीना और आमिर इससे पहले फिल्म 3 इडियट्स और तलाश में एक साथ काम कर चुके हैं। करीना ने कहा, मैं उम्मीद करती हूं कि मुझे हमेशा आमिर के साथ काम करने का मौका मिलेगा। मेरी नजरों में वह एक दिग्गज (अभिनेता) हैं। मैं उनका बहुत सम्मान करती हूं। फिल्म लाल सिंह चड्ढा के बाद वह करण जौहर की फिल्म तख्त में नजर आएंगी। इससे पहले उन्होंने करण के साथ 2001 में आई फिल्म कभी खुशी कभी गम में काम किया था। उन्होंने कहा, मैं काफी उत्साहित हूं क्योंकि मैं कई वर्षों बाद करण के साथ काम करने जा रही हूं।